रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹78,280 10 ग्राम
₹1,03,000 01 किलो
सेंसेक्स 79,486.32 -55.47
डॉलर 84.395 +0.095

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

कार्तिक शुक्ल पक्ष 09, संवत 2081 | रांची, रविवार, 10 नवंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 275, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 कप्तान सूर्यकुमार और कोच के...



# प्रधानमंत्री का रोड शो आज, तैयारियां पूरी, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे जवान

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रांची में रविवार को होने वाले रोड शो को लेकर पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। रोड शो को लेकर सड़क को जगह-जगह बैरिकेडिंग की गयी है। प्रधानमंत्री के कारकेड का रिहर्सल भी शनिवार को किया गया। इस दौरान सभी वरीय अधिकारी मौजूद थे। एसपीजी की टीम ने भी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर तीन हजार से अधिक जवान तैनात किए गए हैं। रोड शो के दौरान चप्पे-चप्पे पर जवानों की तैनाती रहेगी। साथ ही सभी ऊंचे भवनों पर पुलिस के हथियार बंद दस्ता तैनात रहेंगे।

पुलिस मुख्यालय की ओर से गुमला, बोकारो और रांची के सीनियर आईपीएस अधिकारियों को सुरक्षा का प्रभार दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी का 10 नवंबर को रांची, बोकारो और गुमला में कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर तीनों जिलों की पुलिस अलर्ट मोड है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर 19 आईपीएस , 25 डीएसपी, 111 इंस्पेक्टर, 714 एसआई और एएसआई, 3000 जवान, 2 बीडीडीएस टीम, 2 हिट टीम, 4 कंपनी रैप को प्रतिनियुक्त किया गया है। साथ ही स्नाइफर डॉग स्क्वैड की टीम भी मुस्तैद है।

**19** आईपीएस, 25 डीएसपी, 111 इंस्पेक्टर, 714 एसआई-एएसआई, 3000 जवान तैनात

**प्रधानमंत्री मोदी** के कारकेड का रिहर्सल किया गया, एसपीजी की टीम ने भी लिया जायजा

## राजग के सूरमाओं ने इंडी गठबंधन पर बोला तीखा हमला


झारखंड को धर्मशाला बना दिया। घुसपैठिए यहां आ रहे हैं। उन्हें राशन कार्ड, आधार कार्ड दे रहे और वोटर लिस्ट में शामिल किया जा रहा है।



हेमंत ने राज्य को घुसपैठ का तोहफा दिया है। डबल इंजन सरकार में बांग्लादेशियों के बच्चों को आदिवासी का दर्जा मिलना बंद हो जाएगा।



1951 की जनगणना के अनुसार झारखंड में आदिवासियों की संख्या 51 फीसदी थी। वर्तमान में वह घटकर 28 प्रतिशत कैसे हो गई। हेमंत सरकार बताए।





कांग्रेस ने लोहरदगा के जनादेश का अपमान किया है। सांसद और उनके क्षेत्र के अधिकारी जनता और उनकी समस्याओं को महत्व ही नहीं देते हैं।



हेमंत सोरेन सरकार ने रोजगार के मुद्दे पर युवाओं को, आरक्षण के मुद्दे पर महिलाओं को और ऋण के मुद्दे पर किसानों को ठगा है। यह अक्षम्य है।



वोट बैंक के लिए राज्य में घुसपैठ कराई जा रही है। भाजपा की सरकार बना दें, घुसपैठ तो दूर की बात है सरहद के पार से परिंदा भी पर नहीं मार सकेंगे।



प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में रोड शो के रास्ते को रंगोली से सजातीं भाजपा की मिहला कार्यकर्ता।

## पीएम नरेंद्र मोदी 12 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे

प्रधानमंत्री रविवार को दिन के 12 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वह एयरपोर्ट से ही बोकारो के लिए रवाना हो जायेंगे। प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर दिन के 12.45 बजे बोकारो हेलीपैड पर उतरेगा। वहां चंदनकियारी विधानसभा में वह दोपहर 1.45 बजे तक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद 1.55 बजे प्रधानमंत्री बोकारो से गुमला के लिए रवाना हो जायेंगे। मोदी का हेलीकॉप्टर 3.05 बजे गुमला में लैंड करेगा। प्रधानमंत्री वहां भी चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद शाम 4.15 में रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लौट आयेंगे। इसके बाद वह रांची में रोड शो करेंगे। पिस्का मोड़ स्थित ओटीसी मैदान से प्रधानमंत्री का रोड शो 4.55 बजे शुरू होगा। रोड शो लगभग 2.5 किमी रातू रोड चौराहा तक होगा। लगभग डेढ़ घंटे रांची में रुकने के बाद 6.35 बजे प्रधानमंत्री का विशेष विमान रांची से प्रस्थान कर जायेगा।

### गुमला : डीजी रेल मुरारी लाल मीणा सुरक्षा प्रभारी

डीजी रेल मुरारी लाल मीणा गुमला में सुरक्षा के वरीय प्रभार में रहेंगे। साथ ही रांची के डीआईजी अनूप बिरथरे भी गुमला में ही कैंप करेंगे। इनके साथ आईपीएस एमेल्डा एक्का, अंजनी अंजन, नाथू सिंह मीणा और प्रवीण पुष्कर रहेंगे।

### रांची : एडीजी अभियान संजय लाठकर सुरक्षा प्रभारी

एडीजी अभियान संजय लाठकर रांची में प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा के वरीय प्रभार में रहेंगे। एडीजी के अलावा रांची में आईजी अखिलेश झा, आईजी पंकज कंबोज, आईजी विजया लक्ष्मी, डीआईजी एस कार्तिक और डीआईजी संध्या रानी मेहता भी रहेंगे।

### बोकारो : एडीजी प्रिया दुबे सुरक्षा प्रभारी


बोकारो में एडीजी प्रिया दुबे सुरक्षा के वरीय प्रभार में रहेंगी। उनके अलावा बोकारो में आईजी एस माइकल राज और डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा भी सुरक्षा में तैनात रहेंगे। वहीं, बोकारो में आईपीएस एम अर्शी, मुकेश कुमार, मनीष टोप्पो और कपिल चौधरी भी रहेंगे।

## सीएम के निजी सचिव सुनील श्रीवास्तव के 15 ठिकानों पर आईटी रेड

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निजी सचिव सुनील श्रीवास्तव और उनसे संबंधित लोगों के कई ठिकानों पर शनिवार सुबह इनकम टैक्स की टीमों ने छापेमारी शुरू की है। सूत्रों के मुताबिक, चुनाव में अवैध कैश फ्लो और हवाला के जरिए राशि इधर से उधर किए जाने की सूचना पर यह कार्रवाई की जा रही है। इनकम टैक्स की टीमों ने भारी सुरक्षा के बीच रांची में सीएम के निजी सचिव सुनील श्रीवास्तव और उनकी पत्नी के अशोकनगर स्थित आवास के अलावा परिवार के सदस्यों और जमशेदपुर में व्यापारिक और औद्योगिक प्रतिष्ठानों पर एक साथ सुबह से सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। कुल मिलाकर, करीब 15 ठिकानों पर जांच शुरू हुई है। सुनील श्रीवास्तव लंबे समय से सीएम हेमंत सोरेन के निजी सचिव हैं।

शेष पेज 11 पर

## भ्रष्टाचारियों को लटकाकर सीधा करेगी भाजपा सरकार



▸ कांग्रेसी सांसद के घर से 350 करोड़ तो मंत्री के घर से 30 करोड़

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग/पलामू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड की हेमंत सरकार पर जमकर निशान साधते हुए कहा कि राज्य में जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी की सरकार पूरे देश में सबसे ज्यादा भ्रष्ट सरकार है। कांग्रेस के एक सांसद के घर से 350 करोड़ पकड़ा गया। उसको गिनने के लिए 27 मशीनें लाई गई। सारी मशीनें थक गई। आलमगीर आलम के घर से 30 करोड़ पकड़ा गया लेकिन मुख्यमंत्री कुछ नहीं करते। कांग्रेस पार्टी कुछ नहीं करती। इसलिए इस भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकना है। शाह ने शनिवार को हजारीबाग के अमृत नगर के स्कूल मैदान में फिर पलामू जिले के छतरपुर मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज मैं पूछने आया हूं ये पैसा किसका है। ये पैसा झारखंड के युवाओं का है। आप भाजपा की सरकार बना दो तब देखना, जिन्होंने भी भ्रष्टाचार किया है उसको उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम भाजपा करेगी।

शेष पेज 11 पर

## सरकार बनते ही 2 साल में रिक्त पदों को भरा जाएगा

नवीन मेल डेस्क

**पोटका/मांडर।** पोटका और मांडर झामुमो और कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि जनादेश मिलने के बाद इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही 2 साल के अंदर राज्य सरकार के सभी रिक्त पदों को भरा जाएगा। इसके साथ ही सभी विभागों के मानव बल की मैपिंग भी होगी, फिर जरूरत के अनुसार नए पदों का सृजन भी किया। पोटका में झामुमो उम्मीदवार संजीव सरदार के समर्थन में सीएम हेमंत सोरेन ने शनिवार को बीजेपी पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा जितना परेशान करेगी, उतना ही हम तेजी से झारखंड के हक-अधिकारों की आवाज उठाएंगे। हम अपना अधिकार लेकर रहेंगे। सीएम ने कहा कि भाजपा ने हमेशा आदिवासियों का तिरस्कार किया, भाजपा के हर सौतेले व्यवहार का जनता हिसाब लेकर रहेगी। भाजपा ने भूमिज समाज के साथ धोखा किया है अब सबका हिसाब होगा।



शेष पेज 11 पर



## भाजपा ने पिछड़ों का आरक्षण घटाया

**रांची।** इंडी गठबंधन की सबसे सक्रिय स्टार प्रचारक गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने शनिवार को बड़कागांव में कांग्रेस की प्रत्याशी अम्बा प्रसाद के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर जमकर निशाना साधा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बुलडोजर पर सवार होकर वो क्या बताना चाहते हैं।

शेष पेज 11 पर

## प्रधानमंत्री गरीबों के नहीं वह अंबानी-अडाणी के : राहुल गांधी

**पूर्वी सिंहभूम/धनबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में लड़ाई विचारधारा की है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन तो दूसरी तरफ भाजपा और आरएसएस। एक तरफ मोहब्बत, एकता, भाईचारा, इज्जत दूसरी तरफ नफरत, हिंसा और अहंकार। हम कहते हैं कि संविधान को बचाना है। राहुल गांधी ने शनिवार को धनबाद के बाघमारा में कहा कि एक बार मैंने देखा कि नरेन्द्र मोदी तार के पीछे खड़े कुछ गरीब बच्चों से झिझक कर मिल रहे थे। हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री किसानों, गरीबों, दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के पास नहीं जाते हैं। वो कभी किसी गरीब के यहां शादी में नहीं गए लेकिन अंबानी की शादी में चले गए। इससे साफ पता चलता है कि वो आपके नहीं है, वो उनके (अंबानी) हैं। राहुल गांधी ने कहा कि आज देश मे करीब 50 प्रतिशत ओबीसी,



शेष पेज 11 पर

## इंडिया : जब ईमानदार और साहसी अधिकारियों ने युवाओं को आतंकवादी बनने से रोका



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

हमारे जीवन में अनेक चुनौतियां ऐसी होती हैं जिससे हार मानकर हम राह भटक जाते हैं पर यदि समाज के जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग या अभिभावक उन परिस्थितियों को समझ जाएं और धारा के विपरीत जाकर सही और साहसिक निर्णय लें तो अनेक युवा आतंकवादी या अपराधी बनने के बजाय योग्य नागरिक बन सकते हैं । झारखंड के पहले चर्चित डीजीपी शिवाजी महान कैरे ने अपने जीवन का ऐसा ही अनुभव बताया था जब वे आतंकवाद से जूझ रहे पंजाब में आईजी अभियान हुआ करते थे । उनके डीजीपी स्व केपीएस गिल थे जिन्हें आतंकवाद मिटाने का श्रेय जाता है । पंजाब में आतंकवाद के दौर में लोग इतने डरे हुए रहते थे कि घर के बाहर तक निकलने से डरते थे। जब आतंकवाद से लड़ने के लिए गिल की पंजाब में तैनाती हुई तो उन्होंने आतंकवादियों को मुंह तोड़ जवाब दिया। साथ ही लोगों में उत्साह भरते हुए उन्हें घरों से बाहर निकाला। वास्तव में गिल असल जिंदगी के हीरो थे। गिल गांव-गांव शहर-शहर सभ्याचार प्रोग्राम कराते थे। उन कार्यक्रमों के माध्यम से उन्होंने लोगों का उत्साह बढ़ाया और हर शहर के एसपी और अन्य स्टाफ के साथ मिलकर काम किया। यही कारण है कि देखते ही देखते पुलिस ने आतंकवादियों के घुटने तोड़ दिए। पंजाब ने पिछली सदी के अंत में सबसे खूनी विद्रोह देखा था। 1990 के दशक के मध्य में जब खालिस्तान आंदोलन भारत के सबसे हिंसक विद्रोहों में से एक था, ने डेढ़ दशक की अवधि में 21,532 लोगों की जान ले ली। मृतकों में 8,090 अलगाववादी, 11,696 नागरिक और 1,746 सुरक्षाकर्मी (केवल पंजाब पुलिस के 1,415) शामिल थे।उसी दौरान लगभग 50 खूंखार और कट्टर आतंकवादियों को गोली मारने का आदेश देकर डीजीपी गिल हेलिकॉप्टर से रवाना हो गए । उल्लेखनीय है कि केपीएस गिल पर मानवाधिकार के उल्लंघन के अनेक मामले चले थे पर उन्हें सोने का दिल वाला,दृढ़ निश्चयी और ईमानदार अधिकारी रॉ के पूर्व प्रमुख एएस दुलत बताया था । तत्कालीन आईजी अभियान शिवाजी महान कैरे भी बहुत ही ईमानदार और कड़क अधिकारी के साथ ही मानवतावादी और सरल व्यक्ति थे, उन्होने इस आदेश का उल्लंघन कर उन्हें गोली मारने के बजाय सभी से अपने माता पिता या अभिभावक के नाम एक-एक चिट्ठी लिखने को कहा कि यदि उनकी हत्या हो जाती है तो इसके लिए पुलिस को दोषी माना जाए और वे सारे पत्र लेकर सभी के मां-बाप को बुलवाया । तब यह बेहद दुस्साहसिक और खतरनाक कदम था जिससे उनकी नौकरी और जान दोनों जा सकती थी । पर इसका बहुत ही बड़ा असर हुआ और सभी युवाओं ने अपने माता-पिता की कसं खाई कि वे हिंसा छोडकर मुख्यधारा में लौटेंगे। झारखंड में भी उग्रवाद समाप्त करने



में कुछ ईमानदार अधिकारियों की भूमिका रही है जिनमें लोहरदगा के एसपी नवीन कुमार सिंह भी थे जो हर फोन खुद उठाते थे और खुद का परिचय फोन ड्यूटी श्रीमान कह कर देते थे जिससे उन्हें कमाल की जानकारी मिलती थी जबकि कुछ दिनों पूर्व वहां के एसपी अजय कुमार सिंह की हत्या उग्रवादियों ने कर दी थी । हाल ही में जम्मू कश्मीर विधानसभा में नेशनल कांफ्रेंस के विधायक कैसर जमशेद लोन ने अपनी कहानी सुनाई कि कैसे सिस्टम में उनका विश्वास बहाल हुआ जब वह आतंकवादी बनना चाहते थे। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में उपराज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान बोलते हुए लोन ने कहा कि किशोराव्यस्था में एक सैन्य अधिकारी द्वारा प्रताड़ित और अपमानित होने के बाद वो आतंकवादी बनना चाहते थे।लोलाब से एनसी विधायक ने कहा कि उस घटना के बाद एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा सेना अधिकारी को फटकारने से सिस्टम में उनका विश्वास बहाल हुआ। उन्होंने कहा कि इस घटना ने दिखाया कि बातचीत से कैसे मुद्दों का समाधान निकाला जा सकता है। अपनी कहानी साझा करते हुए विधायक ने कहा कि जब मैं छोटा था तो मेरे क्षेत्र में एक दमनकारी कार्रवाई हुई थी। मैं 10वीं कक्षा का छात्र था। लोन ने सदन में अपने भाषण के दौरान कहा कि मेरा साथ ही 32 युवाओं को पूछताछ के लिए पकड़ा गया था। लोन ने बताया कि एक सेना अधिकारी ने एक ऐसे युवक के बारे में पूछा था जो आतंकवादियों में शामिल हो गया था। उन्होंने जवाब दिया कि वह उस युवक को जानते हैं क्योंकि वह उनके क्षेत्र में रहता है।मुझे इसके लिए पीटा गया। फिर उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या आतंकवादी कार्रवाई में मौजूद था। मैंने नकारात्मक जवाब दिया और मुझे फिर से पीटा गया। उन्होंने बताया कि बाद में एक वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर आए और उनसे बात की। उन्होंने मुझसे पूछा तुम जीवन में क्या बनना चाहते हो? मैंने उनसे कहा कि मैं एक उग्रवादी बनना चाहता हूं। उन्होंने मुझसे इसका कारण पूछा और मैंने उन्हें अपने साथ हुई यातना के बारे में बताया। लोन ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी ने अपने कनिष्ठ को सार्वजनिक रूप से फटकार लगाई जिससे उनका व्यवस्था में विश्वास बहाल हुआ। उन्होंने कहा कि बाद में उन्हें पता चला कि जिन 32 युवकों से पूछताछ की गई थी उनमें से 27 युवक उग्रवादी बन गए।

## सियासत : क्या झारखंड में निर्दलीय विधायकों का दौर फिर लौटेगा?

राणा अरुण सिंह

झारखंड गठन के बाद राज्य की राजनीति में लंबे समय तक निर्दलीय विधायकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। ये विधायक अपनी स्वतंत्र विचारधारा और अलग पहचान के कारण न केवल विधानसभा में विशेष स्थान रखते थे, बल्कि सत्ता की कुर्सी के समीकरणों को भी प्रभावित करने में सक्षम थे।मधु कोड़ा निर्दलीय होकर मुख्यमंत्री तक बने । हालांकि, राज्य की अस्थिर राजनीतिक स्थिति और विकास की धीमी गति को लेकर जनता का आक्रोश बढ़ता गया, जिसके परिणामस्वरूप 2014 के विधानसभा चुनाव में जनता ने इन निर्दलीय उम्मीदवारों को पूरी तरह नकार दिया जिससे यह संदेश स्पष्ट हो गया कि झारखंड की जनता अब स्थिरता और जिम्मेदार शासन चाहती है। अब, 2024 के विधानसभा चुनावों से पहले नेताओं में पाला बदलने की जो होड़ दिखी है, उससे संकेत है कि शायद निर्दलीय उम्मीदवारों का दौर फिर से लौट सकता है। झारखंड की राजनीतिक पृष्ठभूमि को देखें, तो 1951 से 2019 के बीच 16 विधानसभा चुनावों में कुल 90 निर्दलीय विधायकों ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में जीत हासिल की है। इनमें से संथाल परगना का जरमुंडी क्षेत्र सबसे अलग रहा है। यहा से अब तक 6 बार निर्दलीय विधायक चुने जा चुके हैं, जिससे इस क्षेत्र की अनूठी राजनीतिक पहचान बन गई है।

जरमुंडी के अलावा ईचागढ़ और सिंदरी जैसे क्षेत्रों से भी कई निर्दलीय उम्मीदवारों ने चार बार जीत दर्ज की है, जबकि कोलेबिरा, गोमिया, चंदनकियारी, सरायकेला, बहरागोड़ा, चाईबासा, मझगांव, मनोहरपुर और जगन्नाथपुर जैसी सीटों से तीन-तीन बार निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे हैं।

शेष पेज 11 पर







प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रांची में रविवार की शाम को ओटीसी मैदान से रातू रोड चौक तक रोड शो है। इसे लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने शनिवार की शाम को रातू रोड में सुरक्षा रिहर्सल किया।

# आजसू लड़ रही है अस्तित्व की लड़ाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी 2024 के विधानसभा चुनाव में अपने अस्तित्व की लडाई लड़ रही है। कई सीटों में जयराम महतो की पार्टी इसे सीधे टक्टर दे रही है। दूसरी ओर, सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में आजसू को सबसे ज्यादा खतरा जयराम महतो की पार्टी झारखंड क्रांतिकारी लोकतांत्रिक मोर्चा (जेकेएलएम) के उम्मीदवार से है। डुमरी में जयराम महतो खुद उम्मीदवार हैं, तो सिल्ली में देवेंद्र नाथ महतो उम्मीदवार हैं। दोनों ही लोकसभा चुनाम लड़ चुके हैं। हालांकि, दोनों हार गए, लेकिन जयराम को डुमरी से सबसे अधिक वोट मिला था। वहीं, देवेंद्र नाथ महतो को भी सिल्ली से सबसे अधिक वोट मिले थे। गोमिया विधानसभा क्षेत्र में जेएमएम आजसू पर भारी दिख रहा है। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भी आजसू और कांग्रेस का मुकाबला टक्कर का है।

आजसू पार्टी जिन मुद्दे पर आंदोल करते रही है, उनमें से कई मुद्दे इस चुनाव से गायब हैं। आजसू पार्टी रघुवर सरकार में सहयोगी के भूमिका में थी और बाहर से 1985 की स्थानीय नीति के मुद्दा पर विरोध कर रही थी। इस दोहरे काम पर काफी प्रश्न भी उठे थे। रघुवर सरकार में आजसू के कोटे से एक मंत्री भी था। आजसू के मुखिया और कार्यकर्ता गांव-गांव जा कर प्रचार करते थे कि 1932 का खतियान और मैट्रिक का सर्टिफिकेट एक नहीं हो सकता। रघुवर की नीति के विरोध में जन-जन को जागरूक कर रहे थे। 2016 में रघुवर सरकार में सीएनटी एक्ट में संशोधन का प्रस्ताव लाया गया। मामले को लेकर विपक्ष ने खूब हंगामा किया। सड़क से सदन तक विपक्ष का हंगामा हुआ।

### पीएम के रोड शो को लेकर तैयारी मुकम्मल

# लाखों लोग करेंगे प्रधानमंत्री का स्वागत


### साफ-सफाई पूरी, ऊंची इमारतों पर तैनात किए जा रहे सुरक्षाकर्मी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की राजधानी रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को रोड शो करेंगे। पीएम मोदी का लगभग 3 किलोमीटर लंबा रोड शो ओटीसी ग्राउंड से शुरू होकर पिस्का मोड़, मेट्रो गली, दुर्गा मंदिर होते हुए रातू रोड चौक पर खत्म होगा। प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए नगर निगम का सफाई अभियान पूरा हो गया है। रोड शो के मार्ग की नालियों की सफाई, कूड़े-कचरे का निपटारा हो गया है। पीएम के आगमन को लेकर ऊंची इमारतों पर सुरक्षाकर्मी तैनात किए जा रहे हैं। साथ ही, सड़क के दोनों ओर दो लेयर की बैरिकेडिंग भी की गई है, ताकि कोई व्यक्ति रोड शो के बीच में न आ सके। प्रशासनिक तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं। पुलिस मुख्यालय और रांची प्रशासन की ओर से सुरक्षा के मद्देनजर तीन आईजी, तीन डीआइजी और बड़ी संख्या में आईपीएस अधिकारी तैनात होंगे।

### लोगों को दिक्कत नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा

राजधानी में प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी के रविवार को होने वाले रोड शो से पहले शनिवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लोगों के साथ ओटीसी ग्रांउड से रातू रोड चौक तक पदयात्रा की। पदयात्रा के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय नवीन मेल से बात करते हुए कहा कि मोदी जी के आगमन को लेकर रंगोली बनाई जा रही है। लाखों लोग पीएम मोदी का स्वागत करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान किसी भी नागरिक को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा। प्रशासन भी इस पर काम कर रही है।



## बदली रहेगी रांची की यातायात व्यवस्था

राजधानी में प्रधानमंत्री के आगमन और रोड शो को लेकर सभी संबंधित क्षेत्रों में बैरिकेडिंग कर दी गई है। वहीं, रोड शो के लिए ओटीसी ग्राउंड से रातू रोड चौक तक आमजनों की आवाजाही को लेकर प्रशासन ने विशेष यातायात व्यवस्था जारी की है। इसमें आमजनों के लिए रविवार को दिन में 02:00 बजे से रात के 08:00 बजे तक रांची के शहरी इलाकों में छोटे/बड़े मालवाहक वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। यातायात पुलिस की ओर से कहा गया है कि शाम 04:30 बजे से 07:00 बजे तक एयरपोर्ट, हिनू, एचईसी गेट, अरगोड़ा, कटहल मोड़, सहजानंद चौक, न्यू मार्केट चौक, पंडरा बाजार चौक, पिस्का मोड़ और न्यू मार्केट के रास्तों का कम से कम उपयोग किया जाए। शहर में प्रवेश करने और शहर से बाहर जाने के लिए रिंग रोड का उपयोग कर सकते हैं, जैसे- कांके रिंग रोड, बोड़ेया रिंग रोड, बूटी मोड़ रिंग रोड, रामपुर रिंग रोड का प्रयोग प्रवेश के लिए किया जा सकता है। शहर से बाहर जाने के लिए कांके रिंग रोड, बोड़ेया रिंग रोड, बूटी मोड़ रोड, रामपुर रिंग रोड, वाया मेन रोड, रांची कांटाटोली से बूटी मोड़ रोड, नामकुम रोड, पुराना हाईकोर्ट से घाघरा रोड का प्रयोग कर सकते हैं। शाम 04:30 बजे के बाद एयरपोर्ट जाने वाले सभी वाहन पुराना हाई कोर्ट से घाघरा रोड होते हुए हेथु बस्ती से सीधे एयरपोर्ट जा सकेंगे। वहीं, आवश्यकता के अनुसार अन्य रास्तों को भी डाइवर्ट किया जा सकता है या रोका जा सकता है।

### रोड शो से एक दिन पहले हुआ सुरक्षा ट्रायल

राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन और रोड शो को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं, प्रशासनिक तैयारियों का अहम हिस्सा सुरक्षा ट्रायल शनिवार (9 नवंबर) की शाम को किया गया। प्रशासन के आला अधिकारियों ने जवानों की तैनाती कर रातू रोड की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# पीएम मोदी के रोड शो से पूर्व संजय सेठ ने की पदयात्रा

### बोले रक्षा राज्य मंत्री, रातू रोड में पीएम का होगा ऐतिहासिक स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार (10 नवंबर) को रातू रोड में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो करेंगे। इसी को लेकर शनिवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ओटीसी मैदान से रातू रोड न्यू मार्केट चौक तक पदयात्रा कर लोगों से प्रधानमंत्री के स्वागत में आने की अपील की।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का विशेष स्नेह झारखंड को हमेशा से मिलता रहा है। अभी विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रधानमंत्री रविवार को रांची में भव्य रोड शो करेंगे। शाम 4:00 बजे से यह रोड शो ओटीसी ग्राउंड से शुरू होगा और पिस्का मोड़, मेट्रो गली, दुर्गा मंदिर होते हुए न्यू मार्केट, रातू रोड चौक पर समाप्त होगा। प्रधानमंत्री के स्वागत में रांची के आसपास के क्षेत्र से 20 हजार से अधिक बाइक सवार रांची आएंगे।



रांची से बाहर से आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था हेहल, पंडरा और आईटीआई के समीप की गई है। इसके अतिरिक्त पारंपरिक छऊ नृत्य के माध्यम से कलाकार प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। 501 ब्राह्मण शंख घड़ियाल बजाकर प्रधानमंत्री के विजय संकल्प को अपना आशीर्वाद देंगे। वहीं, अलग-अलग स्थान पर, विभिन्न मंचों के माध्यम से प्रधानमंत्री का पारंपरिक स्वागत किया जाएगा। सिख समाज भी पीएम के अभूतपूर्व स्वागत को तैयार है। पूरे रातू रोड के विभिन्न स्थानों पर ढोल-ताशा परंपरागत यंत्र वादन सहित भजन सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम उनके स्वागत में किए जाएंगे। पूरे रातू रोड के लोगों में उत्साह है। सभी लोग कल अपने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में लाखों की संख्या में उपस्थित रहेंगे। पूर्व में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत रांची की जनता ने ऐतिहासिक रूप से किया है। एक बार फिर रांची की जनता और भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के स्वागत को लेकर उत्सुक और उत्साहित हैं।

सेठ ने कहा कि रातू रोड के नागरिक स्वतः अपने घरों को सजा रहे हैं। महिलाओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर रंगोली बनाई जा रही है। कई स्थानों पर प्रधानमंत्री पर पुष्प वर्षा की व्यवस्था हो रही है। रक्षा राज्य मंत्री ने रांची सहित रातू रोड के नागरिकों से यह आह्वान किया है कि प्रधानमंत्री के स्मृति में यह रोड शो और उनका अभिनंदन ऐतिहासिक हो, इसके लिए हम सभी कार्य करें। भाजपा की महिला कार्यकर्ता भी रातू रोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर विभिन्न जगहों पर रंगोली बनाई हैं। रंगोली बनाने वालों में अंकिता वर्मा, ममता देवी, वर्षा कुमारी, संगीता मुंडा आदि शामिल हैं।

आज के इस कार्यक्रम में पडरा मंडल के अध्यक्ष सुबेश पांडे सुखदेव नगर मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे सहित सत्यनारायण सिंह ललित ओझा संजय जायसवाल, हरेंद्र सिंह, हरविंदर सिंह बेदी, सुरेश सिंह, ललन सिंह, संजीव चौधरी, अंबिका तिवारी, अंकित वर्मा, बबीता सिंह, रेणुका सिंह, मिथिलेश केसरी, कुमुद झा, शाहिद सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

# सभी बूथों की होगी सीसीटीवी से निगरानी : के रवि कुमार

### वेबकास्टिंग का प्रयोग कर मुख्य निर्वाचन कार्यालय से भी रखी जाएगी नजर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने शनिवार को कहा कि विधानसभा चुनाव में हर मतगणना केंद्र सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगे। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और त्रुटिहीन मतदान संपन्न कराना निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। इसीलिए मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी के साथ वेबकास्टिंग की मदद से मुख्य निर्वाचन कार्यालय, धुर्वा से भी नजर रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान इन्हीं माध्यमों से तीन गलतियां प्रकाश में आई थीं, जिन्हें समय रहते दुरुस्त कर लिया गया था। वे शनिवार को रांची के धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन, में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर तैनात अधिकारियों और कर्मियों के पास एएसडी सूची रहेगी। सूची में जिनका निधन हो गया है, जो कहीं दूसरी जगह शिफ्ट कर गये हैं और अनुपस्थित मतदाता हैं, उन सभी का डिटेल रहेगा। इससे डुप्लीकेसी की संभावना नहीं के बराबर होंगे। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक राज्य में 1 अरब, 66 करोड़, 82 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गई है। इसमें सबसे अधिक राज्य पुलिस ने 121 करोड़ 96 लाख की जब्ती की है। वाणिज्य कर विभाग ने 8.43 करोड़, आबकारी विभाग ने 7.31 करोड़, वन विभाग ने 7.22 करोड़ और आयकर विभाग ने 1.62 करोड़ की जब्ती की है।

### झारखंड विधानसभा चुनाव में पोस्टल बैलेट से मतदान जारी

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 के लिए पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान जारी है। जिला प्रशासन के अनुसार पोस्टल बैलट से मतदान के लिए फॉर्म 12-डी में आवेदन करने वाले अब्सेंटी वोटर्स, अनिवार्य सेवाओं से जुड़े मतदाता और मतदान कार्य में लगे कर्मियों के जरिये मतदान किया जा रहा है। रांची जिला में मतदान कार्य में लगे जिन कर्मियों ने पोस्टल बैलट से मतदान के लिए आवेदन दिया गया था, वे 11 नवंबर तक राजकीय +2 उच्च विद्यालय, कांके में बनाए गए फैसिलिटेशन सेंटर में मतदान कर सकते हैं।

### केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा, जेएमएम सरकार में तीज-त्योहारों के समय हो रही संप्रदायिक हिंसा

# भाजपा सरकार बनी तो युवाओं को 5 वर्षों में पांच लाख रोजगार : राजनाथ

### बोले रक्षामंत्री, 50 सालों तक कांग्रेस ने देश को लूटकर खोखला कर दिया

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/खूंटी/चतरा।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खूंटी और चतरा विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने झामुमो और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने झामुमो सरकार को ह्यलूटेरी सरकार बताते हुए कहा कि झामुमो नेता खुद को ह्यचीन की दीवार मानते हैं, जो पार नहीं हो सकती। लेकिन, अब वही दीवार घुसपैठियों के लिए एक रास्ता बन गई है, और रोज हजारों घुसपैठिये उस दीवार को पार कर रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि 50 सालों तक एक ही परिवार ने देश को लूटा और उसे कमजोर कर दिया। यह वही पार्टी है, जिसने देश की प्रगति के बजाय अपने परिवार की भलाई के लिए काम किया।



रक्षा मंत्री ने जनसभा में सवाल उठाते हुए कहा कि झारखंड में 52 प्रतिशत आदिवासी आबादी अब 28 प्रतिशत कैसे रह गई? उन्होंने पूछा कि जनजातियां कहां गायब हो गईं और इन्हें कौन निगल गया? उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो, कांग्रेस और राजद की गठबंधन सरकार के कारण झारखंड में घुसपैठियों की संख्या बढ़ गई है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में सरस्वती वंदना पर रोक लगाई जाती है और तीज-त्योहारों के दौरान पत्थरबाजी की घटनाएं होती हैं, जो राज्य में अशांति का माहौल पैदा कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावी कदम उठाए हैं, और अब झारखंड सहित देश के अधिकांश हिस्सों से नक्सली हिंसा लगभग समाप्त हो चुकी है। उन्होंने भाजपा सरकार बनने पर झारखंड के आदिवासियों की हड़पी गई जमीन वापस दिलवाने, वनाधिकार का वितरण करने और आदिवासियों और अनुसूचित जातियों पर वन विभाग द्वारा किए गए मुकदमों को वापस लेने का वादा किया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर गैस सिलेंडर 500 रुपये में मिलेगा और हर साल दो सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। युवाओं को पांच वर्षों में पांच लाख रोजगार मिलेंगे और यूजी-पीजी छात्रों को 2000 रुपये प्रति माह रोजगार भत्ता दिया जाएगा। बच्चियों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा मिलेगी और गोगो दीदी योजना के तहत बहनों को प्रतिमाह 2100 रुपये दिए जाएंगे।



## अग्रवाल सभा ने किया चित्रकला एवं जस्ट ए मिनट भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

# 70 सरकारी एवं निजी स्कूलों के 111 बच्चे हुए पुरस्कृत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रसेन भवन में शनिवार को रांची के लगभग 70 सरकारी एवं प्राइवेट पब्लिक स्कूलों के 111 बच्चों को चित्रकला प्रतियोगिता एवं जस्ट ए मिनट भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। ज्ञात हो कि अग्रवाल सभा द्वारा महाराजा अग्रसेन अंतरविद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन विगत 20 अक्टूबर को किया गया था। इसमें 124 स्कूलों के लगभग 1400 छात्र-छात्रा शामिल हुए थे। अग्रसेन भवन में आयोजित भव्य समारोह में मौके पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ) सुदेश कुमार साहू, रांची विश्वविद्यालय के डीन, स्टूडेंट वेलफेयर ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित किया। साथ ही, उन्होंने 111 विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने कहा कि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच बहुमुखी प्रतिभा संपन्न युवा ही तेजी से आगे बढ़ सकते हैं। चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं इसमें सहायक होंगी। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, कार्यक्रम निदेशक प्रभाकर अग्रवाल, जयंती संयोजक अमर कुमार, नरेंद्र नेवटिया, नंद किशोर पाटोदिया, निर्मल बुधिया, महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल, नीरा बथवाल, आकाश गोयल आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।


अग्रसेन भवन में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

### ये बच्चे हुए पुरस्कृत

**बाल वर्ग :** तृषा रॉय, सक्षम, कुणाल कुमार, शिवानी कुमारी, रिशिका प्रिया।
**सब जूनियर वर्ग :** लक्की कुमारी, प्रिंस टोप्पो, निधि कुमारी, अदिति आर्या, चाहत कुमार सिंह।
**जूनियर वर्ग :** अयान रंजन, अनंत गर्वित, कृति कुमारी, जूली कुमारी, समृद्धि।
**सीनियर वर्ग :** समृद्धि कुमारी, रिया कुमारी, अविका मुखर्जी, आकाश रंजन, सिद्धि गोयनका।
**जस्ट ए मिनट भाषण प्रतियोगिता :** आशीष भास्कर, रिशान अग्रवाल, दीपिका कुमारी, हर्षित कुमार महतो, प्रियांशी झा।

(नोट : ये सभी पुरस्कार वरीयता क्रम में हैं। इनके अतिरिक्त सभी वर्गों में टॉप 10 एवं टॉप 20 के पुरस्कार भी प्रोत्साहन के रूप में दिए गए। कक्षा 5 तक के बच्चों को टॉप 30 के पुरस्कार भी दिए गए। इस समारोह में कुल 111 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।)

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया मीडिया संवाद, कहा

# ना बंटेंगे ना टूटेंगे मगर चुनाव के माध्यम से कूटे जरूर जाएंगे

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार शाम अपने आवास पर मीडियाकर्मियों के साथ संवाद किया। कांके रोड स्थित सीएम आवास पर आयोजित संवाद में पत्रकारों ने खुलकर सवाल दागे और उसका जवाब बेबाकी से उन्होंने दिया। राजनीतिक सवालों के साथ साथ सीएम ने पत्रकारों के हितों की बात पर खुलकर विचार व्यक्त किए। उन्होंने बीजेपी द्वारा जारी स्लोगन की आलोचना करते हुए कहा कि ना बंटेंगे ना टूटेंगे मगर चुनाव के माध्यम से कूटे जरूर जाएंगे। कल्पना सोरेन के राजनीति में आने के सवाल का जवाब देते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की जनता ने जन्म दिया है और वही उसका भविष्य वही तय करेगा।

### आईटी रेड पर खुलकर बोले सीएम

आईटी छापेमारी के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कहां-कहां क्या हुआ कहां-कहां क्या चल रहा है पता नहीं। आज संवैधानिक संस्थाओं की क्या हालत है किस पैरामीटर पर काम करती है और किन-किन मुद्दों पर काम कर रही है यह पूरा देश देख रहा है और चर्चा भी हो रही है। कई मंच पर भी इस विषय पर चचाएं होती रही है। इस चुनाव के बीच में आप सब लोगों ने कभी ऐसी कार्रवाई देखी है। पिछले दिनों आपको पता है कि हमारे विरोधियों के कितने पैसे निकले वह कहां से आया था, उसका क्या हुआ, क्या नहीं हुआ मुझे तो नहीं पता। लेकिन चुनाव के बीच में मुझे लगता है यह ठीक नहीं। 2014 के पहले इस तरीके से कारवाई देखने को मिला नहीं, मुझे तो याद नहीं अगर आप सब लोगों को कोई याद है तो बताइए।




### भाजपा को महाराष्ट्र से ज्यादा चिंता झारखंड को लेकर है : सीएम

भाजपा पर निशाना साधते हुए सीएम ने कहा कि हम लोग बौद्धिक रूप से, संसाधनों से कमजोर हैं इसके बाबजूद हमलोग मजबूती के साथ चुनाव मैदान में हैं। सीएम ने कहा कि भाजपा को महाराष्ट्र से ज्यादा चिंता झारखंड को लेकर है। आज धन कुबेर कहां है किसके साथ है किस जमात के साथ है यह सबको पता है। कुछ सीटों पर गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ हो रहे दोस्ताना संघर्ष पर सीएम ने कहा कि जो भी चीज हुई हैं, सभी लोगों के सहमति से हुई है। पांच साल का कार्यकाल नहीं मिलने की बात करते हुए सीएम ने कहा कि कोरोना की वजह से ढाई साल ऐसे ही बीत गया। उसके बाद राज्य में तेजी से विकास कार्य हुए। उसके बाद चुनाव भी डेढ़ महीना पहले हो रहा है।चुनाव पहले क्यों हुआ है, क्या इस राज्य में हो गया कि चुनाव पहले हो रहा है जानना चाहूंगा मेरी जिज्ञासा है, चुनाव आयोग से। मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि आपको मालूम होगा कि हमने भारत सरकार से अभी 1लाख 36 करोड़ रुपए बकाया का दवाब बना रखा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के लोग सुपारी लेकर आए हैं, हमारी सरकार को अपदस्त करने के लिए। लेकिन इनके मंसूबे सफल नहीं होंगे।

## चिकित्सकों के साथ संवाद कार्यक्रम में बोले जेपी नड्डा

# कोरोना काल में डॉक्टरों ने जान पर खेलकर की मरीजों की सेवा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- कोरोना वैक्सीन नौ महीने में बनाना देश की बड़ी उपलब्धि

आइएमए हॉल रांची में शनिवार को चिकित्सकों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका आयोजन भाजपा के चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ देबारोति (तान्या) एवं डॉ अभिषेक ने किया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा थे। मौके पर जेपी नड्डा ने कहा कि कोरोना संक्रमण के काल में चिकित्सकों का योगदान अहम रहा है। कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के दौरान विपरीत परिस्थिति में भी जिस तरह से डाक्टरों ने अपनी जान पर खेलकर मरीजों की सेवा की, वह मानवता के लिए मिसाल है। उस समय केंद्र सरकार ने डॉक्टरों को यह संदेश दिया था कि उनके साथ देश खड़ा है। नड्डा ने कहा कि टेटनेस की दवा बनने में तीस साल लग गए थे। वहीं, कोरोना की वैक्सीन नौ महीने में बनाना केंद्र सरकार की बड़ी उपलब्धि है। केंद्र की आयुष्मान भारत योजना से सबको स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है। 70 साल से ऊपर और छह करोड़ माताओं-बहनों को आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाएगा। केंद्र सरकार हेल्थ स्क्रीनिंग कर रही है। जन औषधि केंद्र के माध्यम से गरीबों को दवा मिल रही है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए डबल इंजन की सरकार चाहिए। जीतू चरण राम को वोट देकर जिताने का आग्रह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने किया। उन्होंने कहा कि देश दुनिया में भारत का नाम प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों से बढ़ा है। आज विश्व भारत को ब्राइट प्वाइंट के रूप में देखता है। विरोधी कहते थे कि भारत में इंटरनेट की क्या जरूरत है? आज भारत का गांव भी बदल गया है, गांव-गांव में सीएससी से सेंटर खुल गए हैं। गांव के बच्चे अब अपने गांव से ही विभिन्न प्रकार के फॉर्म भर लेते हैं। इसके लिए उन्हें अब शहर नहीं जाना पड़ता है। देश बदल रहा है, नजरिया बदल रहा है। भारत में अति गरीब एक प्रतिशत से भी कम हो गए हैं। हर दुकान में क्यूआर कोड लगे हैं। ऑन-लाइन ट्रांजेक्शन शहर ही नहीं, गांव-गांव में सुगम हो गए हैं। इकोनॉमी में भारत अब विकसित राष्ट्रों को भी पीछे कर रहा है। इस अवसर पर चिकित्सकों ने अपनी मांगे रखीं। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से अपने सुरक्षा की मांग की। कहा कि मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करें। क्लीनिकल स्टैबलिशमेंट एक्ट लागू होने से झोले छाप डॉक्टरों से समाज को मुक्ति मिलेगी। झारखंड में सौ करोड़ रुपये की आयुष्मान भारत योजना संचालित अस्पतालों का बकाया है, जिसका केंद्र ने अभी तक भुगतान नहीं किया है। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, डॉ राघव शरण, डॉ एचपी शरण, डॉ अजय सिंह, डॉ शंभु प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### भारतीय युवक संघ बकरी बाजार का लक्की ड्रा आज संध्या पांच बजे से

**रांची।** शारदीय नवरात्र महोत्सव के उपलक्ष्य में भारतीय युवक संघ बकरी बाजार द्वारा आयोजित डोनेशन कूपन के लक्की ड्रॉ का आयोजन रविवार (10 नवंबर) को संध्या 7:00 बजे बकरी बाजार मैदान परिसर में होना सुनिश्चित किया गया था। परंतु, चुनाव प्रचार में यातायात एवं व्यवस्था को देखते हुए इसका आयोजन संध्या 5:00 बजे से मैदान परिसर में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए भारतीय युवक संघ के प्रवक्ता अमित प्रकाश बजाज ने बताया कि इस आयोजन में मुख्य रूप से समाज के सम्मानित सदस्य मौजूद रहेंगे एवं उपस्थित जनता के बीच से भी अतिथि चुने जाएंगे। सभी दर्शकों के बीच ड्रॉ की प्रक्रिया की जाएगी एवं जनता द्वारा ही ड्रा के अंक निकल जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय युवक संघ परिवार द्वारा सभी से अनुरोध है कृपया समय से पहुंचकर इस आयोजन को सफल बनाएं।

### रिम्स और अन्य सरकारी अस्पतालों को भी दुरुस्त करने की जरूरत : आरती कुजूर

**रांची।** झारखंड में वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद, कोविड-19 महामारी आ गई थी। इस महामारी की चपेट में झारखंड के दो नेता आए - एक डुमरी के विधायक और दूसरा सिंदरी के विधायक। डुमरी विधायक इलाज के बाद ठीक हो गए थे, लेकिन पिछले साल उनकी मृत्यु हो गई। सिंदरी विधायक का अब तक इलाज चल रहा है, लेकिन वे किस स्थिति में हैं, यह किसी को पता नहीं है। कुछ राजनीतिक पार्टियों के लोग ये आरोप लगाते रहे हैं कि दोनों विधायक जिस जाति से आते हैं, वे दोनों ही एक बड़े वोट बैंक का प्रतिनिधित्व करते थे, लेकिन उस वोट बैंक के लोग अपने इलाज के लिए ही परेशान रहते हैं। उन लोगों को पूछने वाला कोई नहीं है। वे गरीबी के कारण अपना इलाज नहीं करा पा रहे हैं। भाजपा नेत्री आरती कुजूर ने कहा कि जो सुविधा खास लोगों के इलाज के लिए होती है, वह आम जनों के लिए नहीं होती है। हमारे राज्य में अच्छे-अच्छे डॉक्टर हैं। रिम्स और अन्य सरकारी अस्पतालों को भी दुरुस्त करने की जरूरत है। सरकार को यह भी देखना चाहिए कि गंभीर बीमारी का जो इलाज नहीं हो पा रहा है, उसके लिए भी इंस्टीट्यूशंस बनाएं। क्योंकि, हम गंभीर बीमारी के इलाज के लिए सरकारी फंड से राशि देते ही हैं। इस राशि के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। कई प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। अगर इंस्टीट्यूशन बनाकर फ्री में इलाज करें, तो आम जनों की भी जिंदगी बच सकती है।

### मां छिन्नमस्तिका मंदिर व माता की महिमा पर पहली बार भोजपुरी में बनेगी फिल्म

**रांची।** रामगढ़ जिला के रजरप्पा स्थित सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका के मंदिर व माता की महिमा के ऊपर पहली बार भोजपुरी फिल्म बनने वाली है। भोजपुरी भाषा में 'मां छिन्नमस्तिका रजरप्पा वाली' की शूटिंग रजरप्पा और हेसापोड़ा गांव में 11 नवंबर से शुरू होने वाली है। इस फिल्म में निर्देशन देने के लिए भोजपुरी फिल्म जगत के मशहूर निर्देशक विष्णु शंकर बेलू शनिवार को रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत रांची के लाइन प्रोड्यूसर और मशहूर पीआरओ शांतनु सिंह ने किया। इसके बाद विष्णु शंकर बेलू और शांतनु सिंह रजरप्पा के लिए रवाना हो गए। इस फिल्म के निमार्ता शैलेन्द्र सिंह अपने बैनर शिवम फिल्म्स के तले पहली बार मां छिन्नमस्ता के ऊपर फिल्म बना रहे हैं। इस फिल्म के लिए कथा, पटकथा और संवाद रांची के ही रहने वाले हिंदी, छत्तीसगढ़ी व भोजपुरी फिल्म जगत के जाने माने लेखक संदीप स्वरांश ने लिखा है। फिल्म में मुख्य भूमिका में भोजपुरी इंडस्ट्री की मशहूर अदाकारा अंजना सिंह, एक्टर राहुल सिंह राजपूत, सूर्या द्विवेदी आदि हैं। पहली बार बन रही माता छिन्नमस्तिका की फिल्म की शूटिंग को लेकर रजरप्पा व आसपास के कलाकार व लोग काफी उत्साहित हैं और भरपुर सहयोग देने के लिए बढ़-चढ़ कर सामने आ रहे हैं। विष्णु शंकर बेलू ने बताया कि माता छिन्नमस्तिके के भक्तों को बहुत जल्द ही पहली बार माता छिन्नमस्तिका की महिमा पर आधारित फिल्म देखने को मिलेगी। कई सालों के बाद झारखंड में फिल्म की शूटिंग करने जा रहे हैं। जब भी झारखंड में शूटिंग करने आते हैं, तो लोगों का प्यार भरपूर मिलता है।



## प्रधानमंत्री मोदी के आने से महिला व्यापारियों में उत्साह, कहा

# रोड शो में मोदी को करीब से देखने की चाह है

काजल मेहता रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को झारखंड में विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए आ रहे हैं। वे दिन में चंदनकियारी और गुमला में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वे शाम पांच बजे रांची में भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह के पक्ष में रोड शो करेंगे। उनका रोड शो पिस्कामोड़ के ओटीसी मैदान से शुरू होगा, जो रातू रोड चौराहा पर समाप्त होगा। पीएम मोदी के इस रोड शो को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय और रांची पुलिस की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पीएम के रोड शो में रांची और इसके आसपास के क्षेत्रों से लगभग 20,000 बाइक सवार शामिल होंगे। इसके अलावा, 501 ब्राह्मण शंख-घड़ियाल बजाकर प्रधानमंत्री के विजय संकल्प को आशीर्वाद देंगे। स्थानीय कलाकार पारंपरिक छऊ नृत्य से पीएम मोदी का स्वागत करेंगे। इधर, राजधानी में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर रातू रोड क्षेत्र की महिलाएं उत्साहित हैं। कई दुकान संचालक महिलाओं ने अपने उत्साह को जाहिर किया।

### कुछ महिला व्यवसायी सुरक्षा व्यवस्था के कारण काम में होने वाली अड़चनों से परेशान


फाइल फोटो

### पीएम मोदी के आने का बेसब्री से इंतजार : पूनम देवी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर रातू रोड में राशन दुकान संचालक पूनम सिंह ने कहा, पीएम मोदी के आने का बेसब्री से इंतजार है। उन्होंने कहा कि उनके शासन काल में सब कुछ अच्छा होता है।

### नरेंद्र मोदी ने काम करके बताया कि वे पीएम क्यों हैं : डोली मोदक


डोली मोदक

प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर रातू रोड में दुकान संचालक डोली मोदक ने कहा कि उन्हें बेसब्री से इंतजार है प्रधानमंत्री के आने का। उन्होंने कहा, वे भाजपा में हैं और प्रधामंत्री हैं, इसलिए उनके प्रति झुकाव नहीं है। अक्सर सुना करते थे कि प्रधानमंत्री होते हैं, लेकिन नरेंद्र मोदी ने काम करके बताया कि वे प्रधानमंत्री क्यों हैं। झारखंड या केंद्र में जो भी सरकार हो, उसे महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध पर ठहराव के लिए काम करना चाहिए। महिलाओं में जो डर का माहौल है, वह खत्म हो। प्रधानमंत्री काम कर रहे हैं, इसलिए उनके आने से उत्साह है। वे काम करते हैं और जो लोग काम करते हैं, उनसे ही आस लगाई जाती है।

### पीएम मोदी के आने से खुशी है : अनुपमा


अनुपमा देवी

रातू रोड में कपड़ा दुकान संचालक अनुपमा देवी ने प्रधानमंत्री के आगमन पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के आने का उन्हें बेसब्री से इंतजार है। उन्होंने कहा, उनके आने से भले ही झारखंड में बदलाव नहीं आए, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री आ रहे हैं, यह जानकर अच्छा लग रहा है। प्रधानमंत्री से मिलने की चाहत है। उन्होंने कहा, मोदी के प्रधानमंत्री बनने से बहुत बदलाव आया है, देश में बहुत कुछ बदला है। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा, झारखंड में महिलाओं के लिए सुरक्षा का मुद्दा उठाने वाली सरकार नहीं, बल्कि मुद्दे पर काम करने वाली सरकार चाहिए।

### जिन्हें देश से लगाव है, उन्हें मोदी से भी लगाव : रश्मि

रातू रोड में केक बेकरी संचालक रश्मि किंगर ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी का बेसब्री से इंतजार है। जिनको देश से लगाव है, उन्हें मोदी से भी लगाव है। क्योंकि, वे देश सेवक हैं। रांची विधानसभा क्षेत्र से पिछली 6 पारियों से सीपी सिंह विधायक रहे, फिर भी प्रधानमंत्री को उनके लिए अपील करने की जरूरत क्यों पड़ रही, यह पूछे जाने पर रश्मि ने कहा- भले 6 पारियों से सीपी सिंह विधायक रहे हैं, लेकिन पीएम मोदी के आने का मतलब यह नहीं है कि उनके आने से ही सीपी सिंह की जीत होगी, बल्कि उनके आने का मतलब है कि सबको मालूम रहना चाहिए कि सिर्फ विधायक ही नहीं, प्रधानमंत्री भी रांची की जनता के साथ हैं। झारखंड में कैसी सरकार होनी चाहिए, यह पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जो भी सरकार बने, सबसे पहले सभी सरकारी कार्यालयों का जायजा ले। हर विभाग में पढ़े-लिखे अनपढ़ अधिकारी बैठे हैं। पढ़ाई के बल पर अधिकारियों को नौकरी दे सरकार, ना कि आरक्षण के नाम पर किसी को भी नौकरी दे दे। रश्मि का कहना है कि झारखंड में योगी सरकार जैसी सरकार होनी चाहिए, तब ही यहां का गुंडाराज खत्म होगा। झारखंड में कोई व्यवस्था सही नहीं है। झारखंड में सिर्फ महिलाओं की ही नहीं, बल्कि सभी वर्ग के लोगों का शोषण हो रहा है।

### कुछ हो न हो, सड़क की मरम्मत तो हो गई : दुकान संचालक

रातू रोड में एक कपड़ा दुकान संचालक ने नाम ना छापने की शर्त पर कहा, प्रधानमंत्री के रांची आने से कोई परेशानी नहीं है, लेकिन उनके आने के कारण कितने लोगों का काम एक दिन के लिए ठप हो जाएगा। वहीं, उन्होंने कहा कि लोकसभा में वह पीछे रह गए थे अपने 400 पार मिशन में, कहीं विधानसभा चुनाव में पीछे ना रह जाएं, इसलिए वे रांची आ रहे हैं। पीएम के आने या नहीं आने से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा, इस स्थान पर जनता में सेल्फ जागरूकता लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा उनके आने से कई तरह के खर्चे होते हैं। उनके आने से आम जनता भी परेशान होगी, दुकानें भी बंद रहेंगी, कितने लोगों का काम हैंपर होगा। हालांकि उन्होंने कहा, कुछ ना सही लेकिन प्रधानमंत्री के आने से खुशी इसलिए है कि कम से कम रातू रोड की टूटी-फूटी सड़क की मरम्मत तो हो गई। विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा, झारखंड में विकास होना चाहिए। झारखंड की जनरल श्रेणी में आने वाली जनता जूझ रही है, उनके लिए भी सोचने वाली सरकार हो।

## श्रीश्याम मंदिर में 132वां भंडारा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्रीश्याम मित्र मण्डल ने शनिवार को हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में 132 वां श्रीश्याम भण्डारा का आयोजन किया गया। मंदिर में निर्मित प्रसाद का मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, लड्डू गोपाल जी , शालीग्राम जी, गरुड़ जी, श्रीरामदरबार, श्रीश्यामेश्वर महादेव, वीरहनुमान व गुरुजनों को भोग अर्पित किया गया। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में देवी -देवताओ को भोग लगाया गया। श्याम बाबा का भोग का लोकप्रिय भजन का गायन से मंदिर परिसर गूंज उठा। भण्डारे का समय होते-होते पूरा श्रीश्याम मंदिर भक्तों से अट गया। हरमू रोड़ में लम्बी- लम्बी कतारें लग गयी। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि भोग लगे प्रसाद का विराट भण्डारे के प्रसाद में मिश्रित करके महाप्रसाद बनाया गया। सर्वप्रथम गोपाष्टमी के अवसर पर गौमाता के लिए भण्डारे का महाप्रसाद रांची गौशाला में जाकर गोमाता को भण्डारे का प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद मांगा गया।भण्डारे के महाप्रसाद में इडली, नारियल चटनी का प्रसाद मंदिर में निर्मित किया गया था। टाफी का प्रसाद अलग से वितरित किया जा रहा था। पुरा हरमू रोड़ खाटूनरेश की जय-जयकारो से गूंज रहा था। तिलक लगाया गया श्रीश्याम मंदिर में प्रवेश द्वार पर प्रवेश करने वाले भक्तों को मंदिर के आचार्यों द्वारा तिलक लगाया जा रहा था। सभी भक्तगण तिलक लगवाकर खाटूनरेश की जय-जयकार कर रहे थे। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, अजय मारू, अनिल नारनोली,अनुज मोदी, रतन शर्मा, अमित सरावगी, वेदभूषण जैन पप्पू, कमलेश शावा, राहुल मारू सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने अपना योगदान दिया।

## आंवला नवमी स्वास्थ्य और समृद्धि का पर्व: संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन मनाया जाने वाला आंवला नवमी पर्व हिंदू धर्म में बहुत महत्व रखता है। यह पर्व आंवले के पेड़ की पूजा के लिए मनाया जाता है, जो स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार अक्षय नवमी का आरंभ 9 नवंबर की रात को 10 बजकर 45 मिनट पर होगा और अगले दिन 10 नवंबर को रात 9 बजकर 1 मिनट पर इसका समापन होगा। इसलिए उदया तिथि की मान्यता के अनुसार अक्षय नवमी 10 नवंबर की रात को मनाई जाएगी। संजय सर्राफ ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार, आंवले के पेड़ की उत्पत्ति भगवान विष्णु के शरीर से हुई थी। जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया, तो उन्होंने राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी। राजा बलि ने भगवान विष्णु को तीन पग भूमि देने का वचन दिया, लेकिन भगवान विष्णु ने तीन पग में ही समस्त भूमि



को माप लिया और राजा बलि को पाताल लोक में भेज दिया। राजा बलि की पत्नी विंध्यावली ने भगवान विष्णु से अपने पति की मुक्ति के लिए प्रार्थना की। भगवान विष्णु ने उन्हें वरदान दिया कि आंवले के पेड़ की पूजा से राजा बलि की मुक्ति होगी। उन्होंने कहा कि आंवला नवमी में महिलाएं आंवला पेड़ की पूजा पूरे विधि-विधान के साथ करती हैं। आंवले के पेड़ की पूजा से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे भोजन करने से स्वास्थ्य और समृद्धि मिलती है। आंवला नवमी पर्व हमें स्वास्थ्य और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। इस पर्व को मनाने से हमें भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है और हमारे जीवन में सुख और समृद्धि आती है।

## स्कूल गेम्स में झारखंड के धानमुनि को रजत पदक

**रांची।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मध्य प्रदेश के विदिशा में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2024-25 के ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड की धानमुनि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर 17 बालिका के 44-45 वर्ग में रजत पदक जीत कर राज्य का खाता खोला। नॉक आउट स्टेज के बेस्ट ऑफ थ्री मुकाबले के प्री क्वार्टर फाइनल गुजरात को 2-1 से, क्वार्टर फाइनल मैच में केरला को 2-0 से, सेमीफाइनल में हिमाचल को 1-2 से हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में दिल्ली के खिलाड़ी से 0-2 से मैच गंवाते हुए प्रतियोगिता में राज्य को पहले दिन पहला पदक दिलाया। धानमुनि की इस उपलब्धि पर खिलाड़ी और टीम कोच रमेश गिरी, टीम एचओडी एम मोदस्सर सहित टीम के सदस्यों को शिक्षा सचिव के उमा शंकर सिंह, (भप्रसे), राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन (भप्रसे), शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्य समेत शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने खिलाड़ी और उनके कोच को बधाई दी है।

## एक नजर

### खूंटी उपकारा में मनाया गया राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस

**खूंटी।** झालसा रांची के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर उपकारा में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवसह्रहर साल नौ नवंबर को मनाया जाता है। इसका मकसद है कि सभी नागरिकों को उचित और निष्पक्ष न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए जागरूक करना है। इस दिन को मनाने की शुरूआत साल 1995 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने की थी।

### पत्नी को धोखा देकर दूसरी शादी के लिए किया इंगेजमेंट महिला थाने में शिकायत दर्ज

**रामगढ़।** शहर के नई सराय सीसीएल कॉलोनी का एक आशिक मिजाज युवक ने पहले एक लड़की से लव मैरिज किया। अब दूसरे से अरेंज मैरिज की तैयारी कर चुका है। उस ने पत्नी को धोखा देकर दूसरी लड़की के साथ इंगेजमेंट कर लिया है। यह पूरा मामला तब सामने आया जब पीड़िता शनिवार को दो बच्चों के साथ रामगढ़ महिला थाने पहुंची। रांची रोड की रहने वाली दीप्ति सिन्हा ने पति निशित उर्फ निक्कू कपूर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उसने कहा है कि उसके पति ने उसके साथ मारपीट की और फिर घर से निकल गया। बाद में पता चला कि वह अपने माता-पिता की सह पर दूसरी शादी कर रहा है। जिस लड़की के साथ उसने इंगेजमेंट किया है उसकी तस्वीर भी उपलब्ध है जबकि वर्ष 2019 में निक्कू ने उसके साथ लव मैरिज किया था।

### खलारी के 60 बूथों पर 56,806 मतदाता करेंगे मतदान

# 7 बूथों पर सुबह 7 से शाम 4 बजे तक ही होगा मतदान




**2019 की तुलना में इस बार 6633 अधिक मतदाता**

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होना है। कांके विधानसभा क्षेत्र का बूथ संख्या 01 खलारी में ही है। खलारी प्रखंड क्षेत्र में कुल 60 बूथ हैं। इस चुनाव में कुल 56806 मतदाता करेंगे। इनमें 29316 पुरूष व 27490 महिला मतदाता हैं। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव की तुलना करें तो खलारी प्रखंड में 6633 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। जिसमें 4324 महिला और 2309 पुरूष मतदाताओं की संख्या में बढोतरी हुई है। प्रखंड में बूथ संख्या 21 नवसृजित प्राथमिक विद्यालय गुलजारबाग (पश्चिमी भाग) में सर्वाधिक 1332 मतदाता हैं वहीं बूथ संख्या 59 राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बमने कमरा नं. 1 में सबसे कम 460 मतदाताओं के नाम हैं। प्रखंड के सभी बूथों के नियंत्रण के लिए छह कलस्टर बनाए गए हैं। जिनमें आदर्श उच्च विद्यालय मैकलुस्कीगंज हेसालौंग से 4 बूथों का नियंत्रण होगा, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुटाप से 6 बूथ, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर करकट्टा से 8 बूथ, डीएवी उच्च विद्यालय खलारी बुकबुका से 8 बूथ, सरस्वती शिशु मंदिर पुरनी राय से 7 बूथ तथा राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय राय से 5 बूथों का नियंत्रण होगा। खलारी के सभी बूथ सामान्य श्रेणी में हैं। फिर भी 60 में से 7 बूथों पर अपराह्न चार बजे तक ही मतदान होगा। स्थानीय प्रशासन से लेकर पुलिस तक निष्पक्ष और निर्भीक चुनाव कराने के लिए तैयारी में जुटा है। भारत निर्वाचन आयुक्त द्वारा कांके विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त जेनरल आबजर्बर तमिलनाडु कैडर के आइएएस अधिकारी ए शिवगणनम खलारी प्रखंड क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं। इस बार भी असमर्थ मतदाताओं के लिए थर्ड लाइन की सुविधा होगी।

## मतदाताओं को मंदिरों में कसम खिला रहे हैं निरंजन राय के समर्थक : भाजपा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचा और मांग की कि धनवार विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी निर्दलीय निरंजन राय के खिलाफ कार्रवाई हो। चुनाव परिणाम तक उनको विधानसभा क्षेत्र से बाहर रखा जाए। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि 20 नवंबर को धनवार विधानसभा क्षेत्र में चुनाव होना है और धनवार के प्रत्याशी निर्दलीय निरंजन राय के समर्थक मंदिर में कसम खिलाकर शपथ दिला रहे हैं कि निरंजन राय को मतदान करना है। किसी को मंदिर परिसर में ईश्वर के नाम पर कसम खिलाना उसके धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना है और व्यक्ति (मतदाता) के मौलिक अधिकार का हनन भी होता है तथा चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन भी है। इस कारण प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि जिस प्रकार चुनाव कार्य एवं चुनाव प्रचार के लिए निरंजन राय मंदिर का इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे इनको पूरे चुनाव के परिणाम आने तक राज्य से बाहर भेज दिया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने कसम दिलाने वाले मंदिर का वीडियो भी पेन ड्राइव में चुनाव आयोग को सौपा है।

## न्यूज | बॉक्स

### मांडर में धूमधाम से मना छठ महापर्व

**मांडर/चान्हो।** प्रखंड क्षेत्र मे लोक आस्था और सूर्य उपासना का छठ महापर्व पूजा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। महा पर्व का सुरुवात मंगलवार को नहाय खाय के साथ हुआ और गुरुवार को अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया गया और यह महापर्व का समापन्न शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को दिए जाने वाले अर्घ्य के साथ हुआ। मांडर प्रखंड के ब्रांबे, मूड़मा, मांडर, सोसई बीआरखो नदी, टांगरबसली, कंदरी, परयागो, कंजिया तथा चान्हो प्रखंड के बिजुपाड़ा, टांगर, हुटार, ओपा, पाटूक, चोरेया, ताला, चामा, सिलागाई, पतरातु, चारा, बेतलंगी आदि स्थानों में छठव्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इस दौरान नदी और तालाब में भक्तों की भीड़ लगी रही और पूरा क्षेत्र छठ के गीतों से गुंजायमान रहा। शुक्रवार सुबह अर्घ्य देने और पूजा अर्चना करने के बाद ठेंकुआ का प्रसाद भी वितरण किया गया। भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने मांडर के बिआरखो धाम में भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर पूजा अर्चना की, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की ने भी अर्घ्य अर्पित किया।

### बुढ़मू के सुमू में छठ जतरा मेले का हुआ आयोजन



**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के सुमू में शनिवार को छठ जतरा मेला का आयोजन हुआ। मेले में मेला समिति के मंच के अलावा कोठा के अलग मंच पर नृत्य संगीत का आयोजन किया गया। इसके अलावा, जगह-जगह खोड़ा नृत्य और छऊ नृत्य का आयोजन हुआ। मेले में मिठाई, ईख, खिलौने और झुले की उत्तम व्यवस्था की गई थी। यह मेला स्थानीय लोगों के लिए एक बड़ा आकर्षण केंद्र रहा। मौके पर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जिप सदस्य रामजीत गंझू, प्रमुख सत नारायण मुंडा, उप प्रमुख हरदेव साहू, विनोद मुंडा, जगजीवन महतो, रामेश्वर पहान सहित मेला समिति के सदस्यों ने मंच का उद्घाटन फीता काटकर किया।

### देवेंद्रनाथ महतो ने किया पंचायत का दौरा

**सोनाहातू ।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी देवेंद्रनाथ महतो ने शनिवार देर शाम प्रखंड की कई पंचायतों का दौरा किया। उन्होंने लोगों से अपने पक्ष में कैंची छाप पर मतदान करने की अपील की। प्रखंड की बारेन्दा, दुलमी, पंडाडीह, लांदुपडीह और जिलिंगसेरेंग पंचायत में जनसंपर्क किया। महिला और बुजुर्ग भी जनसंपर्क में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। देवेंद्रनाथ महतो ने लोगों से मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कैंची छाप पर आपलोग वोट देकर एक मौका दें।

### खूंटी के तोरपा में नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो गिरफ्तार

# 77.75 लाख की अफीम और 14.58 लाख नकदी बरामद



*टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जब वहां छापेमारी की तो पुलिस को यह सफलता मिली*

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
पुलिस ने तोरपा बाजारटांड़ निवासी शशि भूषण साहू के घर में शुक्रवार की रात छापेमारी कर वहां किरायेदार के रूप में रह रहे दो युवकों के पास से 15 किलो 550 ग्राम अवैध अफीम और 14 लाख 58 हजार रुपये नकदी बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की है। बरामद अफीम की एनसीबी द्वारा अनुमानित दर 77 लाख 75 हजार रुपये बताई गई है। मौके पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में अड़की थानांतर्गत हेंदेहस्सा गांव निवासी जोहन नाग और कुडुंबदा गांव निवासी अल्बर्ट कंडीर शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने दो बाइक, एक स्कूटी और पांच मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। यह जानकारी खूंटी के एसडीपीओ वरुण रजक ने शनिवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि तोरपा बाजार टांड़ में एक किराए के मकान पर रहने वाले अड़की के जोहन नाग अपने कमरे में बड़ी मात्रा में अफीम रखे हुए है। अफीम को बेचने के लिए वह अपने एक दोस्त के साथ बाहर जाने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए खूंटी एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जब वहां छापेमारी की तो पुलिस को यह सफलता मिली। गिरफ्तार आरोपितों ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर अवैध अफीम का कारोबार करने की बात पुलिस के समक्ष स्वीकार कर ली है। बताया गया कि गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध हजारीबाग जिले के चौपारण थाने में भी गत सात नवंबर को एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### इटकी सोहराई जतरा में पारंपरिक वेशभूषा में जमकर थिरके लोग

**इटकी।** इटकी मोड़ स्थित 12 पड़हा द्वारा आयोजित वार्षिक सोहराई जतरा में पारंपरिक वेशभूषा में मांदर की थाप पर जमकर थिरके। शनिवार की शाम चार बजे सैकड़ों महिला-पुरुष बारीडीह गांव स्थित एकत्र हुए और 12 पड़हा की अगुवाई में ढोल, मांदर और झंडा सहित अन्य प्रतीकों के साथ नाचते-गाते शोभा यात्रा निकाली। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ दिवाकर मिंज और संरक्षक जन्मेजय गोप ने काठ के घोड़े पर बैठकर नेतृत्व कर रहे थे। जतरा के संस्थापक सह मुख्य अतिथि डॉ दिवाकर मिंज ने कहा कि सोहराई जतरा झारखंड की सांस्कृतिक पहचान है। पुरखों की इस धरोहर को संजोये रखना है। समारोह में प्रोफेसर मेघा उरांव, प्रो गवां तिग्गा, सुका उरांव, जीतू उरांव सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। जतरा में 22 पड़हा नगड़ी, 21 पड़हा कुल्ली, आठ पड़हा, 12 पड़हा और पड़हा से संबंधित दर्जनों गांवों के लोग हाथी, घोड़ा, रंपा-चंपा, झंडा सहित अन्य प्रतीकों के साथ शामिल हुए।

### झामुमो प्रत्याशी राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने एफजेसीसीआई के संवाद में लिया हिस्सा, कहा

## मैं व्यापारिक समुदाय की जरूरतों को लेकर गंभीर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की उम्मीदवार और राज्यसभा सदस्य महुआ माजी फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के संवाद में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष प्रवीण जैन छाबड़ा ने किया। मौके पर चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, कार्यक्रम संयोजक शैलेश अग्रवाल, अमित शर्मा थे।

इस टॉक शो में महुआ माजी ने विभिन्न मुद्दों पर व्यावसायिक समुदाय के सवालों का विस्तारपूर्वक और संतोषजनक उत्तर दिया। उनके उत्तरों में उन्होंने अपने द्वारा उठाए गए कई ठोस कदमों का जिक्र किया, जिससे उन्होंने यह साबित किया कि वह व्यापारिक समुदाय की जरूरतों को लेकर गंभीर हैं। महुआ माजी ने विशेष रूप से कृषि उपज बाजार कर के उन्मूलन का समर्थन किया और बताया कि यदि उनकी सरकार सत्ता में आती है, तो इस कर को समाप्त करने के लिए वह हरसंभव प्रयास करेंगी। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बताया कि उनके प्रयासों से भवन नियमितीकरण विधेयक लाया गया था, लेकिन राजनीतिक परिस्थितियों के चलते इसे पास नहीं किया जा सका। माजी ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि जब अपर बाजार क्षेत्र में भवनों के ध्वस्तीकरण का मामला आया था, तो उन्होंने लोगों के साथ खड़े होकर प्रशासन को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनी तो भवन नियमितीकरण विधेयक को पास करवाकर व्यवसायियों को राहत प्रदान की जाएगी। रांची में यातायात की समस्या के समाधान के लिए उन्होंने बताया कि एक दर्जन से अधिक फ्लाईओवर पाइपलाइन में हैं, जिससे शहर के जाम की समस्या कम होगी। इसके साथ ही, परिवहन नगर का निर्माण वर्तमान सरकार द्वारा किया गया है, जो व्यापारिक समुदाय के लिए एक बड़ी सहूलियत साबित हो रहा है।

## आपके बच्चों का भविष्य बेहतर करना चाहता हूं : अजय नाथ शाहदेव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मैं राजनीति में इसलिए नहीं आया हूं कि मुझे पद मिले बल्कि इसलिए आया हूं कि आपके बच्चों का भविष्य सुधार सकूं। आपके लिए बेहतर सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा सकूं। युवाओं और महिलाओं को हटिया विधानसभा क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करा सकूं। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों के समकक्ष तैयार कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करा सकूं। हटिया विधानसभा क्षेत्र आज भी मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। कहीं पीने का साफ पानी नहीं है तो कितने ही मुहल्ले में नालियां नहीं है। सड़कों की स्थिति दयनीय है। लोग त्राहिमाम हैं। मैं आपके लिए काम करना चाहता हूं। मुझे एक मौका दें। उक्त बातें हटिया विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान कहा। श्री शाहदेव ने आज हटिया विधानसभा क्षेत्र के अनेक इलाकों का दौरा किया। लोगों से मिलें पदयात्रा किया और बैठकें की। उन्होंने जगन्नाथपुर, एल एन मिश्रा कालोनी, मधुकम, हेथु, डिबडीह, गौरीशंकर नगर,हरमू, हेसल, अगडू, डंडई हेहल, सिमलिया का दौरा कर लोगों से वोट की अपील की।

## चुनाव आया तो अमित शाह को सहारा में डूबे निवेशकों के रुपये की याद आई : झामुमो




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि चुनाव आया, तो अमित शाह को सहारा में डूबे निवेशकों के 40 हजार करोड़ रुपये की याद आई है। भाजपा की ओर से हाल के दिनों में समाचार पत्रों में एक विज्ञापन दिया गया। इस विज्ञापन में भाजपा की ओर से वादा किया गया है कि सहारा निवेशकों का पैसा जल्द से जल्द वापस किया जाएगा। पांडेय शनिवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

विनोद पांडेय ने कहा कि सहारा के नाम पर मल्टीस्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी बनाकर बड़े घोटाले को अंजाम दिया गया है। इसके लिए सहकारिता मंत्रालय जिम्मेवार है, जिसके मंत्री अमित शाह हैं। पिछले दिनों झारखंड आकर अमित शाह ने झारखंड के करीब 1.50 करोड़ निवेशकों और भुक्तभोगियों के जले पर नमक छिड़का है। सहकारिता मंत्री आए और जुमला देकर चले गए और कहा कि भाजपा की सरकार बनाओ, तो झारखंड के निवेशकों का पैसा वापस कर देंगे। झारखंडियों के साथ ये सौदा वाली बात कैसी? क्या झारखंड में भाजपा की सरकार बनी, तभी निवेशकों की गाढ़ी कमाई का पैसा वापस होगा अन्यथा नहीं। यह पूरी तरह से केंद्र सरकार का मामला है। आप निवेशकों का पैसा क्यों वापस नहीं कर देते। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर सुब्रत राय को जेल में बंद करने के बाद सहारा की संपत्ति को बेचकर 25 हजार करोड़ जमा किया गया था, लेकिन सहकारिता मंत्री रहते ये राशि निवेशकों के बीच अमित शाह ने क्यों नहीं वितरित कराई। उन्होंने कहा कि भले ही केंद्र सरकार झारखंड के निवेशकों की अनदेखी करे, लेकिन झामुमो हर स्तर पर निवेशकों के साथ उनके हक अधिकार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। हालांकि, यह राज्य सरकार का मामला नहीं है। इसके बावजूद इसके हम केंद्र सरकार से झारखंड के निवेशकों के लिए लड़ाई लड़ेंगे।

### बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में भाजपा की जनसभा

# मुड़मा मेला पड़हा स्थल के हिस्से की जमीन अधिग्रहित कर देंगे : हिमंता बिस्वा सरमा



**भाजपा को आते ही लोगों को मिलेगा लाभ**

झारखंड में भाजपा के सरकार आते ही महिलाओं को 500 रुपये में सिलेंडर युवाओं को 2 लाख 87 हजार नौकरी, युवाओं को 2000 रुपये प्रोत्साहन राशि, माता बहनों को गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रुपये प्रति एक महीना, विधवा, वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन को 2500 रुपये महीना सहित अन्य सभी 25 संकल्पना के बारे में भी बतलाया।

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** शनिवार को बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी जनसभा आयोजित की गयी। मौके पर भाजपा के चुनाव सह प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बाप और बेटी को लगता है कि उन्हें कोई नहीं हरा हर पाएगा, लेकिन आप सबके समर्थन और सहयोग से आपके क्षेत्र का बेटा आपका सन्नी टोप्पो हरा रहा है। आपका यह जनसैलाब रूपी प्यार को देखकर मैं पूरे विश्वास के साथ कह रहा हूं। उन्होंने सभा में संबोधित करते हुए वादा किया कि झारखंड में भाजपा की सरकार आते ही ऐतिहासिक मुड़मा जतरा स्थल को उनके हिस्से का पूरा 65 एकड़ जमीन मुहैया कराएंगे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पांच प्रण को दोहराया और कहा कि उन्होंने कहा कि रोटी माटी और बेटी की सुरक्षा के लिए झारखंड में भाजपा सरकार जरूरी है। मांडर में भाजपा जरूरी है आपका सन्नी टोप्पो जरूरी है। सभा को डॉ रामखेलावन, पूर्व विधायक सह भाजपा नेत्री गंगोत्री कुजूर, प्रभारी रिपुसुदन साहु, भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो, पाड़हा राजा महादेव उरांव एवं अन्य नेताओं ने संबोधित किया। जनसभा में असम के मुख्यमंत्री सह चुनाव प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सन्नी टोप्पो से प्रेरित होकर कांग्रेस के अंजली कच्छप, किशोर साहु,बजरंग गोप, अनमोल विनय तिर्की, मुखिया कुंवारी खलखो, बुधवा उरांव, अकीब मिरदहा एवं सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व में सन्नी टोप्पो से प्रेरित होकर भाजपा का दामन थामने वाले पहाड़कंडरिया के समाजसेवी दिलीप कुमार सिंह अपने समर्थकों के साथ मौके पर मौजूद थे। मांडर विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक भाजपा के सह प्रभारी सतीश शाह, सहित नीतू कुजूर,हर्षवर्धन पांडे, आलोक मिश्रा धनंजय राय, अमर नाथ कुमार, राजकुमार तिर्की , जगन्नाथ भगत सहित अन्य सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और नेता उपस्थित थे।

### 13 नवंबर को देवघर में होगी पीएम मोदी की रैली

देवघर। 13 नवंबर को पीएम मोदी झारखंड दौरे पर देवघर आएंगे। देवघर के मधुपुर स्थित रंगा सिरसा मैदान में पीएम की चुनावी सभा होगी। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पीएम के दौरे को लेकर भाजपा के देवघर जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के प्रचार के लिए देवघर के मधुपुर स्थित रंगा सिरसा मैदान में पहुंचेंगे। 13 तारीख को पीएम को सुनने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को सुनने के लिए लाखों की संख्या में लोग सभा में पहुंचेंगे। कार्यक्रम में देवघर, मधुपुर और सारठ के साथ-साथ अन्य विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे। आपको बता दें कि देवघर जिले का करौ प्रखंड मधुपुर और सारठ विधानसभा क्षेत्रों के बीच पड़ता है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रंगा सिरसा मैदान से दोनों विधानसभा के प्रत्याशियों के लिए जनता से वोट मांगेंगे। पीएम के कार्यक्रम को लेकर गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे भी लगातार क्षेत्र के नेताओं के साथ बैठक करते नजर आ रहे हैं।

### बड़कागांव, बरकट्ठा, कांके और रांची विधानसभा क्षेत्र में शिवराज सिंह चौहान ने की सभा, कहा

## जनता की जिंदगी बदलने का अभियान है भाजपा

*◆बोले केंद्रीय मंत्री, हम जुड़ेंगे तो जीतेंगे*
*◆कांग्रेस फूट डालकर शासन करना चाहती है*



**नवीन मेल डेस्क**
**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को झारखंड की चार विधानसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। चौहान ने बड़कागांव से भाजपा उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी, बरकट्ठा से अमित कुमार यादव, कांके विधानसभा क्षेत्र से डॉ जीतू चरण राम और रांची विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सीपी सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि, गठबंधन की सरकार ने झारखंड जैसे सुंदर प्रदेश को लूटकर तबाह और बर्बाद कर दिया है। झारखंड की धरती पर माटी, बेटी और रोटी सुरक्षित नहीं है। इन्होंने जल संपदा, वन संपदा और खनिज संपदा से भरपूर प्रदेश को विनाश की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। यही वजह है कि, झारखंड की जनता में जेएमएम सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश है और जनता इस चुनाव में सोरेन सरकार को सबक सिखाकर माटी, बेटी, रोटी की रक्षा के लिए भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, राहुल गांधी धान की बात करते हैं, जिन्हे ये तक नहीं पता है कि, धान की बाली सीधी लगती है या उल्टी। जो आलू से सोना बनाते हैं, वो धान की बात कर रहे हैं।

## एक नजर

### स्कूल की छात्रा ने गृहमंत्री को भेंट की उनकी तस्वीर



**हजारीबाग।** लॉर्ड कृष्णा स्कूल अमृत नगर हजारीबाग में गृह मंत्री अमित शाह के लिए ग्रीनहाउस की व्यवस्था की गई थी।शनिवार को गृहमंत्री ने विद्यालय के समक्ष ग्राउंड में चुनावी रैली का संबोधन किया। इस दौरान लॉर्ड कृष्णा विद्यालय की एक छात्रा अन्वी अग्रवाल ने अमित शाह का ऑटोग्राफ लिया और अपने हाथ से बनाया हुआ उनका फोटो उन्हें भेंट किया।इस कार्य के लिए श्री शाह ने अन्वी अग्रवाल एवं लॉर्ड कृष्णा स्कूल के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं समस्त विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का जन्मदिन मनाई

**कोडरमा/ डोमचांच।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का जन्मदिन शनिवार को कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने केक काटकर पार्टी के प्रखंड कार्यालय में मनाया। साथ ही उन्हें बधाई दी। पार्टी जिलाध्यक्ष ने भागीरथ पासवान ने कहा कि बिहार के लाल सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का जन्मदिन है और आज उनके जन्मदिन को यादगार बनाने प्रखंड कार्यालय में केक काटकर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कोडरमा विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि इस बार कोडरमा में गठबंधन के उम्मीदवार सुभाष प्रताप यादव की जीत सुनिश्चित है। इस चुनाव में वे प्रचंड बहुमत के साथ विजयी होंगे। जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता ने कहा कि इस बार पूरे झारखंड में इंडिया गठबंधन सरकार बनेगी। जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के जन्मदिन पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस बार जनता भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी। अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह और संचालन सेवा दल के जिलाध्यक्ष सदानंद पांडेय ने किया।

### कैपिटल विश्वविद्यालय में मतदान जागरूकता दिवस का आयोजन

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया स्थित कैपिटल विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को मतदान जागरुकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के सदस्य जिला न्यायाधीश महेन्द्र प्रसाद ने कहा कि हमारे लिए अत्यंत गौरव की बात है कि हमारे देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था है। इसमें सभी को 18 वर्ष के बाद चाहे वो साक्षर हो या निराक्षर, उन्हें मतदान देने का पूर्ण अधिकार है। उन्होंने लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सशक्त राष्ट्र निर्माण तभी संभव है, जब नागरिक जागरूक होकर अपने मतदाधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने युवाओं से अपील किया कि वे मतदान को लेकर अपने कर्तव्यों में सर्वोपरि समझें और दूसरों को प्रेरित करें।

---

अनूप भाई ने चलाया जनसंपर्क अभियान, कहा

# मेरा उद्देश्य सिर्फ राजनीति नहीं बल्कि सेवा करना है



**महिलाओं ने अनूप भाई के नेतृत्व में क्षेत्र में एक नए बदलाव की उम्मीद जताई। उन्होंने अपने चुनावी मुद्दों के बारे में जानकारी दी**

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** बरकट्ठा विधानसभा से अटल विचार मंच के प्रत्याशी अनूप कुमार उर्फ अनूप भाई ने अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। अनूप भाई ने डोर टू डोर जाकर बरकट्ठा विधानसभा वासियों से अपने पक्ष में मतदान देने की अपील की। उन्होंने बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा डाकडीह, बरकट्ठा चौक, बरवां, सलैया, पचफेड़ी, पेसरा, कल्हाबाद, गैड़ा, घसकोडीह, चुगलामों, बड़कनगंगो आदि क्षेत्रों का दौरा किया। जनसंपर्क में महिलाएं व पुरूष शामिल थे। महिलाओं ने अनूप भाई के नेतृत्व में क्षेत्र में एक नए बदलाव की उम्मीद जताई। उन्होंने अपने चुनावी मुद्दों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेरा अभियान परसाबाद चलकुसा से बरकट्ठा, इचाक होते हुए हजारीबाग शहर तक रेल चलवाना, बरकट्ठा स्थित सूर्यकुण्ड को राष्ट्रीय पर्यटक स्थल का दर्जा दिलवाना। उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य राजनीति करना नहीं बल्कि जनसेवा करना है। मेरा मकसद सिर्फ और सिर्फ जनता की भलाई करना है। उन्होंने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा को भयमुक्त और सर्वांगीण विकास वाला बरकट्ठा बनाना है। बरकट्ठा के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार को सृजित करना है। विधानसभा के जनता के द्वारा आश्वासन दिया गया कि अबकी बार अपना समर्थन देकर अनूप भाई को विधानसभा भेजने का काम करें।

---

भाजपा के पक्ष में केंद्रीय मंत्री और अभिनेत्री माधवी लता ने की चुनावी सभा

# राज्य में सुख समृद्धि और विकास के लिए भाजपा को दें वोट : अन्नपूर्णा देवी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** भाजपा के पक्ष में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और भाजपा की प्रखर वक्ता अभिनेत्री माधवी लता का प्रखंड के विजैया चौक, करियातपुर चौक और भामाशाह सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में चुनावी जनसभा हुई। इसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कमल मां लक्ष्मी का प्रिय फूल है। जो सुख, समृद्धि और शांति का प्रतीक है। इसलिए बरही विस में कमल को जिताकर बरही विस सहित राज्य में सुख, समृद्धि, शांति और विकास लाने में सहयोग करें। अभिनेत्री श्रीमती लता ने भी मतदाताओं को उत्साहित करते हुए राज्य के विकास के लिए भाजपा को जिताने को अपील किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ और सबका विकास के सिद्धांत पर विश्वास करती है। बरही विधानसभा के प्रत्याशी एक कर्मठ, जुझारू, जनसमर्पित और अनुभवी नेता है।

---

## न्यूज | बॉक्स

### महमूद आलम का माडू में जोरदार स्वागत



**बिष्णुगढ़ ।** हजारीबाग जिले के मांडू विधानसभा अंतर्गत विष्णुगढ़ के राष्ट्रीय जन क्रांति मोर्चा के उम्मीदवार महमूद आलम ने गत शुक्रवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के तहत कई जगहों का दौरा किया। अपने समर्थकों और जनता से मिलने के इस अभियान में उन्होंने चरही, इंद्रा, मांडू, पूंडीह, घाटो, लयो, और सारूबेडा जैसी कई जगहों पर लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं और सुझावों पर चर्चा की। आलम ने जनता को आश्वासन दिया कि अगर उन्हें मौका मिला, तो वे क्षेत्र के विकास, रोजगार और अन्य सामाजिक मुद्दों को सुलझाने के लिए पूरी ताकत लगाएंगे। क्षेत्र के लोगों को सरकार द्वारा चलाए जाने वाली योजनाओं का लाभ पहुंचाएंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली व सड़की सुविधाओं पर जोर दिया जायेगा। गांव के बच्चे दूर दराज से आकर स्कूलों में पढ़ते हैं उनके लिए शिक्षा की सुविधा बेहतर होगी और उन्हें हर तरह से प्रोत्साहित किया जायेगा। अगर सबसे ज्यादा पढ़ाई कमजोर है तो वह ग्रामीण क्षेत्र का इलाका। वहां के बच्चों पर बेहतर शिक्षा के लिए जोर दिया जायेगा।

### भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने लोगों को दी गोगो दीदी योजना की जानकारी



**हजारीबाग।** भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के चुनावी जनसंपर्क एवं आशीर्वाद यात्रा में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने में लगी हुई है। हर मतदाता से मिलकर एवं जनसंवाद कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने को लेकर कटिबद्ध है। शुक्रवार को भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सदर विधानसभा के नगरनिगम क्षेत्रान्तर्गत देवांगना बस्ती में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'गोगो दीदी सम्मेलन' कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुई। भाजपा की पंच प्रण एवं 25 संकल्प के अनुसार 'गोगो दीदी योजना' की जानकारी मातृशक्ति एंव बहनों के बीच विस्तृत चर्चा कर लाभ की जानकारी दी। जिसमें मुख्य रूप से मोरांगी मुखिया दयामनी तोप्पो शामिल रही। । 13 नवंबर दिन बुधवार को क्रम संख्या 02 कमल निशान पर वोट देकर भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद को प्रचंड एवं ऐतिहासिक मतो से विजय बनाने का लोगों से आग्रह किया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना के तहत हर मातृशक्ति एवं बहनों को हर महीने ?2,100 रुपए का आर्थिक लाभ मिलेगा तथा इससे हमारी मातृशक्ति व बहनें आत्मस्वावलंबी होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में पीछले भाजपा सरकार में कई जनकल्याणकारी योजनाएं एवं विकासोन्मुख कार्य हुए हैं। जिससे हर वर्ग लाभान्वित हुआ है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया और भाजपा के पक्ष में वोट देने कि अपील की। कार्यकर्ताओं ने लोगों से देश और राज्य की सुरक्षा के लिए भाजपा को जिताना आवश्यक है। कार्यकर्ताओं ने भाजपा की पंच प्रण के विषय में लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जनसंपर्क अभियान में अजय मोदी, श्यामसुंदर यादव, अशोक मोदी, पंकज यादव,टेकन प्रजापति, सिकंदर यादव, अमित कुमार, मुकेश यादव, राजेन्द्र यादव, धरम सिंह, राहुल प्रजापति समेत आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### श्रद्धालुओं ने सप्ताह भागवत को लेकर निकाली भव्य कलश यात्रा

**सतगावां।** प्रखंड के मरचोई गांव में शनिवार को सप्ताह भागवत को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। बता दें कि राजेंद्र सिंह पिछले दिनों गया श्राद्ध का आयोजन किया था। इसी को लेकर 101 महिलाओं और बच्चियों ने कलश के साथ कलश यात्रा निकाली। गांव से करीब दो किमी दूर सकरी नदी से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया। पंडित यज्ञाचार्य विमलेश शास्त्री,प्रवक्ता पं संजय शास्त्री ने वैदिक रीति से पूजा-अर्चना करवाया। कलश में जल भरकर सभी श्रद्धालु जय विष्णु,जय लक्ष्मी,जय श्रीराम समेत अन्य जयकारे लगाते हुए गांव की विभिन्न गलियों से गुजरते हुए राजेंद्र सिंह के घर पहुंचे।

---

कल्पना सोरेन ने बड़कागांव में चुनावी सभा को किया संबोधित, कहा

## झारखंड में बुलडोजर नहीं विकास की गाड़ी चलेगी



**नवीन मेल संवाददाता। बड़कागांव** झामुमो की स्टार प्रचार व गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद के पक्ष में बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। कल्पना सोरेन हेलीकॉप्टर के माध्यम से बड़कागांव पहुंची। तत्पश्चात स्वयं अंबा प्रसाद कार चला कर कल्पना सोरेन को हेलीपैड से सभा स्थल पहुंची। कल्पना सोरेन को माला पहना कर स्वागत किया गया। हजारों की संख्या में सभा स्थल पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कल्पना सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बड़कागांव में आ कर बुलडोजर दिखा कर गए। क्या बड़कागांव में भी लोगों के घरों में बुलडोजर चलाया जाएगा? इस क्षेत्र के बुनियादी जरूरतों के बारे में उन्होंने एक शब्द नहीं कहा सिर्फ आपस में मतभेद पैदा करने का बात उन्होंने किया। बड़कागांव के विस्थापितों के बारे में एक भी शब्द नहीं बोला। ये उत्तर प्रदेश नहीं ये झारखंड है यहां बुलडोजर नहीं विकास की गाड़ी चलेगी। हमलोग ये सुनिश्चित करेंगे के बड़कागांव के विस्थापितों को उसका हक अधिकार कैसे मिले, यहां पर कोल कंपनियों में कैसे यहां के 95 प्रतिशत लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो ये तय करने आए हैं।

---

हजारीबाग में अमित शाह ने की चुनावी सभा, कहा

# जेएमएम-कांग्रेस की सरकार पूरे देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को हजारीबाग में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से अपील किया कि भाजपा को वोट दें। वहीं प्रदेश में एनडीए की सरकार बनायें। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनने दे। इसके बाद मैं रामनवमी में हजारीबाग आऊंगा। देखता हूं कौन हजारीबाग में रामनवमी की जुलूस को रोकता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस-जेएमएम की सरकार पूरे देश में सबसे भ्रष्ट सरकार है। इसे बदलने की जरूरत है। अगर आप इस भ्रष्टाचार को रोकना चाहते हैं, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकें। जिन लोगों ने आपका पैसा चुराया है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

**राहुल की 4 पीढ़ियां भी 370 लागू नहीं कर सकती**

अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने श्रीराम मंदिर, काशीनाथ कॉरिडोर बनाया। मोदी सरकार देश के स्वाभिमान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हजारीबाग में अमित शाह ने कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की चार पीढ़ियां भी जम्मू कश्मीर में धारा 370 लागू नहीं कर पाएंगी। श्री मोदी ने जो काम आज देश की जनता के लिए कर दिया है जो कोई करने के लिए सोच नहीं सकता। घर- घर शौचालय, गैस सिलेंडर, किसान योजना और कई तरह की योजनाएं हैं जो महिला इसका लाभ ले रहीं हैं। आप पूरी सोंच सकते हैं पहले का भारत और अब का भारत कितना फर्क हुआ है। आज हर तरफ विकास ही विकास नजर आ रहा है।

---

रामगढ़ में एनडीए की सभा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हुए शामिल

# एनडीए की सरकार बनाएं तेजी से होगा विकास : जेपी नड्डा



*वर्तमान में बड़े देशों की अर्थव्यव्यवस्था गड़बड़ा रही है लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है*

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में शनिवार को शहर के सिद्धू कान्हू जिला मैदान में विजय संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सभा के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, विशिष्ट अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश एवं एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी मौजूद थीं। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जेपी नड्डा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने झारखंड के आदिवासियों को मान सम्मान देने का कार्य किया है। केंद्र सरकार ने आदिवासियों के कल्याण के लिए बजट को 3 गुणा बढ़ाया। पहले जंगली उत्पाद के लिए एमएसपी मिलती थी लेकिन केंद्र सरकार ने 90 जंगली उत्पादों को एमएसपी दिया। झारखंड के आदिवासी क्षेत्र के शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क के लिए अलग से कार्यक्रम चलाया। इसके लिए 24 हजार करोड़ रूपए अलग से व्यवस्था की। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की साख बढ़ी है। इसलिए आज अमेरिका और रूस भी शांति स्थापना के लिए प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बड़े देशों की अर्थव्यव्यवस्था गड़बड़ा रही है लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। आज जापान, अमेरिका,आस्ट्रेलिया आदि में मंदी की स्थिति है लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है। जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी थी तब भारत की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर थी जो आज विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है।

---

पूर्व केंद्रीय वित्तमंत्री ने दिया कांग्रेस को समर्थन

## झारखंड में भाजपा ने सांप्रदायिकता का विष घोला है : यशवंत सिन्हा



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** अटल विचार मंच के संस्थापक सह पूर्व केंद्रीय वित्त व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने पत्रकार वार्ता कर मंच के उद्देश्य, विस चुनाव और केंद्र सरकार की नीतियों पर कटाक्ष किया। वहीं हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के ताजा स्थिति से अवगत कराया। झारखंड विधानसभा चुनाव पर उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन की सरकार के पास राज्य के विकास को लेकर कोई विजन नहीं है। घुसपैठिए का मुद्दा उठाकर झारखंड को सांप्रदायिकता की आग में झोंकने का काम किया गया है.। हजारीबाग सांसद पर परोक्ष रूप से हमला बोलते हुए कहा कि संसदीय क्षेत्र भ्रष्टाचार व अराजकता में लिप्त होता जा रहा है, इसे बचाने की आवश्यकता है। बरही विस को उस राह से बचाने के लिए उनका मंच कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि बरही विस में परिवर्तन आवश्यक है, इसके लिए उनके मंच के उमीदवार रामाशीष सिंह सहित उनके कार्यकर्ता विस चुनाव में कांग्रेस के श्री साहू के पक्ष में सहयोग करेंगे। श्री सिन्हा ने पैसे देने वाली मईया सम्मान योजना या भाजपा की प्रस्तावित गोगो दीदी योजना पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह झारखंड के लोगों को बेरोजगार और निकम्मे बनाने की योजना है।

---

मेरु कैंप बीएसएफ में 163 व 164 दीक्षांत परेड का आयोजन, राज्यपाल ने ली सलामी

# 354 नवआरक्षकों ने राष्ट्रीय ध्वज के समक्ष संविधान की शपथ ली



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सहायक प्रशिक्षण केंद्र, सीमा सुरक्षा बल, मेरु हजारीबाग के 'रानी झांसी परेड ग्राउंड' में शनिवार को सीमा सुरक्षा बल के 354 नवआरक्षक (सहायक प्रशिक्षण केंद्र, सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग के बैच संख्या 163 एवं 164) जो कि भारत के विभिन्न प्रांतो, जैसे-केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक इत्यादि से हैं, 44 सप्ताह के कठिन परिश्रम, लगन एवं साधना के पश्चात बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षांत परेड में शामिल हुए। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत परेड की सलामी ली। इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, लोक प्रतिनिधि सहित संस्थान के अन्य अधिकारीगण एवं नवआरक्षकों के परिजन उपस्थित रहे। दीक्षांत परेड में शामिल 354 नवआरक्षकों ने राष्ट्रीय ध्वज के समक्ष संविधान की शपथ ली एवं राष्ट्र की एकता, अखंडता व संप्रभुता बनाए रखने के लिए खुद को समर्पित करने का प्रण लिया। समारोह के दौरान शानदार ड्रिल और मार्च पास्ट कर नवआरक्षकों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने सर्वोत्तम नवआरक्षक समेत विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नवआरक्षकों को पुरस्कार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया। बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल ने अपने संबोधन में नवआरक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि आज के दीक्षांत परेड के बाद वे औपचारिक तौर पर, सीमा सुरक्षा बल जो कि भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति है, के महत्वपूर्ण सदस्य बन गए हैं और बल में, कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रथम कदम रखने जा रहे हैं। उन्होंने नवआरक्षकों के माता-पिता एवं परिजनों को भी बधाई देते हुए कहा की अपने अपने सपूतों को सीमा सुरक्षा बल में भेजकर राष्ट्र-सेवा के कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

---

## श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर सातवें दिन निकाली गई प्रभातफेरी




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर सातवें दिन भी प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभातफेरी मैं इस बार अनोखा नजारा देखा गया, त्योहार को लेकर स्कूल में बच्चों की छुट्टियां हैं इस कारण बड़ी संख्या में बच्चे भी प्रभात फेरी में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं। निसान साहब की अगवाई गुरजोत सिंह सैनी कर रहे थे। संगत की अगुवाई करते हुए आगे चल रहे थे। प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकलकर सुभाष चौक फुटबॉल ग्राउंड होकर न्यू बस स्टैंड सरदार जी एस मल्होत्रा सरदार संदीप सिंह मल्होत्रा के आवास पहुंची। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से दलजीत सिंह किंगरा जी ने जीएस मल्होत्रा जी को सिरोपा देकर सम्मानित किया। प्रभात फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा,विंकल कालरा,जोगिंदर सिंह जग्गी, प्रीतम सिंह कालरा, रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, त्रिलोचन सिंह जस्सल, कुलजीत सिंह कालरा, इंद्रजीत सिंह होरा,रमन सिंह कोहली, कशिश छाबडा, अंकित कालरा, प्रसिद्ध सबद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा, पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा, गुरदीप सिंह सैनी, विक्की छाबड़ा, यश छाबड़ा, जसकीरत भाटिया, जगजीत सिंह, नीतू सिंह जस्सल, चरणजीत जॉली,सुमी जोली, गुरबख्श कौर, रंजीत कौर, मनप्रीत कौर सैनी, गुरबख्श कौर, बलविंदर कौर, सतविंदर कौर आदि शामिल हुए ।

---

प्रजापति महासंघ का अभिनन्दन समारोह संपन्न

# भाजपा से झारखंड सहित पूरा देश होगा मजबूत: डॉ नरेश पंडित



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के ग्राम बेड़ोकला में शनिवार को प्रजापति (कुम्हार) महासंघ की विधानसभा स्तरीय अभिनंदन समारोह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष छत्रु पंडित व संचालन सूरज देव पंडित ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी सह विधायक अमित कुमार यादव थे। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि देश ओर राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए भाजपा को वोट दें। विशिष्ट अतिथि डॉ नरेश पंडित ने कहा कि झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाकर देश को मजबूत करें। तभी हमारा क्षेत्र विकास करेगा। उन्होंने झारखंड सरकार पर निशाना साधा। वहीं कहा कि भाजपा की सरकार में एक रुपये में महिलाओं की नाम से हो रही रजिस्ट्री को वर्तमान सरकार ने बंद करा दिया। चुनाव को देखते हुए मंईयां सम्मान योजना लाया। साथ ही उन्होंने बीजेपी के 5 घोषणा पत्र को बताया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अमित कुमार यादव को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। प्रजापति समाज के अध्यक्ष छत्रु पंडित ने कहा कि अब हम लोग बिखरने वाले नहीं हैं। अगले बार के विधानसभा चुनाव में प्रजापति समाज से एक दावेदारी निश्चित रूप से पेश होगी। वहीं कार्यक्रम में पहुंची कुमकुम देवी से कहा कि बिना सूचना के हमारे कार्यक्रम में उपस्थित होना हम लोगों को ठीक नहीं लगा। वक्ता बीरेंद्र पंडित ने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा में 35 हजार वोट है और हम लोग वोट हमेशा करते आ रहे है। भाजपा में वोट करने से हमारे समाज की भलाई होगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष पप्पू पंडित, गोपी प्रजापति, राजेंद्र पंडित, चलकुशा प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रजापति, इंद्रजीत पंडित, राजू पंडित, जिला कोषाध्यक्ष बिरेंद्र पंडित, सुरजीत पंडित, मुखिया चौबे सीताराम पंडित, रामलाल पंडित, बोधि पंडित, झबू पंडित, डालेश्वर पंडित, महावीर पंडित केशोलाल पंडित, समाजसेवी मंटू पंडित, राजनारायण पंडित समेत सैकड़ों लोग ने भाजपा को वोट देकर भाजपा की सरकार बनाने की बात कही।

### सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी ने की चुनाव की समीक्षा, कहा

# बूथ पर बेहतर तालमेल रखते चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करायें





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधानसभा आम चुनाव- 2024 को लेकर 70- सिमडेगा सामान्य प्रेक्षक सी रवि शंकर, डीसी अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के पालकोट प्रखंड के 74 मतदान केंद्र के सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग किया। ब्रेकिंग के दौरान सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को पूरी सतर्कता के साथ अपने कार्य दायित्व का निर्वाहन करने की बात कही। रिपोल की स्थिति ना हो इसे सुनिश्चित करते हुए पूरी सावधानी के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि कभी-कभी छोटी सी लापरवाहीं बड़ी मुश्किल में डाल देती है। इसलिए ड्यूटी पर पूरी अलर्ट के साथ रहेंगे। उन्होंने शैडो एरिया के लिए बूथ पर जो रनर रखा गया उसके साथ बेहतर तालमेल रखते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने की बात कहीं। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को किसी भी परिस्थिति में निर्धारित रूठ का परिवर्तन नहीं करने तथा डिस्पैच सेंटर से अपने पोलिंग पार्टी को लेकर सीधे क्लस्टर एवं मतदान केंद्र पर ही जाकर रुकने की बात कहीं। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि किसी भी वोटर द्वारा वोटिंग कंपार्टमेंट में मोबाइल लेकर न जाए इसे सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने विधानसभा सभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को अपने कर्तव्य, ईवीएम प्राप्त करने, चिन्हित रूट का अनुपालन सुनिश्चित करने, मतदान समापन पश्चात ईवीएम स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित पहुंचाने से संबंधित आवश्यक जानकारियां दी गई।

पुलिस अधीक्षक ने विधानसभा चुनाव हेतु प्रतिनियुक्त पुलिस बल को सुरक्षित मूवमेंट प्लान , मतदान केंद्रों में विधि व्यवस्था संधारण, मतदान समापन पश्चात ईवीएम स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित पहुंचाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर आरओ -सह-अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी पालकोट, सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### हरी सब्जियों के दामों में भारी उछाल

**सिमडेगा।** पिछले एक पखवाड़े में हरी सब्जी के दामों में भारी उछाल आया है। सब्जियों की उंची कीमत होने के कारण गरीबों की थाली से हरी सब्जी गायब हो रही है। वहीं किचन का जायका भी बिगड़ रहा है। पिछले एक पखवाड़े में टमाटर 60 रुपए, फुलगोभी 100 रुपए, खिरा 60 रुपए, प्याज 60 रुपए, गाजर 80 रुपए, कद्दु 30 रुपए, पत्ता गोभी 70, शिमला मिर्च 80 रुपए किलो, फरसबीन 60 रुपए किलो, बोदी 60 रुपए किलो, करैला 60 रुपए प्रति किलो की दर से बिक रहा है। शहर के सब्जी बाजार में इन दिनों सब्जी विक्रेताओं और ग्राहकों के बीच इसी अंदाज में मोल भाव हो रहा है। सब्जियों की उंची कीमत को ध्यान में रखते हुए दुकानदार भी ग्राहकों को पाव भर की कीमत बता रहें है।

# मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर समडेगा जिला प्रशासन द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम चल रही है। इसी कड़ी में सिमडेगा के पेंशनर समाज तथा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के द्वारा शहर में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। पेंशनर समाज के अध्यक्ष सचिव के नेतृत्व में रैली कचहरी के पास बने जिला कार्यालय से निकालकर पूरे शहर का भ्रमण करते हुए लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों का उत्साह देखने को बना ,जहां पर सभी लोगों ने आसपास के दुकानों में जाकर पंपलेट देते हुए सभी लोगों को मतदान के दिन अपने एवं अपने परिवार को वोट के लिए प्रेरित करने की अपील की। इधर जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सिमडेगा के द्वारा सिमडेगा शहर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यालय के सहायक शिक्षक सत्यजीत कुमार ने बताया कि विद्यालय के बच्चों ने शहर में मतदाताओं को मतदाता निर्देशिका भेंट किया। उन्हें उनके वोट के महत्व को समझाया और 13 नवंबर को वोट करने के लिए निवेदन किया। बच्चे नारा लगा रहे थे। बानो झारखंड के भाग्य विधाता ,अब जागो प्यारे मतदाता। जन-जन की पुकार है, वोट देना हमारा अधिकार है। वोट हमारा अनमोल है ,कभी ना लेंगे इसका मोल। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो आदि। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

# विधि विधान से हुई विसर्जन यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर शहर के प्रिंस चौक में आयोजित छठ महोत्सव का समापन शनिवार को प्रतिमा के विसर्जन के साथ हुआ। इस अवसर पर 3 बजे विसर्जन की शोभायात्रा निकाली गई। भगवान सूर्यदेव की जय जयकार करते हुए प्रतिमा को



केलाघाघ डैम ले जाया गया और वहां क्षमा प्रार्थना और आरती के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया। पुरोहित पंडित श्यामसुंदर मिश्र ने बताया कि इस वर्ष प्रिंस चौक में लगातार 19वें वर्ष भगवान सूर्यदेव की आराधना की गई। यहां तीन व्रतियों ने अस्ताचलगामी और उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करते हुए लोक कल्याण और विश्व कल्याण की प्रार्थना की। विसर्जन की शोभायात्रा में नवज्योति नवयुवक संघ छठ पूजा समिति के अध्यक्ष रामकिशन केशरी शर्मा, राजू केसरी, आंनद वर्मा सहित कई श्रद्धालु शामिल थे।

### लचरागढ़ में गोगो दीदी सम्मेलन का हुआ आयोजन

# आदिवासी, मूलवासी व महिलाओं की चिंता भाजपा को : इंद्रशरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी का कोलेबिरा विधानसभा के लचरागढ़ स्थित विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर परिसर में गोगो दीदी सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में उपस्थित मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य इंद्रशरण सिंह चौहान ने कहा कि आदिवासी, मूलवासी व महिलाओं की सबसे अधिक चिंता करने वाले कोई है तो वह है भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी। उन्होंने महिलाओं के उत्थान लिए अनेकों कार्य किए हैं। झामुमो, कांग्रेस महागठबंधन की सरकार ने महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण देने और गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली महिलाओं को प्रति माह 2000 देने के वादे को कभी पूरा नहीं किया। झामुमो सरकार के कार्यकाल में नाबालिग लड़कियों की तस्करी और महिलाओं के अपहरण से जुड़े मामलों में झारखंड भारत में दूसरे स्थान पर है। बलात्कार की घटनाओं के मामले में झारखंड देश में आठवें स्थान पर है. साल 2021 में 1425 रेप के मामले दर्ज हुए हैं,हेमंत गठबंधन की सरकार ने लोगों को सिर्फ छलने और ठगने का काम किया है. इनके शासन काल में सिर्फ और सिर्फ लूट, खसोट और भ्रष्टाचार हुई है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा देवी ने किया। स्वागत भाषण कार्यक्रम प्रदेश प्रवक्ता मार्गेट बा पिंकी ने किया मंच संचालन नंदनी देवी ने किया।मौके पर नंदू अग्रवाल, महिला मोर्चा जिला महामंत्री पार्वती देवी, जिला उपाध्यक्ष निशा बडाइक, जिला उपाध्यक्ष ज्योति देवी, मंच संचालन करता नंदिनी देवी, मंडल उपाध्यक्ष लीला बड़ाइक, जलडेगा मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद ने चलाया टेंसेर में जनसंपर्क अभियान

**केरसई।** भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने शनिवार को गोबर्लेच्छा, टांगर टोली, बिहाबेल, गट्टीकचार, मचिया घाट, बकमुंडा आदि क्षेत्रों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसम्पर्क अभियान के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि 5 साल कांग्रेस के विधायक रहने के बावजूद सिमडेगा विधानसभा के गांव का विकास नहीं हुआ। गांव में ना तो पीने का साफ पानी है, ना बिजली है और ना रोजगार है। इसीलिए सिमडेगा विधानसभा की जनता बदलाव के लिए मन बना चुकी है। इस बार बदलाव होकर रहेगा। आप सभी अपनी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए भाजपा के पक्ष मतदान करें। ताकि झारखंड का सर्वांगीण विकास हो सके। मौके पर मंडल अध्यक्ष मानकीलाल, जिला मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता, मंडल महामंत्री बुलेश्वर प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार, जगदीश शांति देवी सहित कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित थे।

# गरजा में विधिक सेवा जागरूकता शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शनिवार को सदर प्रखंड के गरजा पंचायत भवन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राधिकार से जुड़े पदधारियों ने ग्रामीणों को कानून की जानकारी दी। मौके पर चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव और डिप्टी एलएडीसीएस बृखभान अग्रवाल ने ग्रामीणों को कानून की जानकारी देते हुए जागरूक किया। अग्रवाल ने लोक अदालत और स्थायी लोक अदालत के संरचनाओं को बताते हुए कहा कि सुलह योग्य आपराधिक मामले सहित अन्य मामलों का निष्पादन लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर होता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में निष्पादित मामलों की अपील उपरी अदालत में नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि भारत देश में संविधान के अनुसार हर किसी को अपने खिलाफ हुई घटनाओं के लिए न्यायालय से न्याय मांगने का पूर्ण अधिकार है। इसके लिए स्थानीय न्यायालय से लेकर सुप्रीम कोर्ट हर नागरिकों को न्याय और अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। विधिक नियमों को बताने और समझाने के लिए हर साल 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। श्रीवास्तव ने कहा कि हर साल राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस 9 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य यह है कि सभी नागरिकों को उचित,निष्पक्ष और न्यायपूर्ण प्रक्रिया का लाभ मिले। इसके लिए जागरूकता फैलाना है। इस दिवस को हर साल इस दिन पर इसलिए मनाया जाता है ताकि समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को मुफ़्त,बेहतरीन और कानूनी सेवाएं सही ढंग से मिल सकें। इस दिन नागरिकों को विधिक सेवाओं की जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि कई लोग ऐसे होते हैं जो वकील की फीस नहीं चुका पाते है इसके लिए महिला,दिव्यांग,आपदा

### पति ने कीटनाशक पीकर की आत्महत्या

**सिमडेगा।** सोगडा पेठयारटोली गांव में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में गुस्से में आकर पति ने कीटनाशक पी लिया जिससे कि उनकी मौत हो गई। अमृता की पहचान रोशन बाड़ा के रूप में हुई । जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि रोशन और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई ,जिसके बाद गुस्से में आकर रोशन ने अपने ही घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। कीटनाशक सेवन करने के कुछ देर के पश्चात उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। उसे तुरंत इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया। इधर, सदर अस्पताल सिमडेगा में इलाज के दौरान उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। वहीं परिजन उसे राजधानी ना ले जाकर निजी अस्पताल ले जाने लगे, इसी दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई,जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया।

### श्रीरामरेखा धाम : त्रेतायुग में यहां प्रभु श्री राम के पड़े थे चरण

# कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ेगी भीड़ विशाल धाम मेले की आज से हो रही है शुरूआत



सिमडेगा। झारखंड के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सिमडेगा जिले में अवस्थित श्रीरामरेखाधाम सदियों से भक्तों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि त्रेतायुग में यहां भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के चरण यहां पड़े थे। उनके चरण रज से ही यह धाम पावन बन गया और कालांतर में यह श्रीरामरेखाधाम के रूप में विख्यात हुआ। यह पावन धाम सिमडेगा जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर पश्चिम दिशा में झारखंड व छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित है। सैकड़ों फीट ऊंची पर्वतमाला के बीच अवस्थित श्रीरामरेखाधाम न सिर्फ आध्यात्मिक दृष्टिकोण से, बल्कि पर्यटन के लिहाज से भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यहां कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर 14 नवम्बर से विशाल धार्मिक मेला का शुभारंभ हो रहा है । इधर आयोजन को लेकर रामरेखा धाम विकास समिति के द्वारा सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है।

**चट्टान के बीच बनी है विशालकाय गुफा :** चट्टान के नीचे बनी विशालकाय गुफा की छत पर बनी लंबी रेखा ही रामरेखा कही जाती है। इस धाम में भगवान राम, लक्ष्मण व माता सीता की प्रतिमा के साथ-साथ अन्य देवी- देवताओं की प्रतिमा भी स्थापित है। धाम परिसर में पौराणिक शिवलिग, श्याम वर्ण के शंख, गुप्त गंगा, धनुष आकृति में बना धनुष कुंड, सीता चौका, सहता चूल्हा, अग्निकुंड, रामरेखाबाबा का समाधि स्थल आदि कई ऐसे दिव्य व दर्शनीय स्थल हैं जो श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींच लाते हैं।

**भारत सरकार के 232 तीर्थस्थलों की सूची में शामिल :** भारत सरकार की 232 तीर्थस्थलों की सूची में शामिल है सिमडेगा का श्रीरामरेखाधाम सिमडेगा के लिए यह गौरव की बात है कि भारत सरकार द्वारा बनाई गई 232 तीर्थस्थलों की सूची में श्रीरामरेखाधाम भी शामिल है। यही कारण है कि 24 मार्च 2022 को श्रीलंका की अशोक वाटिका से चल कर अयोध्या जाने के क्रम में श्रीराम वनगमन काव्य यात्रा रामरथ छत्तीसगढ़ जशपुर के रास्ते सिमडेगा के रामरेखाधाम भी पहुंची थी। बता दें कि काव्य रथ यात्रा उन सभी 232 स्थानों पर पहुंची थी जहां वनवास काल के दौरान भगवान राम, भ्राता लक्ष्मण और माता सीता ने अपने चरण रखे थे।

**1916 से श्रीरामरेखाधाम में लग रहा है कार्तिक पूर्णिमा मेला :** कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर श्रीरामरेखाधाम में भव्य मेला लगता है। श्रीरामरेखा धाम में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले का इतिहास काफी पुराना है। श्रीरामरेखा धाम में कार्तिक पूर्णिमा मेले का इतिहास 1916 में राम मेला के साथ शुरू हुआ था।

**राजाहुकूमसिंहनेकीथीयहांमेलेकीशुरूआत:** गौरतलब हो बीरूगढ़ के तत्कालीन राजा स्व. हुकूम सिंहदेव ने की थी। मेला से पूर्व दर्शन-पूजन के लिए पवित्र गुफा में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला लगभग 17 वीं शताब्दी से ही प्रारंभ हो गया था। तब पवित्र गुफा में स्वयंभू शिवलिंग और राम नाम की ध्वनि निकलने वाले अद्भुत शंख के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालु यहां पहुंचते थे। स्व. राजा हुकूम सिंहदेव ने 1916 में यहां राधा-कृष्ण की धातु की प्रतिमा स्थापित करवाई और इसी वर्ष सर्वप्रथम रासमेला का आयोजन किया गया। इसके बाद 1942 में ब्रह्मलीन श्रीश्री 1008 श्री स्वामी जयराम प्रपन्नाचार्य जी रामरेखा बाबा ने रास मेले को पूर्णतया धार्मिक परिवेश में बदला। उनके प्रयास से ही कार्तिक पूर्णिमा में रास मेले की जगह अखंड हरिनाम यज्ञ, सत्संग प्रवचन आदि का अनुष्ठान प्रारंभ कराया गया। पूज्य बाबा के अलौकिक अध्यात्मिक शक्ति का प्रभाव दिनोंदिन श्रद्धालुओं में बढ़ता गया। श्रद्धालु तीर्थ यात्रियों की सेवा में न केवल रामरेखाधाम विकास समिति के सदस्य वरन प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता योगदान देते हैं।

**पड़ोसी राज्यों से भी सैकड़ों में पहुंचते हैं श्रद्धालु :** ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार व बंगाल से भी पहुंचते हैं श्रद्धालु प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा एवं माघ पूर्णिमा मेले में झारखंड के विभिन्न जिलों के साथ-साथ ओड़िशा, छत्तीसगढ़, बिहार व बंगाल से भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंचते हैं। रामरेखाधाम की प्रसिद्धि को देखते हुए अब राज्य सरकार ने भी इसके विकास का निर्णय लिया है। धाम परिसर में रोपवे लगाने का प्रस्ताव है। फिलहाल छोटी गाड़ियां पहाड़ के ऊपर तक पहुंच जातीं है।

**रामरेखा में कई अन्य दर्शनीय स्थल :** रामरेखा के प्रमुख दर्शनीय स्थल पवित्र गुफा में स्थित मंदिर में भगवान श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण, राधा-कृष्ण, भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, माता सुभद्रा, पौराणिक शिवलिंग, श्याम वर्ण शंख के अलावे गुरु गद्दी में ब्रह्मलीन पूज्य देवराहा बाबा, ब्रह्मलीन पूज्य रामरेखा बाबा की प्रतिमा, गुफा की छत में भगवान द्वारा खींची गई लकीर आदि के दर्शन कर श्रद्धालु खुद को धन्य समझते हैं। धाम परिसर में श्रद्धालु पंचममुखी हनुमान मंदिर, गरुड स्तंभ, गुप्त गंगा, धनुष कुंड, सीता चौका, सीता चूल्हा, अग्नि कुंड, समाधि स्थल के भी दर्शन करते हैं।

**भगवान श्रीराम की उपस्थिति का होता है एहसास :अखंडदासजी:** रामरेखाधाम के महंत अखंडदासजी महाराज ने कहा कि रामरेखा धाम में भगवान श्रीराम की उपस्थिति का एहसास होता है। कई साधु संतों की तपस्या से रामरेखा धाम तपोभूमि बन गई है, और इस भूमि पर भगवान की विशेष कृपा है। रामरेखाधाम विकास समिति के संरक्षक दुर्गविजय सिंहदेव ने कहा कि उनके पूर्वजों के द्वारा रामरेखा धाम की खोज की गई थी। रामरेखा धाम पूरे राज्य के लिए धार्मिक महत्त्व वाला केंद्र है। पूरे राज्य में रामरेखा धाम ही एकमात्र ऐसी जगह है जहां भगवान श्रीराम के चरण पड़े हैं। पर्यटन के दृष्टिकोण से भी रामरेखाधाम में विकास की अपार संभावनाएं हैं। जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल रामरेखा धाम की महिमा का गुणगान सभी लोग करते हैं। ग्रामीण जयप्रकाश गुप्ता, अनमोल मांझी, धाम के सचिव उपाध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि रामरेखा धाम की महिमा अलौकिक है।

### बानो में खुला जेएलकेएम का चुनावी कार्यालय

**बानो।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन बानो की एक बच्ची देवंती कुमारी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सामूहिक पूजन किया । जेएलकेएम के तोरपा विधानसभा प्रत्याशी विलसन भेंगरा ने कार्यालय उद्घाटन मोबाइल पर वीडियो कॉलिंग के माध्यम से देखे। उन्होंने कार्यालय उद्घाटन करने वाली बालिका देवंती कुमारी का शिक्षा का जिम्मेदारी की बात कहा। विधायक प्रत्याशी विलसन भेंगरा ने देवंती कुमारी के माता उर्मिला देवी व पिता महेश्वर नायक को धन्यवाद दिया। मौके पर कर्मवीर सिंह, विकास मघाईया, ललित सिंह, कृष्णा सिंह, जनक बड़ाईक, सूरज सिंह, विनोद नाग, संदीप सिंह आदि लोग उपस्थित थे। कार्यालय उद्घाटन के पश्चात कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर सोडा, सिकोरदा, महाबुआंग, जितुटोली ,सिम्हातु ,कोनसोदे का दौरा कर मतदाताओं से मिलकर अपने पक्ष में वोट देने की अपील किया।

# गोपाल गौशाला में किया गया गोपाष्टमी पर गो पूजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** गोपाष्टमी के मौके पर शनिवार को सिमडेगा के गोपाल गौशाला में विधि विधान के साथ आचार्य वासुदेव गौतम के द्वारा गो पूजन कराया गया। इस मौके पर सभी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान विक्की नागवान एवं महेश बंसल सपत्नीक यजमान की भूमिका निभाई। इस दौरान पूजन पश्चात गो पूजन की गई जहां पर सर्वप्रथम गो माता को तिलक लगाते उसकी आरती उतारी गई। इस दौरान आचार्य वासुदेव गौतम ने कहा कि लगातार 1967 से अब तक गोपाल गौशाला में गोपाष्टमी के मौके पर विधि विधान के साथ गांव की पूजन की जाती है जिसमें सभी गोपाल गौशाला के समिति के पदाधिकारियों की सराहनीय भूमिका होती है लंबे समय तक एक संस्था के रूप में यहां पर देखने की जाती थी वहीं 2016 में इसे स्थाई समिति का गठन करते हुए यहां पर समिति के पदाधिकारियों के द्वारा गौ की सेवा की जाती। सारे वासुदेव गौतम ने कहा सनातन धर्म में गाय, गंगा, गायत्री, गीता, गोवर्धन व गोविंद पूज्य हैं। शास्त्र कहते हैं कि सर्वे देवाः स्थिता देहे सर्व-देवमयी हि गौ अर्थात गाय की देह में समस्त देवी-देवताओं का वास है। अतः यह सर्वदेवमयी है। गाय के गोबर में लक्ष्मी, गोमूत्र में भवानी, चरणों में देवता, रंभाने में प्रजापति और थनों में समुद्र बसते हैं। पद्म पुराण के अनुसार गौमुख में चारों वेदों, सींगों में शंकर व विष्णु, उदर में कार्तिकेय, मस्तक में ब्रह्मा, ललाट में रुद्र, नेत्रों में सूर्य व चंद्र आदि तैंतीस कोटी देवी-देवता विराजमान हैं। बताया कि गोपाष्टमी पर व्रत रखकर गाय की पूजा-अर्चना करने से गोविंद की कृपा मिलती है। वास्तव में गोपाष्टमी गाय के पूजन का पवित्र दिन है। इस मौके पर काफी संख्या में लोग पहुंचकर पूजन में भाग लिया। पूजन पश्चात वहां पर भंडारे का आयोजन किया गया, जहां पर शहर के सभी लोग पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# 5 वर्षों तक क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाओं से रखा गया वंचित: केदार

**नवीन मेल संवाददाता**



**पाकरटांड़।** भाजपा सिमडेगा विधानसभा के प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा के पक्ष में जनसभा का आयोजन किया गया था। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष देवकी नंदन साय ने किया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि जनता बदलाव का मूड बना चुकी है। छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री और क्लस्टर प्रभारी केदार कश्यप ने कहा कि सिमडेगा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित है। 5 वर्षों तक इस क्षेत्र को लूट का चारागाह बना दिया गया। हर तरफ भ्रष्टाचार और लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया। इसे ेकर लोगों में हेमंत सरकार के प्रति नाराजगी है। इस नाराजगी को लोग अपनी वोट की ताकत से दूर करेंगे। जिस प्रकार से लोगों को झूठे वादे कर सत्ता हासिल किया गया था वह झूठ अब बेनकाब हो चुका है। छत्तीसगढ़ पथलगांव विधायक गोमती साय ने कहा कि महिलाओं का विकास और सुरक्षा भाजपा सरकार में ही हो सकती है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए अनेक कार्य कर रही है। झारखंड में डबल इंजन के सरकार बनते ही महिलाओं का तेजी से विकास होगा। जनसभा को ओमप्रकाश अग्रवाल एवं कार्यक्रम सह प्रभारी तुलसी साहु ने भी संबोधित किया। मंच संचालन कार्यक्रम प्रभारी अनूप केसरी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष देवकीनंदन साय ने किया। मौके पर सेवई मंडल, प्रभारी राकेश रविकांत, ज्योति प्रसाद, रणधीर कुमार, कृष्णा बड़ाईक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं जनता उपस्थित थे।

### प्रशासन ने सिम्हातु में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**बानो।** प्रखण्ड प्रशासन बानो ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर प्रखण्ड के सिम्हातु ग्राम में रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नैमुदीन अंसारी ने सभी ग्रामीणों से अपील किया कि मतदान के दिन जरूर मतदान करें। आपके एक मत से अपने गांव, प्रखण्ड व विधानसभा का भविष्य बदल सकता है। सभी मतदाता समय पर अपने बूथ जाकर मतदान करें। आगामी विधानसभा चुनाव में भाग लेकर शत-प्रतिशत मतदान करें। मतदान के दिन सबसे पहले मतदान उसके बाद जलपान नारा को सार्थक बनाये। अपने बीएलओ से मिले पर्ची लेकर पहले लाइन में लग कर मतदान करें। मौके पर चारु प्रसाद, एसआई सत्यनारायण प्रसाद , पंचायत सचिव अरबिंद दुबे, बीएलओ व ग्रामीण उपस्थित थे।

भरनो में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने किया चुनावी सभा को संबोधित, कहा

# सरना धर्म कोड तभी मिलेगा जब महागठबंधन की सरकार बनेगी



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** भरनो के प्लस टू हाई स्कूल मैदान में शनिवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने सिसई विधानसभा क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) प्रत्याशी जिग्गा सुसारन होरो के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जुटे जनसमूह से तीर-धनुष के निशान पर वोट देने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने लोकतंत्र के महापर्व में सभी से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि 'पहले मतदान करें, फिर जलपान।' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड की पहचान, कुडुक भाषा, और आदिवासी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए आठवीं अनुसूची में कुडुक भाषा को जोड़ने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे राज्य की योजनाओं को संसद में पारित करना मुश्किल हो जाता है क्योंकि बाहरी ताकतें आदिवासी समाज को आगे बढ़ते नहीं देखना चाहतीं। कल्पना सोरेन ने आदिवासी समाज के प्रति असंवेदनशीलता का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जिन लोगों को आदिवासी शब्द से ही चिढ़ है, वे हमारी भाषा, संस्कृति, त्योहारों, परिधान, और परंपराओं से कैसे प्रेम कर सकते हैं? उन्होंने झारखंड के विकास पर चिंता जाहिर की, और कहा कि देश में विकास की दौड़ में झारखंड को नीचे रखा जाता है। उन्होंने माताओं-बहनों के अधिकारों और शिक्षा के क्षेत्र में अधिक अवसर देने की मांग की।

### झामुमो प्रत्याशी जिग्गा सुसारन होरो ने विकास के वादे को दोहराया

सभा में झामुमो प्रत्याशी जिग्गा सुसारन होरो ने कहा कि बीते पांच सालों में राज्य में विकास की एक नई लहर आई है और अब जो कार्य अधूरे रह गए हैं, वे अगले कार्यकाल में पूरे किए जाएंगे। उन्होंने जनता को आश्वासन दिया कि वे सभी वादों को पूरा करेंगे।

### ढोल-नगाड़ों और फूलमालाओं से किया गया जोरदार स्वागत

इससे पूर्व, कल्पना सोरेन का हेलीकॉप्टर भरनो में लैंड होते ही स्थानीय कलाकारों और झामुमो कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़े बजाकर और फूलमालाएं पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जनसैलाब देखकर कल्पना सोरेन भावविभोर हो गईं और हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया।

## दो बाइकों के बीच सीधी टक्कर, दो लोग घायल

**गुमला।** शहर से लेकर गांव तक सड़क दुर्घटनाएं आये दिन देखने को मिलता है। लोग अपनी वाहनों को इतनी रफ्तार से चलाते हैं जिससे दुर्घटनाएं होना लाजमी है। जिले के पालकोट थाना क्षेत्र के बघिमा पेट्रोल पंप के समीप दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। घायलों में हंसदोइन निवासी 27 वर्षीय बुंदेश्वर गोप व बहरा टोली निवासी 24 वर्षीय अंकित कुमार शामिल है। घटना शुक्रवार देर शाम की है। स्थानीय लोगो की मदद से दोनो घायलों को तत्काल सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार अंकित शुक्रवार को अपने बाइक से बसिया किसी काम से गया था। काम हो जाने के बाद बाइक से ही वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार बुंदेश्वर गोप और अंकित कुमार के साथ सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद दोनों बाइक चालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये।

गुमला जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर हुई विशेष बैठक

# मतदान तैयारियों को लेकर अधिकारियों व कर्मियों के बीच हुई संयुक्त ब्रीफिंग




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** 13 नवंबर को आयोजित होने वाले विधानसभा आम चुनाव को लेकर गुमला जिले में सुचारू मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करायी जायेगी। इसे लेकर चंदाली स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में विशेष ज्वाइंट ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। इस ब्रीफिंग में गुमला, बिशुनपुर, और सिसई विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक की प्रमुख उपस्थिति में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने संयुक्त अध्यक्षता की। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारी, कर्मी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, और पुलिस सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित थे। इस ज्वाइंट ब्रीफिंग का मुख्य उद्देश्य चुनाव के दिन की तैयारियों को सुनिश्चित करना और चुनाव कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को उनके दायित्वों के प्रति सजग करना था। उपायुक्त ने सभी कर्मियों को अपने कार्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने के निर्देश दिए और मतदान प्रक्रिया के निर्बाध संचालन हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

**सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर**

पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस मजिस्ट्रेट को अपने मतदान केंद्रों की सभी आवश्यक जानकारियों को अपडेट रखने को कहा। सुरक्षा की दृष्टि से हर सेक्टर पुलिस अधिकारी को संबंधित थाना प्रभारियों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।

### मतदान सामग्री के वितरण पर निर्देश

उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने चुनाव के दिन डिस्पैच एवं रिसीविंग सेंटर पर सभी अधिकारियों को सुबह 5 बजे से पहले पहुंचने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान सामग्री के समय पर वितरण और निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। अपर समाहर्ता शशिंद्र बड़ाइक ने चुनाव कार्य में संलग्न सभी कर्मियों को उनके कर्तव्यों से अवगत कराया और समन्वय के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों के ठहरने की उचित व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, बीएलओ हेल्प डेस्क के माध्यम से मतदाताओं की सहायता के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं और प्रत्येक बूथ पर चार वॉलेंटियर्स तैनात किए गए हैं। मतदान से पूर्व पी-2 एवं पी-1 की तैयारियों के साथ, मतदान दिवस के दिन के सभी कार्यों का बिंदुवार विवरण भी अधिकारियों को दिया गया। एसडीओ सदर राजीव कुमार ने बैठक में विधि व्यवस्था और पदाधिकारियों की ड्यूटी से संबंधित जानकारी साझा की, जिससे चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा से बचा जा सके।

## एनएच पर छह मृत गायें मिली

**सिसई (गुमला)।** रेड़वा पंचायत के अंतर्गत एनएच फोरलेन सड़क के किनारे छह गायें मृत पायी गयी। सूचना पर पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि रात्रि में मृत गायों को किसी और जगह से लाकर यहां फेंक दिया गया है। सड़क के किनारे घसीटने के निशान पाये गये हैं। मौके पर उपस्थित लोगों का कहना है कि आगामी 13 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने वाला है। इसके मद्देनजर माहौल को बिगाड़ने की मंशा से इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया है। लोगों ने कहा कि यह घटना प्रशासन विफलता की है। गो तस्कर बेखौफ होकर गाय की तस्करी कर रहे हैं। मौके पर सेवा सुरक्षा संस्कार बजरंग दल एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने मृत गायों का अंतिम संस्कार किया। मौके पर पुलिस- प्रशासन भी मौजूद थी।

## गडरपो पंचायत के ग्रामीणों ने चमरा के पक्ष में वोट नहीं करने का लिया निर्णय



**बिशुनपुर।** बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के भंडरा प्रखंड क्षेत्र के गडरपो पंचायत के ग्रामीणों ने चमरा लिंडा के पक्ष में वोट नहीं करने का निर्णय लिया है. वहां के लोग चमरा से खासा नाराज हैं. ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि हमलोग सालों से चमरा लिंडा को वोट करते आ रहे हैं, लेकिन अभी तक हम लोग बुनियादी सुविधाओं का अभाव में जी रहे हैं. हमलोगों के यहां ना तो अच्छी सड़क बन पाई है अर ना ही पेयजल की व्यवस्था है. विकास से दूर-दूर तक वंचित हैं क्षेत्र के ग्रामीण. ग्रामीणों के समस्याओं को उन्होंने आज तक संज्ञान नहीं लिया है. साथ ही आगे कहा कि विकास के नाम पर सिर्फ धोखा मिला है. उन्होंने अपने परेशानियों को बताते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र से जीतने के बाद कोई दिखाई नहीं देते हैं. विधायक का तो किसी तरह का अता-पता भी नहीं होता है. इनके नहीं पहुंचने से क्षेत्र विकास की बाट जोह रहा है. इसलिए सभी ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि इस बार वोट नहीं करेंगे. इधर बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के गडरपो पंचायत में तिलसीरी, आमदरी, पलमी, डुमरी, धनामुंजी, बिटपी गांव ग्रामीण भी चमरा से नाराज हैं. ग्रामीणों के अनुसार चमरा लिंडा गांव वासियों के लिए कुछ नहीं किया. मके पर एंथोनी मिंज, मसीह दयाल मिंज, दानियल मिंज, प्रकाश उरांव, सोमरा उरांव, प्रमोद महतो, जीवन बखला, जॉन टोप्पो, सोमारी उरांव, प्रकाश मिंज, बसिमा उरांव, पीटर मिंज,रोशन केरकेट्टा, बोनी उरांव, निर्मल मिंज, जोसेफ कुजूर, अरूण कच्छप आदि मजूद थे.

## हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता : शाहदेव

**पालकोट।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजा मैदान में पालकोट राजपरिवार के युवराज देवब्रत नाथ शाहदेव शनिवार को राज दरबार का आयोजन कर जनता की समस्याओ को सुना गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों युवराज शाहदेव को सामाजिक समस्याओं के साथ पेंशन, आवास व पेयजल सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया गया। मौके पर युवराज देवब्रत ने कहा कि हमे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। जानकारी के अभाव में हम अपने हक और अधिकार को नही समझ पाते है। नेता और अधिकारी हमारे सेवक है ,पर हम उन्हें हाकिम समझ बैठते है। गांव में जो भी समस्या है, अब उनके निष्पादन के लिए उनकी टीम ने अब प्रभावी स्तर पर कार्य करना शुरू कर दिया है। जिस भी समस्या के लिए जो अधिकारी या जनप्रतिनिधि जिम्मेवार होगा अब से उन्हें कर्तब्यबोध करा कर समस्या का निबटारा कराया जायेगा। मौके पर मनीष हिंदुस्तान ,मन्नू साहू, ऋषि गुप्ता ,राजेश गुप्ता ,रिजवान खान, विशाल गुप्ता ,राहुल केशरी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रतिबंद्ध के बाद भी बिक रहा है सिंगल यूज प्लास्टिक

**गुमला।** करीबन ढाई वर्ष पूर्व सिंगल यूज प्लास्टिक व थर्मोकॉल बने ग्लास,प्लेट,सिंगल यूज बैंग सहित एक मर्तबा यूज एंड थ्रो वाले चीजों के इस्तेमाल पर कानूनन प्रतिबद्ध लगी है। बावजूद इसके जिम्मेंवारों की शिथिलता में धड़ल्लें से सिंगल यूज प्लास्टिक का बिक्री व इस्तेमाल आम है। केंद्र सरकार की ओर से पहली जुलाई 2022में स्वास्थ्य व वातावरण को बेहतर-स्तरीय बनाये रखने की सोच के साथ जानलेवा व वातावरण को प्रदुषित करने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगायी गयी थी। शुरूआत में सभी जगहों पर प्रशासनिक महकमें की सख्ती दिखी तो कुछ दिनों के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक प्रोडक्ट बंद भी रहा। बाद में छुपे-छुपाये इसकी बिक्री व इस्तेमाल शुरू हुआ और फिलवक्त खुलेआम-धड़ल्लें से इसका इस्तेमाल हो रहा है। इन सब के बीच सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन के बाद मॉकेट में सरकारी गाइडलाइन के आधार पर स्तरीय बैंग सहित ग्लास-प्लेट की बिक्री हो रही थी,बाद में जैसे इस पर निगरानी-मॉनिटरिंग कम हुआ। फिर से मॉकेट में वहीं पुराने ढर्रे पर कारोबार व इस्तेमाल शुरू हो गया। दूसरी ओर लोगों की संजीदगी पर भी सवाल है। बगैर बैंग के खरीददारी के लिए निकलने वाले लोगों की डिमांड पर कारोबारी भी विवशता में होता है। और लोगों की स्वास्थ्य व प्रदुषण के मुद्दें-मसले गौण हो जाते है। बेस्ट-कचरे की भरमार के बीच पशुधन से लेकर मानव स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव होता है। गुमला नगर परिषद् क्षेत्र से रोजाना 15-20 टन कूड़ा-कचरे का उठाव होता है। जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक की मात्रा सबसे ज्यादा होती है। नगर परिषद् के प्रशासक एस मरांडी ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक को लेकर जल्द ही अभियान चलाया जायेंगा।

कालिगा गांव में जंगली हाथी का आतंक, भगदड़ में कई लोग घायल

# वन विभाग ने हाथियों को सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** जिले के कालिगा गांव में मंगलवार को एक जंगली हाथी के अचानक पहुंचने से दहशत फैल गई। गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जब लोगों ने हाथी को भगाने के लिए पटाखे फोड़े और शोर मचाया। हाथी आक्रोशित हो गया और लोगों की ओर दौड़ पड़ा, जिससे भगदड़ मच गई। इस दौरान कई ग्रामीण घायल हो गए, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि यह हाथी पिछले कुछ दिनों से मधुबन जंगल के पास देखा जा रहा था और कोयन जारा के रास्ते से भटकते हुए कालिगा गांव में पहुंच गया।

**फसलों को पहुंचा भारी नुकसान, ग्रामीणों में दहशत :** हाथी ने गांव में कई खेतों में खड़ी फसलों को रौंदकर नष्ट कर दिया, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ। खेतों में लगे धान और मक्के की फसलें तहस-नहस हो गईं। ग्रामीणों के अनुसार, हाथी के आक्रमक होने की संभावना पहले से ही बनी हुई थी।

### वन विभाग की तत्परता से टला बड़ा हादसा

घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से हाथी को घेरने और भगाने की कोशिश की। ग्रामीणों की सहायता से वन विभाग ने हाथी को मधुबन जंगल की ओर खदेड़ने में सफलता प्राप्त की।

# हड़िया बेचने वाली महिला का मिला शव

## परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** कुजू ओपी क्षेत्र के करमा दक्षिणी पंचायत के धनबेडवा गांव के एक आवास से शनिवार को कुजू पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया। जिसकी पहचान सुलेखा देवी ( 38 वर्ष ) पति स्व जैना मुंडा बारलोंग मुंडा टोला निवासी के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि सुलेखा दीपावली के समय यहां आकर किराए पर रह रही थी। इस बीच घर वाले भी उससे मिलकर गए थे। घटना के दिन ग्रामीणों द्वारा भी सुलेखा को सुबह में ठीक ठाक देखा गया। लेकिन ठीक एक दो घंटे बाद उसकी मौत की खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई। घर वालों को इसकी सूचना दी गई। इस बीच जब घर वाले पहुंचे तो देखा कि उसका शव खून से लतपत पड़ा है। साथ ही दाएं कान के नीचे किसी धारधार हथियार से चोट लगे होने का निशान पाया। जिसके बाद मृतका के पुत्र अमित मुंडा, बेटी नेहा, प्रियंका व बहू सीमा मुंडा आदि लोगों ने मौके पर पहुंचे ओपी पहुंचकर सुलेखा देवी की हत्या किए जाने की बात कहते हुए मामले की जांच की मांग की । जिसके बाद ओपी प्रभारी ने आवेदन देने की बात कही। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# क्षेत्र को परिवारवाद से मुक्त करना है : ममता देवी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** दुलमी प्रखंड के जमीरा पंचायत और सोसो पंचायत में शनिवार को रामगढ़ विधानसभा की महागठबंधन प्रत्याशी ममता देवी ने जनसंपर्क यात्रा की। इस दौरान ग्रामीणों से घर-घर जाकर मुलाकात किया और उनकी समस्याओं को सुना। इस यात्रा के दौरान उन्हें लोगों का समर्थन भी मिला। इसके लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। ममता देवी ने इस यात्रा को रामगढ़ में एक सकारात्मक बदलाव की ओर बढ़ते कदम के रूप में बताया। उन्होंने कहा, रामगढ़ विधानसभा में बदलाव की लहर उठ रही है। हम सब मिलकर अपने क्षेत्र को एक नई दिशा में ले जाना चाहते हैं। 20 नवम्बर को होने वाले चुनाव में आप सभी से अपील है कि 2 नंबर हाथ छाप का बटन दबाकर मुझे विजय बनाएं। उन्होंने क्षेत्र को परिवारवाद से मुक्त करके इसे एक सशक्त और समृद्ध क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया। कहा कि इस बदलाव के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से चुनाव के दिन अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की और विश्वास जताया कि कांग्रेस महागठबंधन की ।

# कोल्हान के नक्सल इलाकों में होगी एयर कॉम्बिंग

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर नक्सलियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कोल्हान के नक्सल प्रभावित इलाकों में एयर कॉम्बिंग होगी। वैसे इलाके, जहां माओवायों के शीर्ष नेताओं का जुटान हो सकता है, वहां निगरानी की जाएगी। वैसे कॉम्बिंग झारखंड पुलिस करेगी, लेकिन जरूरत पड़ने पर सेना की मदद भी ली जा सकती है। इसकी मुख्य वजह नक्सलियों में पुलिस की ऐसी दहशत कायम करना है, ताकि वे चुनाव में किसी भी तरह से बाधा उत्पन्न न कर सकें। इन क्षेत्रों में

**होगी निगरानी**

इस बार की एयर कॉम्बिंग में सिर्फ ट्राईजंक्शन इलाके को ही चुना गया है, जो खूंटी, सरायकेला-खरसावां जिले और पश्चिम सिंहभूम जिलों की मिलान पहाड़ी है। इसमें सरायकेला जिले का दलभंगा, कुचाई, खूंटी के अड़की से सटे इलाके, राय सिंदरी, जेंब्रो पहाड़ी के इलाके भी शामिल हैं। इन इलाकों की पहाड़ी में तराई से ऊपर कुछ नजर नहीं आता, बल्कि ऊपर से नक्सली पुलिस के मूवमेंट को पूरी तरह से देख लेते हैं।

> **इस बार की एयर कॉम्बिंग में सिर्फ ट्राईजंक्शन इलाके को ही चुना गया है, जो खूंटी, सरायकेला-खरसावां जिले और पश्चिम सिंहभूम जिलों की मिलान पहाड़ी है।**

**2017 से घटता गया नक्सली प्रभाव** नक्सली गतिविधियां झारखंड के बंगाल, ओडिशा और झारखंड की सीमा स्थित रेड जोन में 2003 से लेकर 2017 तक जारी रहीं। कई बड़ी घटनाएं इस दौरान हुईं। इस दौरान चार बार विधानसभा चुनाव भी हुए। इसमें दो चुनाव के दौरान सर्वाधिक एयर कॉम्बिंग की गई। विधानसभा चुनाव 2009 में 13 बार, जबकि 2014 में 4 बार एयर कॉम्बिंग की गई। वर्ष 2017 में रेड जोन के प्रमुख नक्सली कान्हू मुंडा उर्फ मंगल का अपने दस्ते के साथ आत्मसमर्पण करने के बाद इस इलाके में नक्सलियों का प्रभाव घट गया और प्रमुख नक्सली, जिसमें एक करोड़ के इनामी नक्सली और सीपीआई माओवादी के सेंट्रल कमेटी मेंबर असीम मंडल उर्फ आकाश उर्फ तिमिर ने रेड जोन का इलाका छोड़ दिया। इसलिए वर्ष 2019 के चुनाव में एयर कॉम्बिंग का टारगेट रेड जोन न होकर ट्राईजंक्शन हो गया।

**2010 में शीर्ष माओवादी नेता सिधु सोरेन के मारे जाने के बाद टूटी नक्सलियों की कमर**

वर्ष 2011 के बाद से लगातार नक्सलियों पर पुलिस हावी रही। वर्ष 2009 के विधानसभा चुनाव में रेड जोन में पुलिस पर फायरिंग, एयर कॉम्बिंग कर रहे हेलीकॉप्टर पर निशाना जैसे नक्सली वारदात हुए थे। पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर के मोतेरा जंगल में 25 जुलाई 2010 को शीर्ष माओवादी नेता सिधु सोरेन भी मारा गया, जो हत्या, आगजनी और अपहरण की कई वारदात में वांछित था। सोरेन माओवादी आधार वाली पीपुल्स कमेटी अगेंस्ट पुलिस एट्रोसिटीज (पीसीपीए) का सचिव भी था। माओवादियों के रेड जोन में पड़ाव का वह आधार था। यह दौरान ऑपरेशन ग्रीन हंट का था।

## मतदाताओं का धार्मिक ध्रुवीकरण कर रही भाजपा : मुंजनी

**रांची।** कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह भड़काऊ भाषण देकर मतदाताओं का धार्मिक ध्रुवीकरण कर रहे हैं। यह आचार संहिता का उल्लंघन है। चुनाव आयोग तुरंत मामले पर संज्ञान ले और उन पर न्यायसंगत कार्रवाई करे। ऐसे भाषणों व वक्ताओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य के मूल मुद्दों पर चर्चा करने से भाग रही है। जल, जंगल, जमीन, 1932 खतियान, सरना कोड, पिछड़ों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण ये सब मुद्दों पर भाजपा बात न कर बस धर्म के नाम पर ध्रुवीकरण कर रही है।

## वारंटी को गिरफ्तार कर भेजी जेल

**रांची।** लोअर बाजार थाने की पुलिस ने फरार वारंटी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम नफीसुल रहमान उर्फ कैफी है और वह बर्फ फैक्ट्री गली का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, आरोपी 2022 से फरार चल रहा था। उस पर रामनवमी शोभायात्रा के दौरान विवाद हुआ था। इस मामले वह भी शामिल था।

## डीआरएम ने किया तिरुलडीह समेत अन्य स्टेशनों का निरीक्षण

**सरायकेला।** रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा ने शुक्रवार को चांडिल-मुरी रेलखंड पर स्थित गुंडा बिहार, झिमड़ी, बाकारकुड़ी, लेटेमदा और तिरुलडीह निरीक्षण किया। विशेष सैलून से पहुंचे डीआरएम ने स्टेशनों में चल रहे विकास कार्य के अलावा सिग्नल, सुरक्षा और अन्य जरूरी चीजों की जांच की और आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने रेलवे यार्ड समेत अन्य विभागों का निरीक्षण किया। डीआरएम के निरीक्षण के दौरान रेलवे के कई अधिकारी उनके साथ मौजूद थे।

## रामगढ़ में पत्नी को धोखा देकर दूसरी शादी के लिए किया इंगेजमेंट, महिला थाने में शिकायत दर्ज

**रामगढ़।** शहर के नई सराय सीसीएल कॉलोनी का एक आशिक मिजाज युवक ने पहले एक लड़की से लव मैरिज किया। अब दूसरे से अरेंज मैरिज की तैयारी कर चुका है। उस ने पत्नी को धोखा देकर दूसरी लड़की के साथ इंगेजमेंट कर लिया है। यह पूरा मामला तब सामने आया जब पीड़िता शनिवार को दो बच्चों के साथ रामगढ़ महिला थाने पहुंची। रांची रोड की रहने वाली दीप्ति सिन्हा ने पति निशित उर्फ निक्कू कपूर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उसने कहा है कि उसके पति ने उसके साथ मारपीट की और फिर घर से निकल गया। बाद में पता चला कि वह अपने माता-पिता की सह पर दूसरी शादी कर रहा है। जिस लड़की के साथ उसने इंगेजमेंट किया है उसकी तस्वीर भी उपलब्ध है जबकि वर्ष 2019 में निक्कू ने उसके साथ लव मैरिज किया था। दिप्ती सिन्हा ने जब महिला थाना कोई सूचना दी तब पुलिस अलर्ट हो गई। पुलिस की टीम ने नई सराय सीसीएल कॉलोनी पहुंची लेकिन वहां क्वार्टर में ताला लटका हुआ पाया। महिला थाना प्रभारी श्वेता कुजूर ने बताया कि मामले की तहकीकात की जा रही है। घर पर भी कोई मौजूद नहीं था। फिलहाल, निशित उर्फ निक्कू कपूर की तलाश की जा रही है।

## डकैती की साजिश में पकड़े गए आरोपियों को रिमांड पर लेगी पुलिस

**जमशेदपुर।** मैच से पहले क्रिकेट टीम बनाने वाले एप में जीते एक करोड़ रुपये लूटने की योजना बना रहे चार अपराधियों को जेल भेजने के बाद अब उन्हें रिमांड पर लेने की पुलिस तैयारी कर रही है। इसके लिए अदालत में अर्जी दी जाएगी। इन्हें रिमांड पर लेकर पुलिस पिछले छह महीने में हुई लूट की घटनाओं के बारे में पूछताछ करेगी। पुलिस को आशंका है कि लूटपाट की घटनाओं में यह गिरोह शामिल है। पुलिस ने बुधवार को चार लोगों को जेल भेजा। ये लोग बमार्माइंस के ही एक युवक को लूटने वाले थे, जिसने एप के जरिए से रुपये जीते हैं। उनके पास से दो पिस्तौल और गोलियां बरामद की गई थीं। जेल भेजे गए अपराधियों में रोशन सिंह उर्फ पाका, दीपक ठाकुर उर्फ डोमा, अमित कुमार सिंह उर्फ गोलू और गौरव कुमार सिंह शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से एक लोडेड देसी पिस्तौल, एक लोडेड देशी कट्टा, दो जिंदा गोली और एक मोटरसाइकिल बरामद की थी।

## प्रकाश पर्व पर निकली प्रभात फेरी

**रांची।** गुरु सिंह सभा मेन रोड, गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा और गुरु सिंह सभा, पिस्का मोड़ की प्रभात फेरि?यों का शनिवार सुबह मिलन हुआ। सभी प्रभातफेरी सम्मिलित रूप से श्री गुरु सिंह सभा, पिस्का मोड गुरुद्वारा साहब पहुंचीं। रविवार को प्रभात फेरियों का समापन गुरुद्वारा साहिब मेन रोड में होगा। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर बरता जाएगा। श्री गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर शनिवार को गुरुद्वारा साहिब, मेन रोड की ओर से विभिन्न गुरुद्वारा साहिब से प्रभात फेरी निकाली गई। मेनरोड की प्रभात फेरी सुबह 4:30 बजे गुरुद्वारा साहिब से शुरू होकर गुरुद्वारा साहिब, पिस्का मोड़ में समाप्त हुई। वहीं, स्टेशन रोड की प्रभात फेरी होटल प्रीत पैलेस से शुरू हुई। पीपी कंपाउंड की प्रभात फेरी गुरुनानक स्कूल से शुरू हुई। स्टेशन रोड़ व गुरुद्वारा साहिब, कड़रू की प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब, मेन रोड़ में समाप्त हुई।

## वेदव्यास निषाद चेतना समिति ने सरयू को दिया समर्थन

**जमशेदपुर।** वेदव्यास निषाद चेतना समिति जमशेदपुर ने जमशेदपुर पश्चिम से एनडीए उम्मीदवार सरयू राय को अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया। यहां जारी अपने समर्थन पत्र में समिति के अध्यक्ष भोला प्रसाद ने कहा कि केवट, विंध, नूनिया, मल्लाह, नोनिया, घासी एवं समस्त निषाद वंशीय समाज ने सरयू राय को समर्थन का आश्वासन दिया है।


### कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, खूँटी।

(निर्वाचन शाखा)

**आदेश**

मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 6727 दिनांक 05.11.2024 एवं स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 691 दिनांक 22.10.2024 के आलोक में सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 की धारा–4 के अधीन खूँटी जिला अन्तर्गत 58–तमाड़ (अ.ज.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र (अड़की अंश), 59–तोरपा (अ.ज.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 60–खूँटी (अ.ज.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी 536 मतदान केन्द्रों को ''तम्बाकू मुक्त क्षेत्र'' घोषित किया जाता है।

मतदान केन्द्र परिसर में किसी प्रकार का तम्बाकू पदार्थ, यथा–सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा इत्यादि का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

आदेश का उल्लंघन करने पर सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 के सुसंगत प्रावधान के आलोक में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, खूँटी।

PR 339985 Election(24-25)D

संस्मरण

# मां की खासियत सबसे अलहदा

उस जमाने की स्त्रियाँ न जाने किस साँचे में ढली होती थीं कि अधिकांश महिलाओं के अंदर दया-माया, प्रेम, धैर्य, सहनशीलता, त्याग, सामंजस्य क्षमता आदि के मानवीय गुण कूट-कूट कर भरे होते थे।



अनिता रश्मि

हाँलाकि अपवाद तब भी था। मेरी माँ लीलावती देवी को ईश्वर ने एक और अलग नए साँचे में ढाला था। वैसी शख्सियत विरल हैं। जिन्होंने देखा था, सबने कहा था। वे उच्च कोटि के जीवन मूल्यों से लबालब भरी थीं। नाना की पहली संतान, छः बहनों में सबसे बड़ी माँ के अंदर बचपन से ही अलग तरह के संस्कार भर गए थे। शादी पूर्व अन्य लड़कियों की तरह गृहकार्य में दक्ष, सिलाई-बिनाई, कढ़ाई में निपुण माँ के हाथों के द्वारा आँका गया हिरण, मोर अब भी झाँककर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं।

यह तो उस जमाने की कई लड़कियों की खासियत थी। अतः ससुराल के लिए सभी ठोंक-बजाकर तैयार की जाती थीं। लेकिन मां की खासियत सबसे अलहदा। हमने बचपन से ही देखा कि वह कितनी करुणामयी है। लोगों के प्रति छल-छल छलकती करुणा के साथ गौरैया, कौवे, गाय, कुत्ते को तो रोटी खिलाती ही थी, चींटियों के लिए भी चीनी-पानी कोने-कतरे में रखती थी।

हम छः भाई-बहन एवं बाबूजी चिढ़ जाते। पर उसको फर्क नहीं पड़ता था।

चीटियों, कीड़े-मकोड़े को बचाकर चलते समय लड़खड़ाते-सँभलते देखकर तो खासकर उसको विरोध के स्वर सुनने पड़ते। पर वे मीठी-मध्यम आवाज में समझाती, चींटियों को बचाकर इसलिए चलती हूँ कि जिनको हम जीवन दे नहीं सकते, उन्हें मार कैसे सकते हैं।

वह कभी किसी से तीखी, नाराजगी भरे अंदाज में बात नहीं करती थी। बल्कि उनकी आवाज में अतिरिक्त नम्रता यानी बेचारगी की झलक।सदा उनके शब्द होते,खीरा के चोर और हीरा के चोर बराबर होव है।

लो, उसका ?सा असर, मैं एक रुपये की भी बेईमानी कभी कर नहीं सकी। सपने में भी बेईमानी का विचार नहीं आया। और तो और दो रुपये की बेईमानी जिस भी व्यक्ति ने मुझसे की, नाराजगी झेली। अलग बात कि माँ की तरह ही हजारों रुपये खुशी से दे दूँ।

वे एक बात और प्रमुखता से कहती,

आत्मा सब कुछ देखती है। उससे कुछ भी नहीं छुपता है...और गलत काम करते वक्त आत्मा जरूर रोकती-टोकती है। उसकी सुन ले तो आदमी कोई गलत काम नहीं करेगा।

बाद में मेरी एक कहानी में यह वाक्य समा गया। नित्य चार बजे भोर से हमारे घर में गीता का बारहवाँ अध्याय गूँजने लगता। माँ पूजा के रैक के सामने आसनी पर बैठी मुँह अँधेरे गीता के श्लोक को सस्वर पढ़ती। वह कहती,

कृष्ण जी ने हमको साक्षात्द दर्शन दिया है। कृष्ण की परम आराध्या माँ ने पूरे मुहल्ले के लोगों से दोसुत्ती कपड़े में बाल गोपाल को कढ़वाया था। हम चार भाइयों-दो बहनों से तो दो-तीन।

यह उनकी कान्हा के प्रति अप्रतिम प्रेम की निशानी थी। सबमें रोपने की उनकी कोशिश। पूरा चर्च रोड मुहल्ला उनका दीवाना। कोई भी व्यक्ति घर से बिना खाए नहीं लौट सकता था। जो कोई घर में आ गया, वह भगवान...'अतिथि देवो भव।सब कहते, इतनी सरल, सहज लेडी नहीं देखी। तुम बच्चे लोग परेशान नहीं होओ। हमलोग समझते हैं इनकी निश्छलता। ऐसा कहने की वजह थी। माँ कुछ पका भोजन नहीं रहने पर हमसे उन्हें चना-गुड़ या मात्र दाल-चीनी भी दिलवाकर ही लौटने देती। हम असहज महसूस करते।हमारे घर हर समय दूर-नजदीक के परिजनों का आगमन। आधी जिंदगी हम भाई-बहन जमीन पर ही सोते थे क्योंकि पलंगें उनके लिए खाली करवाती। अतिथि खुश होकर लौटते हुए कहते, हमलोग यहाँ केवल लीली दीदी / लीली भाभी के लिए आते हैं। इतनी निश्छल... रुखा-सूखा मायने नहीं रखता है। प्यार की बरसात में भीगे होते सब। मां गजब की सुंदर थी। गोरा रंग, सुतवां नाक, कटिचुंबी केश। विल पावर की धनी, आत्मविश्वास से लबरेज। पर बेहद बीमार। भाई के जन्म के समय से सन्निपात की भयंकर रोगिणी। घर के कार्य, भाइयों की देखभाल हम बहनें करतीं। माँ की तिमारदारी भी।



छुटपन से ही चूल्हा-चौकी हमारे कोमल हाथों में। पर अतिथि सत्कार करते वक्त या गीता पाठ करते वक्त या चींटी सबको चीनी देते समय वह न जाने कैसे ठीक हो जाती। कालांतर में उसको एक शौक लगा। वह पिक्कर देखने सिनेमा हॉल जाती।

हमें भी दिखलाती, मुहल्लेवालों के साथ हर आने-जानेवालों को भी उकसाती। बल्कि देखने जाने की जिद सी करती। हम बड़े हो गए थे तो उनका वह बुढ़ापे का शौक, जिद हमें अखरता। शर्म आती कि लोग क्या कहेंगे। अब सुनिए उसका तर्क...एक दिन हमें ऊत्तर सुनने को मिला,देखअ, एक फिल्म बनावे में केतना पैसा लगअ है। केतना लोग के मेहनत लगअ है। केतना लोग के रोजी-रोटी चलअ है। येही से सबके सिनेमा देखना चाहिए। उनकी जिद का भेद खुला। उनकी निगाहों में तब के टिकट काटनेवाले, दरबान, सीट पर बिठानेवाले टॉर्चधारी व्यक्ति और न मालूम कितने संबंधित लोग प्रत्यक्ष हो गए होंगे, हम समझ गए थे।

इस तर्क के बाद हम सब अपने लोगों की बोलती बंद। मां 1995 में 64 की उम्र में चली गई लेकिन सबको कितना कुछ दे गई, इस छोटे से कलेवर में वह सब नहीं समा सकता।

# माँ

एक लोहे का बड़ा सा बंद दरवाजा। लगातार कोशिशों के बाद उन दोनों ने उसकी कील के पास एक छोटा सा रास्ता आखिर ढूंढ ही लिया था। चिड़ा परेशान हो जाता यह सोचकर कि अब जबकि गौरैये के प्रसव का समय इतने करीब आ गया है और अभी तक वे दोनों कोई घोंसला नहीं बना पाए हैं। आज लोहे के दरवाजे के पास से जब अंदर जा पाए तो ऊपरवाले के सिजदे में उनकी गर्दनें स्वतः ही झुक गयीं,जब उन्होंने वहां एक छिपा हुआ टोकरा देखा।अरे ,इससे अच्छी और सुरक्षित जगह और क्या हो सकती है भला! आव देखा न ताव,निकल पड़े तिनकों की तलाश में।



सुरेश चंद्र झा

कहाँ कहाँ मारे फिरे, तब जाकर तिनके इकट्ठा हो पाए। एक एक तिनका पतली और छोटी सी चोंच में इतनी बार लाना,फिर उन्हें यथास्थान रख कर घोंसले को वास्तविक स्वरूप देना,दोनों परेशान थे।आज सातवीं बार सूरज निकला, तो उनका काम पूरा हुआ। गौरैये ने अंदाजा लगाया कि अब दो बार जब सूर्य निकलेगा तब तक शायद प्रसव का समय आ जाये।

उनका अंदाजा सही सावित हुआ। वे दो दिन उन दोनों पर बहुत भारी पड़ रहे थे। हमेशा डर बना रहता कि घर का मालिक या कोई और जीव उनके छिपा कर बनाये घोंसले को नष्ट न कर दे। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। नियत समय पर गौरैये ने अंडे दिए।अब चिड़ा और गौरैया दोनों की खुशियां अपने चरम पर थीं कि चलो प्रसव तो निर्विघ्न पूर्ण हुआ।कभी कभी प्रसव काल में इतनी बाधाएं भी आई थीं जिनकी याद से वे दोनों सिहर उठते थे। अब समस्या थी,अंडों की सुरक्षा। दोनों ने तय किया कि उनमें से एक खाने का जब इंतजाम करने जायेगा तब दूसरा पहरे पर रहेगा। हालांकि दोनों जानते थे कि बड़े जीवों के सामने भला उनका क्या अस्तित्व। लेकिन प्रतिरोध तो कर ही सकते थे। दोनों ईश्वर से मनाते कि सिलसिले वैसे ही चलें,जैसा उन्होंने सोचा है। अब प्रतिदिन गौरैया अपने छोटे छोटे पंख के नीचे अंडों को सेती रहती और चिड़ा दाने की खोज में यहां वहां भटकता और दाना लाकर गौरैया को खिलाता। दस बार सूरज निकलने के बाद जब अंडे फूटे,तो उन दोनों की खुशी सातवें आसमान पर थीं। चारों अंडों से बच्चे सही सलामत बाहर आ चुके थे। उनके पंख तो अभी खुले नहीं थे,लिहाजा,गौरैया जब कहीं दाना पाती, उड़कर आती और एक बच्चे की चोंच में डाल फिर उड़कर दाने की खोज में जाती और फिर दूसरे झ तीसरे चौथे तक ये सिलसिला चलता रहता। उसके बाद ही कहीं उसे अपने लिए दाने की फिक्र होती। माँ का दिल भला अपने भूख प्यास की परवाह करता है क्या ?अब गौरैया को इंतजार था बच्चों के पर निकलने का।

अकस्मात एक दिन उसके पंखों से वहां रखा रंग का एक डब्बा उलट गया और उन बच्चों के बदन के कुछ हिस्से रंगीन हो गए। गौरैये ने इसे देखा पर कुछ कर पाना उसके वश में तो था ही नहीं हाँ उन बच्चों की एक पहचान अलग सी हो गई थी रंगीन सी,जो उसे भी अच्छी लगती थी। पांच छः बार सूरज और निकला कि उन बच्चों के पंख पूरी तरह निकल आये। उन्हें थोड़ा थोड़ा उड़ना सिखाया गौरैये ने। अब बच्चे उड़ सकते थे।

सिलसिला यूं ही चलता रहा।अब बच्चे खुद उड़ने के लायक हो चुके थे। अगली सूरज की किरणों के साथ गौरैये ने देखा,घोंसला खाली हो चुका था। वो बच्चे जिनके लिए वो दाना लाती,जिन्हें उड़ना सिखाकर खुश होती वो पंखों के मिलते ही सदा के लिए उससे दूर हो चुके थे। कभी वो प्रसव के पूर्व पलों को याद करती,कभी तिनका तिनका चुन लाये घोंसले के निर्माण करने की खुशी को। एक एक दाना उनके लिए लाने की पुरानी यादें उसके अंतर्मन को बींध जातीं ,अभी कुछ समय पहले तो सब साथ थे आपस में बातें करते समय व्यतीत कर रहे थे। दोनों अतीत को याद करते और आंखों से झर झर आंसू बहाते।

समय के भी पंख होते हैं। यह अपनी अविरल गति से चलता ही रहता है। दिन गुजरते गए। अब गौरैया का वह जोड़ा फिर अकेलेपन की त्रासदी से जूझ रहा था। शरीर के संचालन के लिए पेट भरना जरूरी होता है। खाना तो लेने की जुगत बनानी ही होगी,गौरैया दूर दूर तक उड़कर जाती,कहीं कोई अन्न का दाना दिख जाए जिससे वह अपनी भूख मिटा सके। एक दोपहर जब गौरैया खाने की तलाश में उड़ रही थी उसने धान के खेत के बाहर अनाज का एक दाना गिरा देखा। गौरैया उड़कर वहां पहुंच गई। आज उसे कहीं दाना नहीं मिला था बहुत भूखी थी वह। उस दाने को खाने के लिए अपनी चोंच में डालने ही जा रही थी कि उसकी नजर सामने उसी दाने पर झपटते दूसरे गौरैये पर पड़ी। और उसने तक्षण उस दाने से अपनी चोंच हटा ली। दूसरी गौरैये ने दाना अपनी चोंच में डाला और फुर्र हो गई। गौरैया सूनी पर भरी भरी सी आंखों से उसे उड़ती देखती रही। क्योंकि उसने देख लिया था कि उस दूसरी गौरैये के पंख उसी रंग से रंगे हुए थे जो महीनों पहले उसकी गलती से उलट गया था।

## प्रेरणा गीत



तू फर्ज अपना जानकर।
हर हाल में मतदान कर।
सौ फीसदी हो कोशिशें,
सौ फीसदी मतदान कर।

इतिहास तुम नूतन बना
संसार को हैरान कर।
पहले पहल ही वोट दे,
फिर बाद में जलपान कर।
हर हाल में मतदान कर।

जनतंत्र को मजबूत कर,
सरकार का निर्माण कर।
सब शक्ति तेरे पास है।
कानून का गुणगान कर।
हर हाल में मतदान कर।

हर वोट होता कीमती,
हर वोट की पहचान कर।
हर वोट का उपयोग कर
ऊँची अपनी शान कर।
हर हाल में मतदान कर।



बिनोद बेगाना

## जिंदगी



कंचन सिंह

ये जो जिंदगी है,ठहरती कहां है?
नदी सी बहती है ये-
कभी पत्थरों को काटकर,
कभी रेत पर फिसल कर।


कभी गहरी तो कभी संकरी
कभी घने जंगल में अकेली ,
कभी शहर की भीड़ को चीर कर।
कभी बर्फ सी सफेद
कभी काली कालिख सी मैली।

कभी लिए साथ श्रद्धा के सुमन,
कभी किसी के अरमानों का कफन।

ना मंजिल का ठिकाना है,
अपना रास्ता खुद बनाना है।

एक दिन समुद्र में मिलकर,
अपना अस्तित्व भी मिटाना है,
फिर भी बहते जाना है।

ये जो जिंदगी है ठहरती कहाँ है?



## कार वाली मेड



**दीपावली** पर इस बार निज गृह में नहीं रहने की कसक लिए हम अमेरिका बेटे के निज गृह में नवजात पोते के संग दीपोत्सव मनाने आए थे।बच्चों के बीच आनंद की अनुभूति से ओत प्रोत भिन्न परिवेश में हर्षोल्लास से दिन बीत रहे थे।



सविता गुप्ता

चलो अच्छा है इस बार घर की साफ सफाई के झंझट से बच गए वरना घर का कोना कोना चमकाने के चक्कर में हालत पस्त हो जाती। ऊपर से मेड के नखरे सहो सो अलग। जिस दिन बोलो कि कल जरा साफ सफाई में हाथ बँटा देना उस दिन मेमसाब गच्चा दे देती।राह तकते तकते खुद ही जाला साफ करने वाले लंबे डंडे लेकर उचक -उचक कर झोल अरे वही जाले साफ करते और सारा दिन मन भर मेड को कोसतेङ्कइन बातों की चर्चा बहु बेटे से कर ही रही थी कि डोर बेल बज उठा बहु ने कहा मेड होगीङ्कमेरे मुँह से आश्चर्य मिश्रित चीख निकल पड़ी ङ्कमेड यहाँ अमेरिका में?मन ही मन मारे खुशी के फूल झड़ी फूट रहे थे कि चलो बस यहाँ इनकी ही कमी खलती थी ,वह भी अब उपलब्ध है।

हाँ ,मम्मी क्लीनिंग के लिए बुलाया है। उत्सुकता वश बहु के साथ -साथ दरवाजे तक चली गई मेड को देखने मानो कोई विशेष अतिथि आया हो।देखा तो घर के सामने कार खड़ी थी जिसमें से एक महिला गोरी चिट्टी,जींस पैंट,जैकेट पहने कुछ उपकरण उतार कर ला रही थी।वह किसी एंगल से मेड नहीं प्रतीत हो रही थी।घर में प्रवेश करते ही मधुर मुस्कान से उसने सबको हाय हैलो किया और लग गई काम पर दो घंटे में वह घर के बाथरूम से लेकर किचन और हर कमरे की साफ सफाई इतने मनोयोग से कर रही थी ,जिसे देख मैं मन ही मन उसकी तुलना भारतीय काम वालियों से करने लगी ङ्कएक ये हैं कितने ढंग से सारे घर को चकाचक कर दिया।काँच की खिड़कियों को भी सीढ़ी लगा कर चमका दिया।बिना किसी टोका टाकी के और एक हमारी वाली हैं जिन्हें दस दफा टोकने पर भी करना वही है जो वो चाहेंङ्कखैर, अब मन में सवाल कुलबुला रहा था कि बहु से पुछे कि ये दो घंटे का कितना लेगी। उसके जाते ही मैंने तपाक से पूछ लिया रीमा बहु कितना देती हो इसे? मम्मी दो घंटे का सौ डॉलर।

क्या?मेरी आँखें और मुँह दोनों खुले के खुले रह गए।बाप रे ! आठ हजार से भी ज्यादा ये तो पूरा लूट है।घर की सफाई है या जेब की सफाईङ्क इससे तो अच्छा अपना भारत है भई।



कल्याणी झा कनक

## आराधना

दिनकर की आराधना, शुचिता सदा महान।
उगते सूरज को नमन, अस्त हुए दिनमान।।

परात, दौरा, सूप, से, सजे हुए बाजार।
घर-घर गेहूँ धुल रहे ,श्रद्धा लिए हजार।।

लोकगीत सुमधुर लगे,मनवा जागे प्रीत।
गाते अंतस भाव में, जीवन का संगीत।।

माता षष्ठी की कृपा, अद्‌भुत अपरम्पार।
भक्तों की अति भावना, भव सागर माँ तार।।

महापर्व शुभ आस्था, धर मन में विश्वास।
हर युग की गाथा कहे, होगी पूरी आस ।।

## गजल

ज़िंदगी के आइने में फ़र्क़ है
या हमारे देखने में फ़र्क़ है

भोर हो या दोपहर या शाम हो
धूप के भी कायदे में फ़र्क़ है

मौसमों की जो हक़ीक़त है उसे
झेलने औ' बाँचने में फ़र्क़ है

पी के शब्दों को हुआ मालूम ये
इस नशे और उस नशे में फ़र्क़ है

हाँ! समंदर से ही मिलती है नदी
पर नियति और फ़ैसले में फ़र्क़ है

एक पौधा और होता घाव इक
और दोनों के हरे में फ़र्क़ है

खो वजूद अपना समझ आया हमें
क्या हुजूम और काफ़िले में फ़र्क़ है।



अंजू केशव

## काव्य कोना

### प्रतीति

किताबों के पन्नों की तरह हम
उलटते-पलटते रहे
रटने का विषय न था,आप रटते रहे।

बादलों के बीच में हम लकीरें बनाते-
मिटाते रहे
आसमां में आप आशियॉं बनाते रहे।

सागर की लहरों पर हम आते
जाते रहे
किनारे पर आप रंगोली बनाते रहे।

पत्तों के तन छू कर हम बहते रहे
हवा के झोंकों पर आप सरगम सजाते रहे।

साजो पर धुन बनके हम थिरकते रहे
बोल बन के आप गुनगुनाते रहे।

नाग मणि

# यात्रा रामेश्वरम की

रामायण में कथा के अनुसार, रावण-वध के पश्चात राम वापस अयोध्या लौटना चाहते थे। श्रीलंका से सेतु मार्ग से होकर रामेश्वर के पास समुद्र किनारा पर उतरे। शिवभक्त, विद्वान, कई भाषाओं का ज्ञाता रावण के मारे जाने पर स्वयं राम पश्चाताप में डूब गए थे। अब उनके पास जगत जननी सीता तो थी, लक्ष्मण जैसा भ्राता तो थे लेकिन युद्ध के पश्चात होने वाला दुख भी साथ था। अपना मन शांत करने के लिए शिव - आराधनाका मन बनाए। राम भक्त हनुमान को आज्ञा प्रदान किए शिवलिंग लाने के लिए। शिव पूजन का एक शुभ मुहूर्त था जो निकला जा रहा था। माता सीता ने समुद्र के बालू से शिवलिंग बना डाली। राम पूजन की तैयारी कर रहे थे तभी हनुमान राम द्वारा निर्देशित शिवलिंग लेकर आ गए। अब राम हनुमान के मान रखने के लिए, शिवलिंग की स्थापना कर अर्चण - पूजन प्रारंभ कर दी। अतः वहाँ रामेश्वरम में दो-दो शिवलिंग साफ देखे जा सकते हैं। रामेश्वरम का शिव मंदिर दिव्य, भव्य और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। विश्व का सबसे बड़ा कोरिडोर इसी मंदिर में है।



गीता सिन्हा गीतांजलि



समुद्र का किनारा, बड़ी बड़ी लहरियों का जमावड़ा, समुद्र की हा.. हा... हा... हा.. हा... करती आवाजें। कभी श्वेत, कभी काली रंग में उमड़ती लहरियाँ। समुद्र आकाश की तरह रंग बदलता है। अगर आकाश बादलों से भरा हो तो समुंदर का रंग भी बदलियों जैसा ही दिखता है। अगर आकाश में खिला- खिला चाँद हो, तारों की टिमटिमाहट हो तो समुंदर में वही आकाशी दृश्य ज्यों की त्यों उतर आता है। हाँ हवा इस दृश्य को झकझोर कर रख देती है। चाँद थरथराता है तारे एक-दूसरे से उलझ जाते हैं चाँदनी बिखर बिखरकर, चूर्ण हो होकर लहरियों में समा जाती है। या यों कहें उजली काली चट्टानें चकनाचूर होकर लहरियों में समाती जाती है। समुद्र के किनारे का वह हिस्सा जहाँ रामायण काल में राम - विभीषण की भेंट हुई थी। वहीं समुद्र के जल से विभीषण का जलाभिषेक कर राम ने उन्हें श्रीलंका का राजा बना दिया था। वहीं समुद्र के किनारे बैठकर राज्यारोहन की प्रक्रिया पूरी की गई थी। लोग बताते हैं विभीषण से राम पहली बार यहीं मिले थे। उन्हें मित्र पुकार कर राम ने उन्हें अपना बना लिया था। हम घूमते- घूमते उस जगह पर पहुँच गए थे जहाँ रामायण काल की यह घटना घटी थी। आज भी उस स्थान से लंका दिखाई पड़ता है। आज भी उमड़ते हुए समुद्र के बीच श्रीलंका की धरती उठती हुई सी प्रतीत होती है। हम लौट चले थे, जब गाड़ी वाला ने एक स्थल पर गाड़ी रोक दी। यह है - 'धनुषकोडी' जहाँ हम पत्थर पर पड़े बड़े - बड़े पदचिन्हों को देखी। मैं आश्चर्य में डूब गई, किसके हो सकते हैं पदचिन्ह ? महामानव? रामायण में वर्णित रामदूत हनुमान या स्वयं राम के? वहाँ फोटोग्राफी मना की गई थी। अतः कोई फोटो भी नहीं है हमारे पास। बस मंदिर जैसा एक एहसास और पूजन जैसी एक भावना।

गाड़ी कुछ आगे बढ़ी। गाड़ी वाला बोला - कहते हैं यहीं रामायण काल में राम ने श्री लंका पर चढ़ाई करके रावण को युद्ध के लिए ललकारा था। विभीषण के बताए गए इशारे से राम ने रावण के नाभि का अमृत सोंखकर मार डाला। कई राक्षसों का वध किया गया। लंका पर विजय प्राप्त कर सीता के साथ जब अयोध्या लौट रहे थे ब्राह्मणों ने राम को स्नान के लिए कहा। ब्राह्मण हत्या के पाप से मुक्ति के लिए यज्ञ का प्रारंभ हुआ। मैं देखी समुद्र के किनारे रामकुंड, लक्ष्मण - कुंड ये सब स्थान संरक्षित हैं। शायद यहीं राम ने स्नान किया होगा। यहां इस कुंड में सीता स्नान की थी। यहाँ इस कुंड में लक्ष्मण। कुंड के पास एक व्यक्ति कई तरह के पत्थर जमा किया था। वह आने वाले लोगों को तैरने वाला पत्थर को दिखा रहा था। ये पत्थर खोखले थे और बड़ा सा जल भरा टब में तैर रहे थे। पानी में डूब नहीं रहे थे। ऐसे कई पत्थर जिसका रंग मटमैला, थोड़ा सा लाल मिट्टी सा था, समुद्र के किनारे जहाँ - तहाँ पड़े थे। कहते हैं राम ने अपनी बंदर भालू की सेना के द्वारा इन्हीं पत्थरों के सहारे सेतु बनाया था। रामसेतु आज भी समंदर में दिखाई पड़ता है। समुद्र के जल बढ़ने - घटने से इसका अस्तित्व नहीं मिटता। सदियों से रामसेतु हमारा विश्वास का केंद्र रहा है। जब बुराई पर विजय प्राप्त करने के लिए सत्य के प्रतीक बने राम लंका पर चढ़ाई की थी। समुद्र मार्ग बना लंका तक पहुंचे थे।

## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक**

## आज का दोहा

**यदि उन्नत होता नहीं, मन का यह संसार।
सब समान हैं अर्थ में, बाड़ा, भेड़ , विचार।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

# अनमोल रिश्ते

कल स्वाति आ रही है,। पूरा घर चहल पहल में डूबा हुआ है। अम्मा जी के पैर तो धरती पर ही नहीं पड़ रहे,,स्वाति की पसंद की खाने पीने की चीजों की तैयारी हो रही है। और मुदिता,घर की इकलौती बहू को फुर्सत नहीं कि वह फ्रेश होकर सुबह की चाय भी पी सके,बस मशीन की तरह किचन में व्यस्त हैं तड़के सुबह से ही,। परसों रक्षाबंधन है न.इकलौते भाई की अकेली बहन, सबको प्रतीक्षा रहती है उसके आने की। परसों मनीष ने छुट्टी ले ली है,क्योंकि विदेशी कंपनी होने की वजह से राष्ट्रीय छुट्टियों को छोड़कर और कोई छुट्टी नहीं होती। मुदिता बस दौड़ती रहती है घर आंगन,, एक दूसरे की सुविधाओं का ख्याल रखती, जरूरी चीजों की व्यवस्था, लेनदेन की जिम्मेदारी सब कुछ मुदिता के ऊपर ही है। दोनों बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करना, स्कूल छोड़ना,लौटते समय सब्जियां खरीद कर ले आना,और फिर उसकी खरीददारी पर घंटों अम्मा जी के प्रवचन सुनना।



-पद्मा मिश्रा

मुदिता भी चाहती है अपने मायके जाना, दोनों छोटे भाइयों को सामने बैठा कर राखी बांधने का सुख जीना चाहती है,,पर विवाह के बाद ये कभी संभव नहीं हुआ,,बस कभी आनलाइन या कभी स्पीड पोस्ट से राखी भेजकर संतुष्ट हो लेती है,। आज की तकनीकी दक्षता ने भले ही यह ,सभव बना दिया है कि वह मोबाइल में अपने भाइयों को देख सकती है, लेकिन उनके स्नेहिल स्पर्श और अहसास की अनुभूति वह कभी नहीं कर पाती,। उन्हें गले लगाकर ढेरों आशिर्वाद देने की लालसा, अतृप्त ही रह गई। पिता के जाने के बाद अकेली मां के लिए भी वही मनोबल और जिजीविषा की कड़ी है। कभी कभी उसे लगता है कि मां के प्रति वह अपने कर्तव्य नहीं निभा पाती,क्या एक बेटी होने के नाते,?? हर बार स्वाति के आने की तैयारियों में जुटी मुदिता खुद से सवाल करती है... क्या मुझे हक नहीं??... पर कोई जवाब नहीं होता। दबंग अम्मा जी के उत्साह और आदेश की अवहेलना वह नहीं कर पात।,बेटी के लिए उनके ममत्व को वह बखूबी समझती है, इसलिए अक्सर चुप रहती है और चुपचाप अपने काम पूरे करती रहती है। अपनी यादों में खोई मुदिता की तद्रा भंग होती है टेलिफोन की कर्कश आवाज से,अम्मा जी पूजाघर में है और पति मनीष आफिस में। वह दौड़ कर फोन उठाती है,उधर से मनीष की आवाज सुनाई पड़ी... मृदु ! जल्दी से तैयारी करो, मायके जाने की , मां जी आई सी यू... में है, दोनों भाई अकेले हैं, सुबह ही छाती में दर्द था,पड़ोसी शर्मा जी ने भर्ती करा दिया है,,सुबह एक गाड़ी आयेगी तुमको लेने,जल्दी करो,। मैंने सारी व्यवस्था कर दी है..वह लड़खड़ा गई, आंसू आंखों में बह आये थे।तभी मनीष ने कहा*अम्माजी को फोन देना।वह दौड़ कर उनको बुला लाई,,पता नहीं मनीष ने क्या कहा उनसे कि वह घबराकर बोली,जल्दी तैयार हो जाओ बहू।मुदिता ने जल्दबाजी में दो चार कपड़े रखे और तैयार हो गई।बाहर गाड़ी हार्न दे रही थी।मुदिता का दिल घबराहट में न जाने कितने अनाप-शनाप बातें सोच रहा था,, गाड़ी में बैठी हुई मुदिता स्तब्ध थी,साथ ही पीछे छोड़ आए कामों की चिंता भी थी, बच्चों को भी नहीं बता पाई,।पता नहीं कैसे सब करेंगी अम्मा जी?,, फिर मां के विषय में सोचती,*अकेले वह कैसे संभालेगी मां को?, अचानक क्या हो गया,मेरे दोनों भाइयों का क्या होगा? फिर अपनी गलत सोचों को परे धकेल देती,,नहीं नहीं,ये मैं क्या सोच रही हूं?तभी रेलवे स्टेशन आ गया और सामने ही मनीष मिल गये। उसे टिकट थमाते हुए बोले, आराम से चार पांच दिन तक रुक जाना,जब तक मां की हालत संभल नहीं जाती। और एक बड़ा सा बैग थमा दिया,,लो,इसे संभालो, तुम कुछ जरूरी सामान घर भूल आई थी.. ट्रेन आई और वह बैठ गई,,वह चुप थी, केवल मनीष बोले जा रहे थे. बच्चों की चिंता मत करना, मैंने छुट्टी ले ली है, ट्रेन आगे बढ़ गई।

शाम को कानपुर पहुंच कर उसने आटो किया और घबराती हुई घर पहुंची,,,गेट से ही भागते हुए घर में घुसी तो सामने जो दिखा,,वह चकरा कर वहीं सोफे पर बैठ गई,, सुखद आश्चर्य!! मां तो बिल्कुल ठीक थी,वह दौड़ कर उनके गले लग गई**मां तुम्हारी तबियत कैसी है,, तुम तो आइसीयू में.. अरे नहीं, मैं बिल्कुल ठीक हूं,कल से ही सुजय,विनय जिद कर रहे थे कि इस बार दीदी के हाथों से राखी बंधवायेगे*और शाम तक मनीष जी को फोन कर बात भी कर ली,,ये सब मनीष जी का सुनियोजित नाटक था,,स्वाति के आने से तुम बहुत व्यस्त हो गई थी, इसलिए ये सब करना पड़ा, इसमें स्वाति भी शामिल है।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाराष्ट्र में भाजपा को सत्ता से दूर रखने के लिए शुरू हुआ 'वोट जिहाद'

**एजेंसी। भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बुरी तरह से हारें, सभी मुसलमानों के वोट एक मुश्त भाजपा के विरोध में पड़ें, इसके लिए महाराष्ट्र में वोट जिहाद के लिए माहौल तैयार करने की शुरूआत कर दी गई है। पूरे महाराष्ट्र में इस तरह की 400 से ज्यादा स्वयंसेवी संस्थाएं दिन-रात चुनाव में 'वोट जिहाद' के माध्यम से सत्ता में बड़ा फेरबदल करने के काम में लग गई हैं। सिर्फ मुंबई में ही 180 स्वयंसेवी संस्थाओं ने नौ लाख मुस्लिम मतदाताओं को जोड़कर वोटिंग टर्नआउट बढ़ाने का काम पूरा कर लिया है। ये एनजीओ मुस्लिम समुदाय के बीच जाकर भाजपा के विरोध में 'वोट जिहाद' करने के लिए उन्हें विभिन्न मुद्दों के जरिए समझा रही हैं। वहीं, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड ने महाविकास अघाड़ी (एमवीए) को समर्थन देने का ऐलान करते हुए मुस्लिमों से एकमुश्त महा अघाड़ी को वोट देने को कहा है। साथ ही इस संबंध में उलेमा बोर्ड ने शरद पवार, उद्धव ठाकरे और नाना पटोले को पत्र लिखा है। महाराष्ट्र में मस्जिदों से भी भाजपा को हराने की अपील की जा रही है।


Reg.No.: GBBSD/181/2022

मराठी मुस्लिम सेवा संघ

(संपूर्ण महाराष्ट्रातील विविध सामाजिक कार्यरत संस्थाचा संघ)

MARATHI MUSLIM SEVA SANGH

(Federation of Maharashtra Muslim NGO's)

Central Office : Empire Bldg., 1st Flr., Office No. 41, Dr. D. N. Road, Fort, Mumbai - 400 001. Mob.: 98696 09346
Mob.: 8928626844 • Email marathimuslimsevasangh@gmail.com • Website : MarathiMuslimSevaSangh.org

Faquir Mohd. Thakur – President
Haji Ibrahim Gulam Nabi shaikh – Chairman Managing Committee
Dr. A. R. Khan – V. P. - Vidharbha
Nuruddin Naik – V. P. - Kokan
Moiz K. Shaikh – V. P. - Marathwada
Ismail Abbas Samdule – V. P. - West Maharashtra
Nisar Baig Mohd. Baig Mirza – V. President - Khandesh
Shabbir Hussain A. R. Shaikh – V. P. - Mumbai
Capt. Akbar M. Khalape – General Secretary
Hanif I. Modak – Treasurer
Abdul Rashid Solkar – Office Secretary
Dr. Musadiq Mirajkar – Secretary
Zuber Sayyed – Secretary
A. Jabbar A. Karim Shaikh – Jt. Secretary
Kamal M. Mandlekar – Organizing Secretary - Kokan
Mohammed Afzal – Organizing Secretary - Vidharbha
Imtiyaz Amuddin Mankar – Organizing Secretary - West Maharashtra
Asif Aziz Nachan – Organizing Secretary
Dr. Iqbal Minne – Chief Organizing Secretary - Marathwada
Ibrahim A. Khan – Chief Organizing Secretary - West Maharashtra
Shabbir Momin – Organizing Secretary
Zuber Ali Khan – President - South Mumbai
Fayaz Parkar – President - Navi Mumbai
Sarfaraz Ahmed Hajju – Secretary - Navi Mumbai
Dr. Abbas Jabale – Organizing Secretary - Ratnagiri District

ऐ ईमान वालो जरा सोचो

क्या आप देश के संविधान, देश और महाराष्ट्र की एकता और अखंडता के खातीर अपने मत का अधिकार सही उपयोग करोगे ?

- क्या आप शरियत मे दख़ल अंदाज़ी करने वाले को वोट करोगे ?
- क्या आप सैंकड़ों बे-गुनाह मुसलमानों की लिंचिंग करवाने वालो को वोट करोगे ?
- क्या आप मुसलमानों से अलीगढ़ छीनने वालो को वोट करोगे ?
- क्या आप मुसलमानों पर समान नागरिक संहिता थोपने वालो को वोट करोगे ?
- क्या आप मदरसो को खत्म करने का इरादा रखने वालो को वोट करोगे ?
- क्या आप वक्फ के खिलाफ़ वालों को वोट करोगे ?
- क्या आप हमपर सीएए, एनआरसी थोपने वालों को वोट करोगे ?
- क्या आप हमारी बेटीयो के सरों से हिजाब खींचने वालों को वोट करोगे ?
- क्या आप गुस्ताके रसुल के साथ खडे होनेवाले पार्टीओं को वोट करोगे ?
- क्या आप मस्जिद में घुसके मारनेवाले के साथ खडे होनेवाले पार्टीओ को वोट करोगे ?
- क्या आप हम मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने वालों को वोट करोगे ?
- क्या आप बिलकीस के बलात्कारियों को छोड़ने वालों को वोट करोगे ?
- क्या आप बेकसूर मुस्लिम नौजवानों को बगैर सुनवाई जेल मे डालने वालों को वोट करोगे ?
- क्या आप १७ लाख मुसलमानों के बच्चो की स्कॉलरशिप बंद करनेवालों को वोट करोगे ?
- क्या आप हमारे उल्माओं पर झूटे मुकदमे करने वालों को वोट करोगे ?
- क्या आप बुल्डोज़र से हमारे मुसलमानो की बस्तियां उजाड़ने वाले को वोट करोगे ?
- जरा सोचो अगर ऐसा करोगे तो आप मे ओर मुनाफीको मे क्या फर्क रह जाएगा ?

हम आपसे बिनती करते है की, होनेवाले ईस इलेक्शनमें **महाविकास आघाडी** को अपना किंमती वोट देकर कामयाब बनाइए ।

आपला स्नेहांकित,
(फकीर मोहम्मद ठाकूर)
अध्यक्ष - मराठी मुस्लिम सेवा संघ

## मराठी मुस्लिम सेवा संघ का पत्र

इस संबंध में 'मराठी मुस्लिम सेवा संघ' के सामने आए पत्र ने सभी को चौंकाया है। यहां मराठी मुस्लिम सेवा संघ के पत्र में मुसलमानों से अपील करते हुए पूछा जा रहा है कि क्या आप सैकड़ों बेगुनाह मुसलमानों की लिंचिंग करवाने वालों को वोट करोगे? क्या आप मुसलमानों से अलीगढ़ छीनने वालों को वोट करोगे? क्या आप मुसलमानों पर समान नागरिक संहिता थोपने वालों को वोट करोगे? क्या आप मदरसों को खत्म करने का इरादा रखने वालों को वोट करोगे? क्या आप वक्फ के खिलाफ वालों को वोट करोगे? क्या आप हम पर सीएए, एनआरसी थोपने वालों को वोट करोगे? क्या आप हमारी बेटियों के सिरों से हिजाब खींचने वालों को वोट करोगे? क्या आप मस्जिद में घुसके मारने वाले के साथ खड़े होने वाली पार्टियों को वोट करोगे? क्या आप बुलडोजर से हमारे मुसलमानों की बस्तियां उजाड़ने वालों को वोट करोगे? अतः महाविकास अघाड़ी को अपना कीमती वोट देकर कामयाब बनाइए।

## लोकसभा चुनाव में हो चुका है प्रयोग

इससे पहले लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए मौलानाओं द्वारा मुस्लिमों से अपील किया जाना सामने आया था। वहीं, इस दौरान मराठी मुस्लिम सेवा संघ, महाराष्ट्र डेमोक्रेटिक फोरम जैसे अनेक एनजीओ की मुस्लिम लामबंदी में अहम भूमिका निभाने की जानकारी सामने आई थी। यही सब इस बार भी दोहराया जा रहा है।

## उलेमा निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका

दरअसल, इस संबंध में सोशल मीडिया पर वायरल हुए कई वीडियो बता रहे हैं कि कैसे मुस्लिमों को भाजपा के खिलाफ भड़काया जा रहा है। हर बार की तरह, इस बार भी मजहबी उलेमा इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जो अपने अनुयायियों को विशिष्ट उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने की सलाह दे रहे हैं।

## स्मृति इरानी ने दिया जवाब

प्रियंका के जवाब पर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने विपक्ष पर कड़ा प्रहार किया है, उन्होंने कहा है कि जो लोग वोट जिहाद का आक्रमण देश के लोकतंत्र पर कर रहे हैं, ये लोग कहां थे जब तीन तलाक से पीड़ित महिलाएं न्याय मांग रही थीं? ये कहां थे जब गरीब मुसलमान नौजवान शिक्षा सुविधा मांग रहे थे? वोट जिहाद कहकर वोट मांगने वाले लोकतंत्र की शक्ति को नहीं मानते, आज ऐसी सभी साजिशों का पदार्फाश हो रहा है।

## वोटों का हो रहा धुर्वीकरण : किरीट सोमैया

इस खुलासे के बाद भाजपा का आरोप है कि पूरे मामले में वोटों का ध्रुवीकरण किया जा रहा है। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर इस संस्था और इस प्रकार की कई संस्थाओं के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की है। उन्होंने कहा, मैंने धार्मिक भावनाएं भड़काने के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है, साथ ही मैंने मुसलमानों को भड़काने और धार्मिक अभियान चलाने के लिए मराठी मुस्लिम सेवा संघ और ऐसे अन्य गैर सरकारी संगठनों के खिलाफ मुलुंड पूर्व पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

## बचाव में उतरी प्रियंका चतुर्वेदी

दूसरी ओर भाजपा के लगाए आरोपों पर सांसद प्रियंका चतुर्वेदी का कहना है कि यदि कोई एनजीओ महाविकास अघाड़ी (एमवीएम) को वोट देने के लिए प्रेरित कर रहा है तो इसमें गलत क्या है? सभी लोग वोट मांगने जाते हैं। प्रियंका का दावा है कि आज संविधान और देश खतरे में है, इसलिए जिसे जहां सुरक्षित लगता है वह वहां वोट देंगे, भाजपा सिर्फ हिन्दू-मुस्लिम कर नफरत फैला रही है।

## भाजपा को हराने के लिए फेक वोटर आईडी और घुसपैठियों का सहारा

दूसरी ओर मुंबई की प्रतिष्ठित टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) में हाल ही में किए गए एक अध्ययन ने उजागर किया है कि महाराष्ट्र में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ राजनीतिक संस्थाएं वोट के लिए अवैध अप्रवासियों का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रही हैं। बिना दस्तावेज वाले अवैध अप्रवासी भी फेक वोटर आईडी हासिल कर पा रहे हैं। ये सब भी महाराष्ट्र में भाजपा को सत्ता से दूर रखने के लिए सक्रिय दिखाई दे रहे हैं।

# दिल्ली के वायु प्रदूषण में अभी सुधार नहीं, 363 रहा औसत एक्यूआई



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का वायु प्रदूषण लगातार बरकरार है। यहां की दमघोंटू हवा से अभी लोगों को निजात नहीं मिल रहा है। शनिवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 363 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में माना जाता है। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राजधानी दिल्ली में शनिवार सुबह 6:15 बजे तक औसत एक्यूआई 363 अंक बना हुआ है। जबकि दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 226, गुरुग्राम में 263, गाजियाबाद में 296, ग्रेटर नोएडा में 284 और नोएडा में 266 एक्यूआई बना हुआ है। वहीं, राजधानी दिल्ली के चार इलाकों में एक्यूआई लेवल 400 से ऊपर बना हुआ है, जिसमें बवाना में 412, न्यू मोती बाग में 410, रोहिणी में 407 और विवेक विहार में 403 एक्यूआई दर्ज किया गया। दिल्ली के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई लेवल 300 से ऊपर 400 के बीच में बना हुआ है। अलीपुर में 388, आनंद विहार में 397, आया नगर में 353, मथुरा रोड में 340, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 388, द्वारका सेक्टर 8 में 365, आईजीआई एयरपोर्ट में 339, आईटीओ में 360 और जहांगीरपुरी में 393 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 340, लोधी रोड में 326, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 390, मंदिर मार्ग में 370, मुंडका में 383, नजफगढ़ में 369, नरेला में 392, राजेंद्र नगर में 395, एनएसआईटी द्वारका में 369, पटपड़गंज में 390, पंजाबी बाग में 400, आरके पुरम में 377, पूषा में 333, शादीपुर में 389, सिरी फोर्ट में 371, सोनिया बिहार में 393 और वजीरपुर में 400 एक्यूआई बना हुआ है। बता दें कि इससे एक दिन पहले केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राजधानी दिल्ली में शुक्रवार सुबह 7:30 बजे तक औसत एक्यूआई 383 दर्ज किया गया था।

# तेजस्वी के घर का नोट बंद हो गया नोटबंदी पर श्रद्धांजलि दी : अश्विनी चौबे

**एजेंसी। बक्सर**



पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं दिग्गज भाजपा नेता अश्विनी चौबे ने शनिवार को बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नोटबंदी वाले बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को नोटबंदी पर भाजपा को घेरा था। उन्होंने एक्स पर कहा था कि मैं नोटबंदी के कारण मारे गए सैकड़ों लोगों को श्रद्धांजलि देता हूं। पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे एक दिवसीय दौरे पर बक्सर में हैं। इस दौरान उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी ने नोटबंदी पर श्रद्धांजलि इसलिए दी, क्योंकि उनके घर का नोट बंद हो चुका है। हालांकि अभी भी उनके घर में कुछ नोट बचा हुआ है और जब अंतिम नोटबंदी होने के बाद वो श्रद्धांजलि देंगे तो आनंद आएगा। भाजपा नेता ने आगे कहा कि आज भाजपा के नेतृत्व में देश तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। ये लोग अर्थशास्त्र के जानकार नहीं है। झारखंड में चुनाव लड़ने के बयान पर उन्होंने कहा कि उनके दांत खट्टे हो जाएंगे। इंडी गठबंधन के लोगों की जगह जनता में नहीं, बल्कि जेल में है।

# नाना पटोले की चिट्ठी पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

महाराष्ट्र चुनाव के दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले की चिट्ठी ने बवाल मचा दिया है। ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड को लिखी चिट्ठी के जवाब में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने उनकी मांगों के समर्थन के आश्वासन में जो चिट्ठी लिखी, उस पर भारतीय जनता पार्टी ने इंडी गठबंधन को घेरते हुए इसे देश को बांटने वाला कदम बताया है। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी प्रवक्ता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह बड़ा गंभीर विषय है कि कांग्रेस वोट बैंक के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। 7 अक्टूबर को ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड की तरफ से महाराष्ट्र कांग्रेस को समर्थन देने के लिए 17 मांगे रखीं, जिसमें वक्फ बिल का विरोध, मुसलमानों को नौकरियों ओर शिक्षा में 10 फीसदी का आरक्षण, पुलिस भर्ती में मुस्लिम युवाओं को प्राथमिकता और आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने की मांग शामिल है। इसके जवाब में महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने मांगों का समर्थन करते हुए उन मांगों पर विचार करने का भरोसा देते हुए जवाब दिया है। रविशंकर प्रसाद ने इस चिट्ठी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी से पूछा कि क्या वे इस चिट्ठी का समर्थन करते हैं। रविशंकर ने कहा कि ये देश को तोड़ने वाला बयान है। भाजपा इसकी भर्त्सना करती है। उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर देश में किसी को आरक्षण का प्रावधान नहीं है। संविधान के तहत लिखा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं मिल सकता।

# कांग्रेस मजबूत हुई तो देश मजबूर हो जाएगा: नरेन्द्र मोदी

**एजेंसी। मुंबई**

भाजपा के शीर्ष नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के अकोला जिले में शनिवार को चुनावी जनसभा में कहा कि कांग्रेस मजबूत हुई तो देश मजबूर हो जाएगा। इसके कई उदाहरण देश देख चुका है। इसलिए देश को मजबूत बनाए रखने के लिए भाजपा-नीत एनडीए को मजबूत बनाना जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस यह भलीभांति जानती है कि देश जितना कमजोर होगा, वह उतना ही मजबूत होगा लेकिन जब कांग्रेस मजबूत होगी तो देश असहाय हो जाएगा। इसी वजह से कांग्रेस ने विभिन्न जातियों में विभाजन पैदा किया है। हमारी जातियों को एक करो, अगर हमारी जातियां एक नहीं होंगी और आपस में लड़ती रहेंगी तो कांग्रेस हमारा हक छीन लेगी। मोदी ने कहा कि यह उनकी (कांग्रेस) साजिश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा संविधान निमार्ता डॉ. आंबेडकर का अपमान किया है। उन्हें चुनाव में पराजित किया था। डॉ. आंबेडकर को भारत रत्न तब दिया गया, जब देश में गठबंधन की सरकार थी। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में डॉ. आंबेडकर का संविधान लागू नहीं किया था। हमने जम्मू-कश्मीर में डॉ. आंबेडकर का संविधान लागू कर अनुच्छेद 370 हटाया।




## वरिष्ठ नागरिकों को वय-वंदना आयुष्मान कार्ड मिलना शुरू

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने कहा कि चुनाव के समय 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज का वादा किया गया था। हमारी सरकार ने बुजुर्गों की सेवा के लिए यह योजना शुरू की है। 70 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को वय-वंदना आयुष्मान कार्ड मिलना शुरू हो गया है। इस योजना से सबका साथ-सबका विकास की भावना के साथ-साथ हर वर्ग, हर समुदाय और हर धर्म के वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा।

## देशभक्ति के कारण महाराष्ट्र भाजपा के साथ

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 सालों में महाराष्ट्र ने भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है। इसके पीछे महाराष्ट्र के लोगों की देशभक्ति ही मुख्य कारण है। इसके पीछे का कारण राज्य के लोगों की राजनीतिक समझ और उनकी दूरदर्शिता है। हमारी सरकार को केंद्र में आए अभी 5 महीने ही हुए हैं। इन पांच महीनों में लाखों करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट शुरू किये गये हैं। इसमें महाराष्ट्र से संबंधित बड़ी संख्या में बुनियादी ढांचा परियोजनाएं भी हैं। पिछले दो कार्यकाल में हमारी सरकार ने गरीबों के लिए 4 करोड़ पक्के घर बनाये हैं। अब हम गरीबों के लिए 3 करोड़ नए घर बनाना शुरू कर रहे हैं।

# लालू परिवार से बिहार में कोई सीएम नहीं बनेगा: विवेक ठाकुर

**एजेंसी। पटना**




बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के जन्मदिन पर पटना में जगह-जगह आरजेडी कार्यकतार्ओं ने पोस्टर चिपकाया। इसमें तेजस्वी को बिहार का भावी मुख्यमंत्री बताया। भाजपा सांसद विवेक ठाकुर ने इस पर तंज कसा है। उनके मुताबिक ये सपना कभी सच नहीं हो पाएगा। विवेक ठाकुर ने कहा, मुख्यमंत्री बनने का सपना अब सपना ही रह जाएगा। बिहार में लालू प्रसाद यादव के परिवार से कोई मुख्यमंत्री नहीं बनेगा। जनता इन लोगों को अच्छे तरीके से जान चुकी है। तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि बिहार की चार विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में जीतेंगे। इस पर भाजपा सांसद ने कहा है कि उपचुनाव में आरजेडी का खाता भी नहीं खुलेगा।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# समावेशी शिक्षा के गढ़ एएमयू को सांप्रदायिक शरारत के गड्ढे से बचाने की जरूरत : अब्बास नकवी

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) का अल्पसंख्यक दर्जा बरकरार रखने के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया दी। भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि कोई इंस्टीट्यूट केवल अल्पसंख्यक ही नहीं बल्कि अनुकरणीय होना चाहिए। एएमयू का अपना शानदार इतिहास है। लेकिन इस शिक्षा के गढ़ को सांप्रदायिकता के गड्ढे से बचाने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि अलीगढ़ विश्वविद्यालय कोर्ट का मेंबर मैं कई बार रहा हूं, अच्छी तरह याद है कि वहां पर सबसे पहले ग्रेजुएशन जिन्होंने किया, वो डॉ. उपाध्याय थे। इसके अलावा आज भी 60 प्रतिशत से ज्यादा मेडिकल और लगभग इतने ही बीटेक में जो छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, वो गैर-मुस्लिम या गैर-अल्पसंख्यक हैं।

## हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से एकता कपूर ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से फिल्म निमार्ता एकता कपूर ने मुलाकात की। इस दौरान फिल्म द साबरमती रिपोर्ट के कलाकार भी मौजूद थे। हरियाणा के सीएम ने इस मुलाकात की जानकारी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। मुख्यमंत्री ने लिखा, आज हरियाणा भवन में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित टेलीविजन-फिल्म निमार्ता एकता कपूर, अभिनेत्री राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा ने मुलाकात की।

# सपा को जनता नहीं करेगी माफ, उपचुनाव में सभी सीटों पर होगी हमारी जीत : ब्रजेश

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर भाजपा और सपा के प्रत्याशियों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। दोनों पार्टियों के लिए यह चुनाव काफी अहम है। इस उपचुनाव को सेमीफाइनल के तौर पर देखा जा रहा है क्योंकि 2027 में विधानसभा के चुनाव होने हैं। सपा के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दावा किया है कि वह 9 की 9 सीट जीत रहे हैं। अखिलेश के इस दावे पर पलटवार करते हुए प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कहा है कि समाजवादी पार्टी के झूठ का पदार्फाश हो चुका है। प्रदेश की जनता ने उन्हें नकार दिया है। भाजपा 9 की 9 सीटों पर जीत हासिल करेगी। उपचुनाव को लेकर हमारी तैयारी पूरी है। नोटबंदी को लेकर समाजवादी पार्टी काला अध्याय मना रही है। इस पर डिप्टी सीएम ने कहा है कि सपा स्वयं के बुने जाल में फंस चुकी है। सपा ने अपराधियों को बढ़ावा देना का काम किया है। जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

# संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना कुछ लोगों का शगल है: उपराष्ट्रपति

## आर्थिक राष्ट्रवाद व्यवसाय के लिए प्रमुख चिंता का विषय होना चाहिए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना और लोगों को उपदेश देना तेजी से शगल बनता जा रहा है। उन्होंने आगाह किया कि इस तरह की हरकतें अराजकता का कारण बनती हैं। उपराष्ट्रपति शनिवार को यहां विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रवाद के प्रति अपनी संपूर्णता में अडिग प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। राष्ट्रीयहित को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, चाहे वह पक्षपातपूर्ण हो या अन्य हित। हम देखते हैं कि इसका उल्लंघन आसानी से हो जाता है। आप इस पर विचार कर सकते हैं। आर्थिक राष्ट्रवाद को व्यवसाय के लिए प्रमुख चिंता का विषय होना चाहिए, क्योंकि मेरी मामूली समझ के अनुसार इससे कोई राजकोषीय लाभ नहीं होता। यह कितना भी न्यायसंगत क्यों न हो, चाहे वह मात्रात्मक हो या राजकोषीय परिमाण, आर्थिक राष्ट्रवाद से समझौता करने का एक बहाना है। यह राष्ट्र को सर्वोपरि रखने के सिद्धांत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को नकारता है। आइए हम संकल्प लें कि हम अपने राष्ट्रीय हितों को कभी कमतर नहीं आंकेंगे, चाहे कुछ भी हो जाए। नया भारत आपका स्वागत करने के लिए तैयार उपराष्ट्रपति ने छात्रों से कहा कि एक नया भारत आपका स्वागत करने के लिए तैयार है। यह उस भारत से अलग है, जिसमें मैं बड़ा हुआ। यह उस रास्ते से अलग है, जिस पर छात्रों का पहला बैच आगे बढ़ा था। मुझे यह स्वीकार करना चाहिए कि यह एक यात्रा है। अभी बहुत कुछ करना है। इसलिए आपको हमारे विकास पथ को नियंत्रित और उसका प्रबंधन करना होगा। 2047 में गंतव्य, मध्य-गंतव्य एक विकसित भारत होगा।



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के चौथे दीक्षांत समारोह में बोले धनखड़

# मदीना स्थित मस्जिद नबवी के इमाम भारत पहुंचे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सऊदी अरब के मदीना स्थित मस्जिद-ए-नबवी के इमाम डॉ. अब्दुल्ला बिन अब्दुल रहमान अल बयजान ने रामलीला मैदान में जमीअत अहले हदीस के जरिए आयोजित दो दिवसीय 35वीं अहले हदीस कॉन्फ्रेंस में शिरकत की। मानवता और विश्व के धर्मों का सम्मान के विषय पर आयोजित इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने सबसे पहले भारत में अमन, शांति, उन्नति, स्थिरता, अराजकता, फसाद से सुरक्षित रहने की दुआएं कीं। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व और इस्लामी जगत उम्मीद भरी निगाह से भारत की तरफ देख रहा है। उन्होंने भारतीय मुसलमान का आह्वान किया कि वह इस्लाम की रक्षा और उसके फैलाव के लिए आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि मानवता की रक्षा के लिए पूरा विश्व चिंतित है। इस्लाम में

## बिरादरान-ए-हिंद के सुख-चैन के लिए दुआएं कीं

मानवता की रक्षा और उसकी सुरक्षा के लिए हमेशा से प्रयत्न किए हैं। प्यारे नबी साहब से संबंधित कई हदीसें हमारे सामने इस विषय पर मौजूद हैं। सऊदी अरब और उसके शासक शाह सलमान बिन अब्दुल अजीज भी हमेशा मानवता की भलाई और उसकी उन्नति और उसकी रक्षा के लिए प्रयासरत रहते हैं और पूरी दुनिया में इसके लिए हर मुमकिन जद्दोजहद करते रहते हैं। इस मौके पर राब्ता आलम-ए-इस्लामी के उप महासचिव अब्दुल रहमान बिन अब्दुल्ला बिन मोहम्मद अलजाईयान ने भी मानवता के सामने मौजूद चुनौतियों से निपटने का जिक्र करते हुए कहा कि आज इस मंच से मानव जाति की उत्पत्ति, उसकी सुरक्षा और सम्मान की जो बातें की जा रही हैं, वह सराहनीय हैं।

# वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टी20 मैचों के लिए टीम की घोषणा



**एजेंसी। सेंट जॉन्स**

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के पहले दो मैचों के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जो बारबाडोस के प्रतिष्ठित केंसिंग्टन ओवल में होगी। वेस्टइंडीज टी20 टीम घरेलू मैदान पर एक प्रभावशाली ताकत रही है और 2023 से अब तक चार टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में अजेय रही है। इस प्रभावशाली प्रदर्शन ने उन्हें आईसीसी पुरुष टी20 टीम रैंकिंग में ऊपर पहुंचा दिया है, जो वैश्विक मंच पर उनके पुनरुत्थान को दशार्ता है। हेड कोच डेरेन सैमी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि चुनी गई वेस्टइंडीज टीम ऐसे खेलना जारी रखेगी जो उन्हें मैच जीतने में मदद करे। सैमी ने कहा, 'टी20 टीम हमारी सबसे व्यवस्थित टीम है, जिसमें कई अनुभवी खिलाड़ी हैं। हालांकि, प्लेइंग 11 को चुनना मुश्किल होगा क्योंकि हर एक खिलाड़ी प्लेइंग 11 में जगह बनाने के लिए चुनौती पेश कर रहा है। चूंकि हमारा सामना इंग्लैंड की बहुत अच्छी टीम से है, इसलिए मुझे पूरा भरोसा है कि चुनी गई टीम इस तरह की क्रिकेट खेलेगी, जिससे हम मैच जीत सकें और यह प्रतिद्वंद्विता श्रृंखला जीत सकें।'

अकील होसेन, शिमरोन हेटमायर, निकोलस पूरन और आंद्रे रसेल, जो व्यक्तिगत कारणों से हाल ही में श्रीलंका दौरे से चूक गए थे, टीम में फिर से शामिल हो गए हैं, जिससे टीम में गहराई और अनुभव जुड़ गया है। मध्यम गति के गेंदबाज मैथ्यू फोर्ड, जिन्हें हाल ही में श्री लायंस के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था, ने तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ की जगह ली, जो दो मैचों का निलंबन झेल रहे हैं।

पांच मैचों की टी20 सीरीज 9 नवंबर को बारबाडोस में शुरू होगी। सीरीज का दूसरा मैच 10 नवंबर को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा। सेंट लूसिया का डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम 14, 16 और 17 नवंबर को सीरीज के अंतिम तीन मैचों की मेजबानी करेगा।

**इंग्लैंड के खिलाफ पहले 2 टी20 मैचों के लिए वेस्टइंडीज टीम**

**रोवमैन पॉवेल (कप्तान), रोस्टन चेस, मैथ्यू फोर्ड, शिमरॉन हेटमायर, टेरेंस हिंड्स, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।**

## डब्लूपीएल 2025: नीलामी से पहले खिलाड़ियों के चयन के लिए शिविर लगाएगी आरसीबी : रंगराजन



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सहायक कोच-सह-मुख्य स्काउट मालोलन रंगराजन ने खुलासा किया कि फ्रेंचाइजी अगले महीने होने वाली 2025 महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) नीलामी से पहले खिलाड़ियों की पहचान करने और उन्हें शॉर्टलिस्ट करने के लिए शिविर लगाएगी। गत विजेता आरसीबी ने स्मृति मंधाना, एलिस पेरी, ऋचा घोष, सब्बीनेनी मेघना, श्रेयंका पाटिल, जॉर्जिया वेयरहम, आशा सोभना, रेणुका सिंह, सोफी डिवाइन, सोफी मोलिनक्स, एकता बिष्ट, कनिका आहूजा और केट क्रॉस को रिटेन किया है।

उन्होंने यूपी वॉरियर्स से व्यापार के माध्यम से डैनी व्याट-हॉज को प्राप्त किया और हीथर नाइट, नादिन डी क्लार्क, शुभा सतीश, दिशा कसाट, इंद्राणी रॉय, सिमरन बहादुर और श्रद्धा पोखरकर को रिलीज किया।

अब और नीलामी के बीच जो होगा वह यह है कि हम अपने खिलाड़ियों के लिए कुछ शिविर लगाएंगे और मैं रुचि रखने वाली खिलाड़ियों के बारे में बताना चाहूंगा, जो हमें नीलामी के लिए खिलाड़ियों की अपनी शॉर्टलिस्ट बनाने में मदद करेगा और उम्मीद है कि यह थोड़ा और निश्चित हो जाएगा कि हमें किसे लक्षित करना है और हमारे पास बैकअप के रूप में कौन हो सकता है। मालोलन ने फ्रैंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कहा, इसलिए, दिसंबर में नीलामी के साथ, योजना नीलामी से पहले एक शिविर लगाने की होगी और उम्मीद है कि हमें वह टीम मिल जाएगी जिसकी हमें तलाश है।" खिलाड़ियों के अपने मुख्य समूह को बनाए रखने के पीछे के विचार के बारे में पूछे जाने पर, मालोलन ने बताया, जहां तक कोचिंग स्टाफ का सवाल है, मुझे लगता है कि हमारे लिए यह याद रखना बहुत महत्वपूर्ण है कि पिछले सीजन में मैदान पर और मैदान के बाहर हमारे लिए क्या कारगर रहा और मैदान पर और मैदान के बाहर हमारे मुख्य मूल्यों को बनाए रखना।

## इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले को जेम्स एंडरसन ने किया याद

**नई दिल्ली।** जेम्स एंडरसन, जिनका अंतरराष्ट्रीय करियर जुलाई में लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड के टेस्ट के साथ समाप्त हुआ, ने अपने संन्यास के बारे में याद करते हुए कहा कि उन्हें यह निर्णय लेने के लिए टीम प्रबंधन से संकेत की आवश्यकता थी। एंडरसन के अंतरराष्ट्रीय संन्यास से पहले, जब उन्होंने 704 टेस्ट विकेट लिए थे, जो उनके देश के किसी भी गेंदबाज द्वारा लिए गए सर्वाधिक विकेट थे। उन्हें मैनचेस्टर के डकोटा होटल में बुलाया गया था, जहां उन्हें ब्रेंडन मैकुलम, बेन स्टोक्स और रॉब की ने बताया था कि वे अगले साल होने वाली एशेज सीरीज से पहले नए तेज गेंदबाजों को मौका देने की सोच रहे हैं। 'मैं पहले भी ऐसी स्थिति में रहा हूं, जब एंड्रयू स्ट्रॉस ने कहा था कि हम एक अलग दिशा में जा रहे हैं (2022 में, केवल एंडरसन के कुछ ही महीनों में वापस आने के लिए)। लेकिन इस बार, यह थोड़ा अधिक व्यक्तिगत लगा। मैं उस बैठक से खुश महसूस नहीं कर रहा था, लेकिन उतना गुस्सा भी नहीं था जितना मैंने सोचा था। एंडरसन ने शनिवार को डेली मेल से कहा, संन्यास एक अजीब चीज है, हर कोई हमेशा कहता है कि आप एक दिन जागेंगे और सोचेंगे, मैं अब नहीं खेलूंगा।

# कप्तान सूर्यकुमार और कोच के समर्थन ने मदद की : सैमसन

## मैंने अपने करियर में कई असफलताओं का सामना किया है



अगर मैं विकेट पर कुछ समय बिताता हूं, तो मेरे पास स्पिन और पेस में शॉट बनाने की क्षमता है और मुझे पता है कि मैं निश्चित रूप से टीम में अच्छा योगदान दे सकता हूं

**एजेंसी। डरबन**

भारतीय बल्लेबाज संजू सैमसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने शुरूआती संघर्षों को याद करते हुए कहा कि लगातार असफलताओं के कारण उन्हें अपनी क्षमता पर संदेह हुआ लेकिन आत्मविश्वास और कप्तान तथा कोच के समर्थन ने उन्हें मजबूत वापसी करने में मदद की। सैमसन ने यहां शुरूआती मैच में दक्षिण अफ्रीका पर 61 रन की आसान जीत के लिए 50 गेंदों पर 107 रन की शानदार पारी खेली और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में लगातार दो शतक जड़े।

सैमसन ने मैच के बाद कहा, 'मैंने अपने करियर में कई असफलताओं का सामना किया है। मुझे लगता है कि जब आप असफलता से गुजरते हैं, तो आपके मन में कई संदेह होते हैं। लोग निश्चित रूप से कहते हैं कि सोशल मीडिया निश्चित रूप से भूमिका निभाता है। लेकिन आप अपने बारे में भी बहुत सोचते हैं। संजू, क्या आप अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए नहीं बने हैं? मुझे लगता है कि आप आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। आप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा क्यों नहीं कर रहे हैं? तो मेरे मन में ऐसे बहुत से विचार आते हैं। लेकिन इतने सालों के अनुभव के बाद, मुझे पता है कि मेरी क्षमता क्या है।'

### टीम इंडिया का जारी रहेगा निडर होकर आक्रामक क्रिकेट खेलना : सूर्यकुमार

**डरबन(आईएएनएस)।** भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शुक्रवार को पहले टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका पर 61 रन की जीत के बाद टीम के आक्रामक रवैये का समर्थन करते हुए कहा कि टीम ने पिछली तीन-चार सीरीज में अपने क्रिकेट के तरीके में कोई बदलाव नहीं किया है। संजू सैमसन ने 50 गेंदों पर 10 छक्कों और सात चौकों की मदद से 107 रन की तूफानी पारी खेली, जिसने किंग्समीड में भारत की आक्रामक पारी की नींव रखी। तिलक वर्मा ने 18 गेंदों पर 33 और सूर्यकुमार ने 17 गेंदों पर 21 रन बनाए। इसके चलते भारत ने निर्धारित 20 ओवर में 202/8 का स्कोर बनाया।

जवाब में, दक्षिण अफ्रीका की टीम 17.5 ओवर में 141 रन पर सिमट गई। भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई ने तीन-तीन विकेट चटकाकर उन्हें 61 रन से आसान जीत दिला दी। भारतीय कप्तान ने कहा, हमने पिछली 3-4 श्रृंखलाओं में अपनी क्रिकेट शैली में कोई बदलाव नहीं किया है, जीत से बहुत खुश हैं। सूर्यकुमार ने सैमसन के लगातार दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय शतक की सराहना की और कहा कि यह विकेटकीपर-बल्लेबाज के आक्रामक रवैये को दशार्ता है। उन्होंने कहा, ़पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने जो कड़ी मेहनत की है, उसका फल उन्हें मिल रहा है। वह 90 प्लस के स्कोर में थे लेकिन फिर भी बाउंड्री की तलाश में थे। वह टीम के लिए खेल रहे थे, जो उनके चरित्र को दशार्ता है और हम इसी की तलाश करते हैं पावरप्ले और बीच के ओवरों में स्पिनरों का इस्तेमाल करने के बारे में सूर्यकुमार ने कहा, यही हमारी योजना थी। हम क्लासेन और मिलर के महत्वपूर्ण विकेटों की तलाश में थे और जिस तरह स्पिनरों ने गेंदबाजी की, वह अविश्वसनीय था। जैसा कि मैंने टॉस और प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पहले ही कहा था, लड़कों ने मेरा काम आसान कर दिया है।

## जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने विश्व रिकॉर्ड धारक को बनाया नया कोच

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने शनिवार को अपने करियर में एक रोमांचक नए अध्याय की शुरूआत की। उन्होंने जैवलिन थ्रो के दिग्गज जान जेलेज्नी के साथ एक नई पारी की शुरूआत की है। तीन बार के ओलंपिक चैंपियन और मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक जान जेलेज्नी लंबे समय से चोपड़ा के आदर्श रहे हैं और अब वह कोच के रूप में उनका मार्गदर्शन करेंगे। दरअसल, नीरज चोपड़ा अभी तक जर्मन कोच क्लॉस बार्टोनिएट्ज के साथ काम कर रहे थे, लेकिन क्लॉस बार्टोनिएट्ज ने हाल ही में कोचिंग से संन्यास लिया है। चोपड़ा ने कहा, मैं हमेशा से जान की तकनीक और सटीकता का मुरीद रहा हूं। मैंने उनके कई वीडियो देखे और उससे बहुत कुछ सीखा। वह इतने वर्षों तक खेल में सर्वश्रेष्ठ रहे और मेरा मानना है कि उनके साथ काम करना अमूल्य होगा क्योंकि हमारे थ्रो करने की शैली काफी मेल खाती है। उनका ज्ञान बेजोड़ है और भविष्य में उनका मार्गदर्शन मेरे लिए अहम होगा। अपने करियर में अगले स्तर की ओर बढ़ने के लिए जान का मेरे साथ होना सम्मान की बात है।

## इंडिया ए की हार, जुरेल-प्रसिद्ध ने पर्थ टेस्ट के लिए पेश की दावेदारी

**मेलबर्न(आईएएनएस)।** सैम कॉन्स्टास के दूसरी पारी में लगाए गए अर्धशतक से ऑस्ट्रेलिया ए ने इंडिया ए को छह विकेट से हराकर सीरीज पर 2-0 का कब्जा जमा लिया है। इस अर्धशतक से कॉन-?स-?टास ने ओपनिंग के लिए अपना दावा भी पेश किया। हालांकि इंडिया ए के लिए राहत की बात ध्रुव जुरेल का लगातार दूसरा अर्धशतक और प्रसिद्ध कृष्णा की दोनों पारियों में अच्छी गेंदबाजी रही और दोनों ही खिलाड़ियों ने इस प्रदर्शन से पर्थ टेस्ट के लिए अपना दावा मजबूत किया है।

## 'सपनों वाला साल': हरमनप्रीत और श्रीजेश ने एफआईएच स्टार अवॉर्ड जीतने पर आभार जताया



**मस्कट (आईएएनएस)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शुक्रवार को ओमान के मस्कट में एक शानदार समारोह में भारतीय हॉकी प्रशंसकों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उन्हें क्रमशः एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड और एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीतने के लिए वोट दिया। दोनों ने कहा कि 2024 एक 'विशेष' वर्ष है, क्योंकि हॉकी इंडिया लीग को पुनर्जीवित किया जा रहा है, जो उनका मानना ??है कि 2028 एलए ओलंपिक में पदक का रंग बदलने के उनके प्रयास में सही दिशा है। हरमनप्रीत सिंह ने कहा, मुझे सच में लगता है कि यह भारतीय हॉकी के लिए आने वाली कई अच्छी चीजों की शुरूआत है। हम सभी हॉकी इंडिया लीग की शुरूआत का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और मेरा मानना है कि पेरिस में इस बड़ी जीत के बाद कई हितधारकों की दिलचस्पी दिखाने के साथ ही हमारे ओलंपिक प्रदर्शन ने इस पहल को आगे बढ़ाया। हम हॉकी इंडिया के आभारी हैं कि उन्होंने एफआईएच स्टार अवॉर्ड्स में हमारा समर्थन किया और हॉकी इंडिया लीग को पुनर्जीवित करने के उनके प्रयासों के लिए भी।



# इकट्ठा किए गए हर रुपये का रखा जाता है हिसाब ताकि पैसा व्यर्थ न जाए : वित्त मंत्री सीतारमण

## पीएमजेडीवाई के तहत 52.3 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए है



**केंद्र सरकार ने धन का प्रबंधन इस तरह किया है कि टैक्स के रूप में इकट्ठा किए गए रुपये प्रभावी रूप से परिसंपत्ति के निर्माण और लोगों को एक अच्छा शासन देने पर खर्च किए जाएं।**

**पीएमजेडीवाई के तहत 52.3 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं**

**बेंगलुरु(आईएएनएस)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार इकट्ठा किए गए हर एक रुपये का हिसाब रखती है, ताकि वह व्यर्थ न जाए और आम लोगों को सरकार के काम का लाभ मिले।

वित्त मंत्री सीतारमण ने बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने धन का प्रबंधन इस तरह किया है कि टैक्स के रूप में इकट्ठा किए गए रुपये प्रभावी रूप से परिसंपत्ति के निर्माण और लोगों को एक अच्छा शासन देने पर खर्च किए जाएं।

उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के साथ देश में बैंकिंग का कायाकल्प 2014 में शुरू हुआ था। इसका उद्देश्य बैंकिंग तंत्र को सब के लिए सुलभ बनाना था।

पीएमजेडीवाई के तहत 52.3 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं। यह वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दे रही है जिससे हाशिए पर पड़े लोगों को औपचारिक वित्तीय तंत्र में लाने में मदद मिल रही है।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने एक उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे नागालैंड के एक छोटे से एनजीओ की अब अमेरिका के बाजार तक सीधी पहुंच है। उन्होंने कहा, जब मैं नागालैंड गई, तो मैंने एक एनजीओ का दौरा किया, जो कुशन कवर से लेकर चाय कोस्टर तक हाथ से बने हस्तशिल्प उत्पाद बनाती थी। एनजीओ चलाने वाली महिला ने मुझे बताया कि उन्हें अमेरिका से एक ऑर्डर मिला है और वे इसे क्रिसमस के लिए भेज रही हैं।

उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, किसी ने भी इस तरह की पहुंच की कल्पना नहीं की होगी। डिजिटल क्रांति की कोई सीमा नहीं है। अगर यह नागालैंड में एक छोटे से एनजीओ के लिए सच हो सकता है, तो आप कल्पना कर सकते हैं कि इससे पूरे देश में छोटी इकाइयों को कितना फायदा हुआ होगा।

उन्होंने आगे कहा, आज के समय में कोई भी व्यक्ति इंतजार नहीं कर रहा कि कोई आएं और उन्हें डिजिटल और वित्तीय समावेशन को लेकर शिक्षित करें, क्योंकि उनके पास उनके फोन मौजूद हैं।

## एशियन पेंट्स ने 42.4 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 694 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** एशियन पेंट्स लिमिटेड ने शनिवार को जुलाई-सितंबर अवधि (वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही) में 42.4 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 694.6 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,205.4 करोड़ रुपये था। कंपनी का राजस्व भी 5.3 प्रतिशत घटकर 8,003.02 करोड़ रुपये रह गया।

# केंद्र ने पंजाब में 27,995 करोड़ रुपये का धान खरीदा, 6.8 लाख किसानों को हुआ फायदा



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सरकार ने शनिवार को बताया कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य एजेंसियों ने चालू खरीफ मार्केटिंग सीजन (केएमएस) 2024-2025 (8 नवंबर तक) के दौरान पंजाब में 27,995 करोड़ रुपये मूल्य का 120.67 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) धान खरीदा है।

8 नवंबर तक पंजाब की मंडियों में कुल 126.67 एलएमटी धान की आवक हुई, जिसमें से 120.67 एलएमटी की खरीद राज्य एजेंसियों और एफसीआई ने की है।

सरकार द्वारा ग्रेड ए धान के लिए तय एमएसपी 2,320 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदा जा रहा है और चालू खरीफ मार्केटिंग सीजन 2024-25 में अब तक खरीदे गए कुल धान की कीमत 27,995 करोड़ रुपये है, जिससे पंजाब के लगभग 6.58 लाख किसानों को फायदा मिला। सरकार के अनुसार 4,839 मिलर्स ने धान की छिलाई के लिए आवेदन किया है और 4,743 मिलर्स को पंजाब राज्य सरकार द्वारा पहले ही काम आवंटित किया जा चुका है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि चालू खरीफ मार्केटिंग सीजन 2024-25 के लिए धान की खरीद पंजाब में 1 अक्टूबर 2024 से शुरू हो गई है। इसके अलावा, पंजाब के किसानों से खरीद के लिए पूरे राज्य में 2,927 नामित मंडियां और अस्थायी यार्ड चालू हैं। केंद्र सरकार ने चालू खरीफ मार्केटिंग सीजन 2024-25 के लिए धान खरीद का अनुमानित लक्ष्य 185 लाख मीट्रिक टन तय किया है, जो 30 नवंबर तक जारी रहेगा। सरकार ने कहा, मंडियों से तेजी से धान उठाया जा रहा है। उठाया गया धान दैनिक आवक की मात्रा से अधिक है।

# भारत का स्मार्टफोन बाजार इस साल 7-8 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** प्रीमियम, 5जी और एआई स्मार्टफोन की मजबूत मांग के कारण भारत के स्मार्टफोन बाजार में इस साल तेजी का अनुमान जताया जा रहा है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, भारत के स्मार्टफोन बाजार में 7-8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। वहीं, भारत में मोबाइल हैंडसेट बाजार में स्थिर वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के विश्लेषक-इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप (आईआईजी) पंकज जादली ने कहा, जैसे-जैसे ब्रांड टेक्नोलॉजी के अंतर को कम करने और किफायती 5जी डिवाइस पेश करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, प्रतिस्पर्धा तेज होने की संभावना बढ़ती जाती है। आने वाली तिमाहियों में एआई-इनेबल्ड डिवाइस को लेकर ग्राहकों की पसंद बनी रहेगी।

तीसरी तिमाही में, वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत के स्मार्टफोन बाजार में 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत में उपभोक्ता मांग मजबूत बनी हुई है, जो मिड-रेंज और प्रीमियम स्मार्टफोन को पसंद करने के कारण है। 5जी स्मार्टफोन शिपमेंट की हिस्सेदारी बढ़कर 82 प्रतिशत हो गई, जो कि सालाना आधार पर 49 प्रतिशत की एक बड़ी वृद्धि है।

तिमाही के दौरान 18 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ वीवो 5जी स्मार्टफोन बाजार में सबसे आगे रहा, जबकि सैमसंग 17 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

# भारत अगले 25 वर्षों में 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा : पीयूष गोयल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत विकास की राह पर अग्रसर है। देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए तैयार हो रहा है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत की विकास गाथा देश की मौजूदा 3.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को अगले 25 वर्षों में 35 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाएगी।


अमेजिंग गोवा ग्लोबल बिजनेस समिट 2024 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि 21वीं सदी भारत के नाम होगी। भारत आने वाले तीन वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। वर्तमान में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

उन्होंने आगे कहा, भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद की वजह से अर्थव्यवस्था में तेजी देखी जा रही है। हम सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था हैं। कम मुद्रास्फीति, मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार और निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल ने पिछले दशक की तुलना में पिछले 10 वर्षों में भारत में दोगुना एफडीआई लाया है। उन्होंने कहा, हम 2047 तक भारत को एक विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए एक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ काम कर रहे हैं। ठीक इसी समय में हम स्वतंत्रता के 100 साल पूरे होने का जश्न मना रहे होंगे।

उन्होंने कहा, हम 2014 में 10वें सबसे बड़े जीडीपी वाले देश थे और भारत के लोगों में बहुत कम उम्मीद थी। मुझे आपके साथ यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अगले तीन वर्षों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि आज भारत को ग्लोबल सप्लाई चेन में एक भरोसेमंद भागीदार माना जाता है। वाइब्रेंट गोवा फाउंडेशन की पहल पर आयोजित इस शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु और अन्य लोग मौजूद थे।

# हेमंत सरकार योजना बनाती है और दरवाजा खटखटा कर पहुंचाती भी है : कल्पना सोरेन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में शनिवार के दोपहर बारह बजे गाण्डेय विधायक सह झामुमो स्टार प्रचारक कल्पना मुर्मु सोरेन चुनावी जनसभा को संबोधन को लेकर मयूरहंड पहुंची। तत्पश्चात स्थानीय कार्यकर्ता पूर्व मुखिया ईश्वर पासवान, प्रदीप कुमार सिंह, रुस्तम अंसारी, रामभरोस यादव, इंद्रदेव ठाकुर ने हेलीपेड पर बुके देकर स्वागत किया। वहीं मंच पर बड़ा माला पहनाकर कल्पना मुर्मु सोरेन का स्वागत किया गया।

कल्पना सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2019 में महागठबंधन की सरकार बनी तो दो साल कोरोना जैसी आपदा में बीता उसके बाद हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली सरकार ने सर्व जन पेंशन के तहत 40 लाख लोगों को पेंशन, 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड, सरकारी स्कूल को एक्सलेंट मुख्यमंत्री स्कूल, सावित्री बाई फुले योजना। इस लिए चलाया की सरकारी विद्यालय में गरीब के बच्चे पढ़ते हैं, उन्हे शिक्षित करना जरूरी है। झारखंड बने 24 वर्ष बीत गया। फिर भी मूल झारखंडवासिओं को अपने हक व अधिकार नहीं मिला। धरती को चीर कर यहां के सरकारी संपदा केंद्र सरकार ले जाती है। परंतु रॉयल्टी का राशि झारखंड वासियों को नहीं देती आज 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपया बकाया है जिसे मांग किया जा रहा है। ये रॉयल्टी का पैसा आपका हेमंत निकालकर लाना चाहता ताकि गांव का विकास हो। हेमंत सरकार ने दो-दो बार जेपीएससी का परीक्षा आयोजित करवाया। लोगो को अपना अधिकार मिले इसे लेकर 1932 का खातियान संबंधित डोमेसाइल लागू करवाने का प्रयास किया, ताकि लोगों को अपना अधिकार मिले। हेमन की सरकार बनी तो ऐसी कानून बनाएगी कि प्राइवेट क्षेत्र तथा कंपनी में 95% लोगों को अधिकार मिलेगा। इसलिए आप अपना बेटा, अपना भाई मनोज चंद्रा के पक्ष में वोट करें ताकि आपकी आवाज विधानसभा में गूंज सकें। सरकार ने बिजली बिल माफ किया। ये एक ऐसी सरकार है जो योजना बनाती भी है तथा योजना को लेकर दरवाजा तक खटखटाती है।

**दो निर्दलीय प्रत्याशी झामुमो को दिया अपना समर्थन :** सिमरिया विधानसभा के दो निर्दलीय प्रत्याशी सदानंद भुईयां एवं शंकर रजक ने अपने समर्थकों के साथ झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा को समर्थन दिया। दोनों निर्दलीय प्रत्याशियों को काल्पना मुर्मु सोरेन ने स्वागत किया।

## बस से गांजा बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुरपा मोड़ में चुनाव को लेकर बनाए गए मजिस्ट्रेट पुलिस नाका के पास वाहन जांच के दौरान श्री राम यात्री बस से गांजा भरा बैग बरामद किया है। मौके पर मौजूद मजिस्ट्रेट रामदेव नगेसिया ने बताया कि पांकी से रांची जा रही श्रीराम बस व अन्य बस व सवारी वाहनों की तरह रोक पुलिस द्वारा बारीकी से जांच की गई। इस क्रम में दो बैग में भरकर रखा गया लगभग 10 किलो गांजा बरामद किया गया है। जब्त गांजा किसका है यह पुलिस अनुसंधान कर रही है। बता दे कि झारखंड में होने वाले विधानसभा आम चुनाव को निष्पक्ष और भय मुक्त करने के उद्देश्य से जगह-जगह पर पुलिस मजिस्ट्रेट द्वारा चेकिंग अभियान

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित गोविंद नगर टोला के पास बाइक दुर्घटना में बारियातू बारिखाप निवासी कोलेंद्र गंझू गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय लोगों की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां डॉ. सुरेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि कोलेन्द्र अपने घर बारीखाप से कुरियाम साढू घर जा रहा था। इस दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बता दें कि बालूमाथ में सड़क दुर्घटना और दुर्घटना में लोगों की घायल होने के बाद रेफर होना कोई नई बात नहीं है।

## चुराखाड़ टोली के ग्रामीणों ने बिजली नही रहने के कारण वोट बहिष्कार का ऐलान किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड के अंतर्गत गडबुढ़नी पंचायत के चुटिया ग्राम के चुराखाड़ टोली के ग्रामीणों ने गांव में बिजली नहीं रहने के कारण वोट बहिष्कार का ऐलान किया है। यह फैसला चुटिया ग्राम प्रधान सुनिता देवी और वार्ड सदस्य सेवाती देवी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने लिया। ग्राम प्रधान सुनिता देवी ने बताया कि बिजली के तार और पोल गाड़कर कई सालों से छोड़ दिया गया है। ट्रांसफार्मर और तार नहीं लगाया गया। उपर से सभी के घरों के दीवार पर मीटर ठोक दिया गया है। अगल-बगल गांव में बिजली तो रहती है। लेकिन हमलोग सोलर प्लेट पैनल का इस्तेमाल कर लाईट जलाते और मोबाइल चार्ज करते हैं। हमलोगों ने बिजली विभाग से बार-बार आवेदन दे कर कहा, हमारे बस्ती के घरों में अपने मीटर लगा तो दिया लेकिन हमारे घर तक बिजली जल नहीं रही है। अनेको बार आवेदन देने के बाद भी अभी तक बिजली विभाग के कानों में जू तक नहीं रेंगी, इसलिए हम सभी ग्राम वासियों ने निर्णय लिया है, कि इस बार हमलोग किसी भी पार्टी के लिए वोट नहीं करेंगे। वहीं मौके पर अमरदीप यादव, मनोहर यादव, रिसो नगेसिया, अमरेंस नगेसिया, दयामंती देवी, जूनूस नगेसिया, रघुवंश यादव, मुनिता देवा, हरिहर महतो समेत अन्य ग्रमीण मौजूद थे।

## भाजपा का आरोपः झामुमो ने की भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ धक्का मुक्की

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में शनिवार को प्रेस वार्ता कर लातेहार विस प्रभारी अविनाश वर्मा ने झामुमो कार्यकर्ताओं पर भाजपा कार्यकर्ता को धमकी देकर झामुमो के पक्ष में मतदान करने का आरोप लगाया। मौके पर अविनाश वर्मा के साथ कथित पीड़ित कार्यकर्ता बब्लू कुमार भी मौजूद थे। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि वह अपने पत्नी के साथ जा रहे थे। इस क्रम में मुनी कुमार उर्फ आशीष गुप्ता, सुशील अग्रवाल द्वारा उसे धमकाते हुए धक्का दिया और कहा कि इस बार झामुमो का बनने दो तो तुमको देख लेंगे। पीछे से आ रहे मंत्री सह झामुमो प्रत्याशी बैद्यनाथ राम ने बीच बचाव करते हुए कहा कि तुम लोग आपस में दोस्त हो इसे तुल मत दो। कथित पीड़ित ने कहा कि वह इस घटना से भयभीत है। विस प्रभारी ने कहा कि मतदान के लिए दबाव बनाना जैसी घटना निंदनीय है। हमलोग आपस में बैठक कर इस पर आगे की रणनीति तय करेंगे। झामुमो ने वोट देने के लिए धमकी देने जैसी घटना को अंजाम देने से इंकार किया है।

## राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव तारकेश्वर दास के निर्देशन में विधिक सेवा दिवस पर जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कानूनी सहायता केंद्र सिमरिया के द्वारा संत थॉमस स्कूल शिला, इचाक एवं बगरा के मेला टांड़ मे शनिवार को आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस हर साल 9 नवंबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों में कानूनी जागरूकता बढ़ाना है। यह दिवस एहसास दिलाता है कि हर किसी को मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने का अधिकार है, चाहे उनकी पहचान, पृष्ठभूमि कुछ भी हो। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एक स्वायत्त संगठन है जो समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को कानूनी सहायता प्रदान करता है। इसकी स्थापना 1995 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की गई थी। नालसा का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करना और विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान करना मुख्य उद्देश्य था। उस समय, भारत में कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए कोई व्यापक तंत्र नहीं था। गरीब और कमजोर वर्गों के लोग अक्सर कानूनी सहायता के लिए संघर्ष करते थे। इस दिवस की शुरूआत के बाद, भारत में कानूनी सेवाओं की पहुंच में काफी सुधार हुआ है।

## लातेहार में धड़ल्ले से हो रहा प्लास्टिक का इस्तेमाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पर्यावरण की रक्षा और आम लोगों के स्वास्थ्य के मद्देनजर सरकार ने एक जुलाई 2022 से सिंगल यूज या एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा रखा है। वहीं लातेहार जिले में भी सिंगल यूज प्लास्टिक को बैन करने के लिए जोरशोर से अभियान चलाया गया था। हालांकि अभियान कुछ महीने तक चला ,तो दुकानदारों में थोड़ा खौफ दिखा भी था। दुकानदारों में डर था कि प्लास्टिक का उपयोग करने पर पकड़े जाने पर जुमार्ना देना पड़ेगा, परन्तु धीरे-धीरे यह खौफ समाप्त होता चला गया। अब जिला मुख्यालय के साथ ही सभी प्रखंडो में धड़ल्ले से प्लास्टिक का इस्तेमाल हो रहा है। बैन लागू कराने वाली एजेंसियां भी निष्क्रिय हो गई हैं। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक का इस्तेमाल पहले की तरह धड़ल्ले से हो रहा है। यहां तक 80 प्रतिशत से अधिक दुकानदार व आम नागरिक पहले की तरह ही प्लास्टिक इस्तेमाल कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खुली दुकानों, टी-स्टालों एवं ठेले-रेहड़ियों पर इनको बेरोक टोक प्रयोग हो रहा है। नगर पंचायत का इसपर कोई नियंत्रण नहीं है। बेखौफ दुकानदार प्लास्टिक की बिक्री कर रहे और आम लोग खुलेआम इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। छापामारी के नाम पर नगर पंचायत की ओर से महज खानापूर्ति की जाती है। महज एक-दो दिन अभियान चलाने के बाद नगर निगम की टीम भी सुस्त पड़ जा रही है। वहीं फूड और सेफ्टी विभाग के अधिकारी भी इस पर नियंत्रण रखने को प्रति गंभीर नहीं है, जिसके कारण प्लास्टिक के इस्तेमाल पर कोई नियंत्रण नहीं है। इस संबंध में नगर पंचायत के अधिकारी ने कहा कि चुनाव में व्यस्त होने के कारण अभियान नहीं चलाया जा रहा हैं,चुनाव खत्म होते ही प्लास्टिक इस्तेमाल करने वाले दुकानदारों पर सख्त से सख्त कारवाई की जाएगी।

## पलामू किला मेले का राजा मेदिनीराय से अटूट संबंध



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छठ महापर्व के पारण के दूसरे दिन प्रत्येक वर्ष औरंगा नदी के तट स्थित फुलवरिया टांड़ में लगने वाले ऐतिहासिक पलामू किला मेले का चेरोवंश के सर्वाधिक लोकप्रिय और आदर्श राजा मेदिनीराय के साथ अटूट संबंध रहा है। इस बारे में आसपास के बुजुर्ग विश्वनाथ सिंह, परीखन सिंह (हलुमांड), धर्मदेव सिंह, रामलगन यादव (मानासोती) नंदकिशोर यादव (पोखरीखूर्द), विजयमल सिंह, फौजदार सिंह (केचकी), राघवशरण सिंह, रामकेश्वर सिंह (कुटमू), शेरू सिंह (कल्याणपुर) आदि ने बताया कि राजा मेदिनीराय परम गोभक्त और भगवान सूर्य के उपासक थे। प्रत्येक वर्ष छठ महाव्रत संपन्न करने के दूसरे दिन राजा अपनी कुलदेवी मां दुजार्गीन और चेंड़ी की पूजा करने के उपरांत औरंगानदी तट के मेला टांड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर में महादेव नीलकंठ का दर्शन करते थे। इसके बाद वहां पर सार्वजनिक रूप से अपनी प्रजा से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू होते थे। उस दिन राजा से मिलने के लिए मेलाटांड़ में लोगों का जमावड़ा लगा रहता था। राजा का प्रजा के साथ वार्षिक मिलन की उक्त परंपरा कालांतर में मेला के रूप में तब्दील होती चली गई, जो कि आज भी ऐतिहासिक पलामू किला मेला के नाम से विख्यात है। वहीं मेला के पूर्व आयोजन समिति द्वारा मां दुजार्गीन और चेंड़ी की पूजा करने की पुरानी परंपरा आज भी बरकरार है।

### पलामू के तत्कालीन आदिवासी प्रेमी डीसी ने की थी मेला को भव्य बनाने की कोशिश

वर्ष 1965 ई में पलामू जिला के तत्कालीन आदिवासी प्रेमी उपायुक्त सुरेश सिंह ने सार्थक पहल कर पलामू किला के ऐतिहासिक मेले को भव्य रूप देने की पूरी कोशिश की थी। साथ ही मेले को सरकारी दर्जा दिलाने का आश्वासन दिया था। पर बाद में किसी अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने इस पर सार्थक पहल करना मुनासिब नहीं समझा। इससे आदिवासी समुदाय में संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के प्रति घोर नाराजगी और असंतोष अबतक व्याप्त है। हालांकि समय-समय पर संबंधित जनप्रतिनिधि मेले को सरकारी दर्जा दिलाने का आदिवासियों को आश्वासन तो देते हैं। पर उनके आश्वासन अबतक सिर्फ और सिर्फ कोरा बकवास ही साबित हुए हैं।

## सही किसानों तक नहीं पहुंच रही योजनाएं

# भूमिहीनों को भी मिले केसीसी, ये हैं अन्नदाताओं के मुद्दे



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है। वैसे-वैसे नेता जनसंपर्क अभियान को तेज रहे है। वहीं, जनता के सवाल भी नेताओं से बढ़ते जा रहे हैं। इसी कड़ी में छतरपुर विधानसभा के किसानों से बातचीत की। इस दौरान किसानों ने सीधे सरकार के कामकाज पर सवाल उठाए। छतरपुर विधानसभा अंतर्गत लामी पतरा गांव के किसान सुरेश सिंह ने बताया कि यहां के किसानों को अतिवृष्टि और अन्नवृष्टि से काफी नुकसान होता है। पिछले पांच साल में हेमंत सरकार ने किसानों के हित में कोई खास काम नहीं किए। जो काम हुए उसका लाभ सही किसानों को नहीं मिला। वहीं केंद्र सरकार द्वारा लाई गई योजनाएं भी सही किसानों को नहीं मिल रही है। भ्रष्टाचार के कारण किसान योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। सरकार को चाहिए की एक टीम बनाकर योजनाओं का मूल्यांकन करे। ताकि सही किसानों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

### सादाबह नदी पर बने डैम

स्थानीय किसान ओमकार नाथ ने कहा कि वो पिछले 20 वर्षों से खेती कर रहे हैं। यहां हर दो साल में अकाल पड़ता है। जिस कारण किसान के लिए भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसके लिए सरकार को सबसे पहले सिंचाई की सुविधा करनी चाहिए। सादाबह नदी पर डैम बन जायेगा तो 50 हजार आबादी को इसका लाभ मिलेगा। वहीं किसान साल में तीन बार खेती कर सकेंगे। इसके अलावा पशुआलन कर रहे किसानों को दूध का सही दर नहीं मिल पाता है। इसके लिए सरकार दूध का रेट फिक्स करे. उचित रेट नहीं मिलेगा तो किसानों को लाभ के बजाए नुकसान ही होगा।

### भूमिहीनों को मिले केसीसी का लाभ

इसके अलावा किसान राज्य सरकार के काम से वो बेहद नाखुश दिखे। उन्होंने कहा कि यहां भ्रष्टाचार इतना चरम पर है कि दाखिल खारिज कराने के लिए भी मोटी रकम की मांग की जाती है। कृषि ऋण माफी योजना में सब्सिडी बढ़ानी चाहिए। वहीं, ओमकार नाथ ने बताया कि वे 20 साल से खेती कर रहे हैं। दो साल तीन साल पर अकाल पड़ रहा है। सरकार सिंचाई के लिए व्यवथा करे। हर 2-3 साल में अकाल पड़ जाता है। सदबाह नदी पर डैम बना दे तो एक साल में तीन फसल ले सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि धान या गेहूं की खेती करते है तो सही रेट नहीं मिलता है। ऐसे में सरकार राइस मिल बैठाना चाहिए। प्रोसेसिंग प्लांट बैठा दे तो अच्छा मुनाफा मिल सकता है। इससे रोजगार का साधन भी बढ़ेगा और समृद्धि आएगी। भूमिहीन किसानों को भी केसीसी का लाभ मिलना चाहिए।

### आज कल




## पेज एक के शेष

**सीएम के निजी...**

वह पहले सरकारी विभाग में इंजीनियर थे। बाद में उन्होंने नौकरी छोड़ दी और हेमंत सोरेन के सहयोगी के तौर पर काम करने लगे। वह झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति के सदस्य और पार्टी के स्टार प्रचारक भी हैं। इसके पहले आयकर विभाग ने विधानसभा चुनाव में हवाला के सहारे पैसों की लेनदेन की सूचना पर बीते 26 अक्टूबर को रांची, जमशेदपुर,गिरिडीह और कोलकाता में 35 व्यापारिक और औद्योगिक ठिकानों पर दो दिनों तक छापेमारी की थी। इन कारोबारियों के ठिकाने से 150 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति और निवेश से संबंधित दस्तावेज जब्त किये थे। आयकर विभाग ने छापेमारी के दौरान मिली नकद राशि का व्यापारियों के बुक्स ऑफ एकाउंट से मिलान करने के बाद 70 लाख रुपये जब्त कर बैंक में जमा करा दिया था।

**भ्रष्टाचारियों को लटकाकर...**

इंदिरा और राजीव ने मंडल कमीशन का विरोध किया : शाह ने कहा कि ये कांग्रेस पार्टी ओबीसी विरोधी पार्टी है। जब जब शासन में आया पिछड़ा वर्ग का विरोध करने का काम किया और पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय करने का काम किया। काका साहेब कालेलकर कमीशन 1950 में बना और 1950 में बनने के बाद इसकी रिपोर्ट गायब हो गई। मंडल कमीशन भी पिछड़ों को आरक्षण देने के लिए बना। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने मंडल कमीशन का विरोध किया। केंद्रीय संस्थानों में ओबीसी को पिछड़ा वर्ग 27 प्रतिशत आरक्षण देने में उन्होंने सालों लगा दिए।

मोदी ने ओबीसी को सभी नौरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण दिया : 2014 में आपने नरेन्द्र मोदी सरकार बनाई। मोदी ने केंद्र की सभी परीक्षाओंमें, और सभी नौकरियों में पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया। भाजपा की मोदी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया। आयोग को संवैधानिक दर्जा देने काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण और संविधान की बात करती है लेकिन हमारे संविधान में कहीं भी धर्म के नाम पर आरक्षण का स्थान नहीं है। कोई भी धर्म विशेष को कभी आरक्षण नहीं दे सकते। कांग्रेस पार्टी को अभी महाराष्ट्र में कोई उलेमाहों के समूह ने ज्ञापन दिया कि 10 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को दिया जायेगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम इसमें आपकी मदद करेंगे। कांग्रेस बताए 10 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को देंगे तो काटेंगे किसका : मैं पूछने आया हूं कि मुस्लमानों को 10 प्रतिशत आरक्षण मिलता है तो कम किसका होगा। ये कांग्रेस पार्टी पिछड़ा वर्ग, दलित, आदिवासी का आरक्षण काटकर मुसलमानों को देना चाहती है। मैं राहुल गांधी को चेताना चाहता हूं कि आपके मन में जो भी षडयंत्र हो, जब तक भाजपा है देश में मुस्लमानों को आरक्षण नहीं मिलेगा। पिछड़ा वर्ग, दलित और आदिवासी को आरक्षण बाबा साहेब अंबेडकर ने दिया है। हम इसका अपमान नहीं होने देंगे। दस वर्ष में झारखंड 03 लाख 90 हजार करोड़ दिया : शाह ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हर मंच पर केन्द्र सरकार से अपने बकाये 01 लाख 36 हजार करोड़ रुपये की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 तक जेएमएम और कांग्रेस की सरकार केन्द्र में ही तो थी। इस दौरान झारखंड को केंद्र की यूपीए सरकार ने 84 हजार करोड़ रुपये दिए थे जबकि 2014 से 2024 तक देश की नरेन्द्र मोदी सरकार ने 03 लाख 90 हजार करोड़ दिए हैं। शाह ने कहा कि मोदी ने तो झारखंड को बहुत कुछ दिया। हम हेमंत सोरेन से हिसाब मांगते हैं कि झारखंड के विकास के लिए उन्होंने क्या किया।

**सरकार बनते ही...**

वहीं मांडर के बुढ़ा खुखरा मैदान में हेमंत सोरेन ने कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पा नेहा तिर्की के समर्थन में भाजपा पर जमकर बरसे। कहा, हमें झारखंड विरोधी भाजपा से सतर्क रहना है। वे बहरूपिया बन कर सिर्फ समाज को तोड़ने का प्रयास करते हैं। राज्य में सबसे ज्यादा समय तक शासन करने वाली भाजपा ने नियुक्तियों की राह में जो अड़चनें पैदा की थी, वो भी दूर कर लिया गया है। महंगाई पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भूख से मौत होती थी। हमने कोरोना महामारी में मजदूरों को सकुशल घर लाया और स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराया। सभा को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, सांसद सुखदेव भगत, शिल्पी नेहा तिर्की सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

**भाजपा ने पिछड़ों का आरक्षण घटाया...**

क्या यह बताना चाह रहे थे कि बड़कागांव के स्थानीय लोगों के घरों पर बुलडोजर चलेगा। नहीं योगी जी यह यूपी नहीं झारखंड है, यहां बुलडोजर नहीं, यहां महागठबंधन की विकास की गाड़ी चलेगी। हजारीबाग के बाद गुमला और फिर रांची में भी कल्पना इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करती रहीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के मुख्यमंत्री ने ओबीसी का का आरक्षण घटाया था। हमने ओबीसी आरक्षण बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया।

**प्रधानमंत्री गरीबों के नहीं वह अंबानी-अडाणी के : राहुल गांधी...**

14 प्रतिशत दलित, 8 प्रतिशत दलित और 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं लेकिन देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों के मैनेजमेंट में आपको आदिवासी या दलित वर्ग का कोई भी व्यक्ति नहीं मिलेगा। राहुल ने पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के गांधी मैदान में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक यात्रा निकाली थी। एक ही मैसेज था कि हिंदुस्तान को जोड़ना है और सबको एक साथ आगे लेकर चलना है। हमने नारा दिया था, नफरत के बाजार में हम मोहब्बत की दुकान खोलेंगे जबकि नरेन्द्र मोदी हिंदुस्तान को बांटते हैं। एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाते हैं। एक जात को दूसरे जात से लड़ाते हैं। एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाते हैं।

**सियासत : क्या झारखंड...**

यह भी उल्लेखनीय है कि गोमिया विधानसभा सीट से माधवलाल सिंह ने 1985, 1990 और 2000 में लगातार तीन बार निर्दलीय विधायक के रूप में जीत दर्ज की, और एनई होरो ने कोलेबिरा और तोरपा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर राज्य की राजनीति में अलग छाप छोड़ी। इतिहास की ओर दृष्टि डालें, तो 1967 का साल निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए सबसे स्वर्णिम था, जब 16 निर्दलीय विधायक विधानसभा पहुंचे थे। इसी तरह, 1969 में 14 और 1977 में 10 निर्दलीय विधायक चुने गए, जो कि राज्य की राजनीति में इनकी गहरी पैठ और जनता के बीच प्रभाव का परिचायक है। 2014 में जनता द्वारा निर्दलीय उम्मीदवारों को खारिज करने के बावजूद, वर्तमान में पाला बदलने की होड़ और निर्दलीय प्रत्याशियों की संभावनाएँ दर्शाती हैं कि शायद एक बार फिर जनता निर्दलीय उम्मीदवारों पर विचार कर सकती है। 2024 के चुनावी परिणाम यह तय करेंगे कि झारखंड की राजनीति में निर्दलीय विधायकों का युग फिर लौटता है या नहीं।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## क्वेटा रेलवे स्टेशन पर आत्मघाती विस्फोट, 24 की मौत, 46 घायल



**क्वेटा।** क्वेटा रेलवे स्टेशन पर एक आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 24 लोग मारे गए और 46 घायल हो गए। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में पिछले एक साल में आतंकवाद से जुड़ी घटनाओं में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई। यह घटना बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में लड़कियों के स्कूल और अस्पताल के पास हुए बम विस्फोट के एक हफ्ते बाद हुई, जिसमें पांच बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी। द डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक क्वेटा डिविजनल कमिश्नर हमजा शफकत ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि यह घटना एक आत्मघाती विस्फोट थी। रिपोर्ट के मुताबिक प्रतिबंधित उग्रवादी समूह बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने विस्फोट की जिम्मेदारी ली है।

## क्या ईरान ने रची डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश, किया इंकार

**तेहरान।** ईरान ने उन मीडिया रिपोट्स को 'पूरी तरह निराधार' बताकर खारिज कर दिया जिनमें दावा किया गया था कि तेहरान ने डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश रची थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इन खबरों को इजरायल की साजिश बताया। इस्माइल बाघई हमानेह ने शनिवार को कहा कि मौजूदा दौर में इस तरह के दावों को दोहराना ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच मुद्दों को और अधिक जटिल बनाने की एक 'घृणित साजिश' है।

## मोदी 13 नवंबर को दरभंगा एम्स का करेंगे भूमि पूजन

**दरभंगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 नवंबर को बिहार के दरभंगा आएंगे और प्रस्तावित एम्स का शिलान्यास करेंगे। शोभन स्थित एम्स निर्माण स्थल पर इसके लिए जोर-शोर से तैयारी चल रही है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर शोभन में नेताओं और बिहार सरकार के अधिकारियों के दौरे शुरू हो गए हैं। राज्यसभा सांसद संजय झा, बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया।

## देश में पहली बार आंध्र प्रदेश से सी-प्लेन लॉन्च

**1500 फुट** ऊंचाई पर आसानी से उड़ता है सी-प्लेन

**3-4 महीने** में सेवाएं आंध्र प्रदेश में उपलब्ध होंगी

सी-प्लेन की सेवा आम आदमी के लिए भी उपयोगी रहेगी

सीएम चंद्रबाबू और राममोहन नायडू ने भरी पहली उड़ान

एजेंसी



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू और केंद्र एवं राज्य सरकार के कई अधिकारियों ने शनिवार को विजयवाड़ा से श्रीशैलम तक सी-प्लेन से उड़ान भरी। इसके पहले विजयवाड़ा में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय और राज्य पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू ने कहा कि देश में पहली बार आंध्र प्रदेश से सी-प्लेन लॉन्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश सरकार ने सी-प्लेन सेवाओं के लिए आवश्यक तैयारी पूरी कर ली है। विजयवाड़ा और श्रीशैलम के बीच सी-प्लेन का ट्रायल रन बिना यात्री के पहले ही सफल हो चुका है। आज इसका ट्रायल रन यात्रियों के साथ हो रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ दिशा-निदेर्शों में बदलाव कर इस सेवा को आम आदमी के लिए भी उपयोगी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा कि हवाई अड्डे के निर्माण के लिए कम से कम 500 एकड़ भूमि चाहिए लेकिन सी-प्लेन के लिए वाटर एरोड्रम के सहयोग से उड़ान भरने में ज्यादा जमीन की जरूरत नहीं होती है। अगर राज्यों के पर्यटन विभाग सहयोग करते हैं तो इस क्षेत्र का विकास और तेजी के साथ होगा। उन्होंने कहा कि विजयवाड़ा-श्रीशैलम के साथ-साथ विजयवाड़ा-नागार्जुन सागर और विजयवाड़ा-हैदराबाद मार्गों के लिए भी तैयारी हो चुकी है। तटीय क्षेत्र में राजधानी अमरावती को जोड़ने के लिए और अधिक पर्यटन केंद्र विकसित किए जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा कि ये सेवाएं अगले 3-4 महीनों में आंध्र प्रदेश में उपलब्ध होंगी। आम लोगों के लिए समुद्री विमान यात्रा सस्ती होगी। आंध्र प्रदेश में चार मार्गों पर सी-प्लेन चलाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। सी-प्लेन धरती की सतह से 1500 फुट ऊंचाई पर उड़ता है जबकि हवाई जहाज आमतौर पर जमीन से 15-20 हजार फुट की ऊंचाई पर उड़ते हैं।

## जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा : सुधांशु त्रिपाठी

### पाकिस्तान ऐसे झूठ से बचे क्योंकि इससे तथ्य नहीं बदलेंगे

एजेंसी



**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र में सीनियर बीजेपी सुधांशु त्रिवेदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बना रहेगा। दरअसल इससे पहले संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों पर चर्चा के दौरान, पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने कश्मीर का जिक्र किया था। पाकिस्तानी प्रतिनिधी ने कहा कि यूएन शांति सैनिकों के साथ पाकिस्तान की भागीदारी तब शुरू हुई जब संयुक्त राष्ट्र ने 1948 में जम्मू और कश्मीर के विवादित क्षेत्र में शांति सैनिक तैनात किए। त्रिवेदी ने इसे 'गैरजरूरी' उल्लेख बताते हुए कहा कि पाकिस्तान ने 'एक बार फिर इस प्रतिष्ठित संस्था को अपने एजेंडे से भटकाने का प्रयास किया।' अपने आरओआर (उत्तर देने के अधिकार) का इस्तेमाल करते हुए राज्यसभा सांसद ने कहा, जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा।

उन्होंने क्षेत्र में हाल ही में किए गए लोकतांत्रिक कार्यों का जिक्र किया। त्रिवेदी ने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोगों ने हाल ही में अपने लोकतांत्रिक और चुनावी अधिकार का इस्तेमाल किया है और एक नई सरकार चुनी है। पाकिस्तान को इस तरह की बयानबाजी और झूठ से बचना चाहिए क्योंकि इससे तथ्य नहीं बदलेंगे। मामले को आगे न खींचते हुए और चर्चा के विषय से दूर न जाते हुए, त्रिवेदी ने कहा, इस मंच के अन्य सदस्यों के सम्मान के लिए, भारत संयुक्त राष्ट्र प्रक्रियाओं का गलत इस्तेमाल करने के पाकिस्तान के किसी भी प्रयास का जवाब देने से परहेज करेगा।

### रतन टाटा को पीएम मोदी ने किया याद, बोले-

## उन्होंने नेशन फर्स्ट की भावना को रखा सर्वोपरि



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के निधन को एक महीना हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनको याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने रतन टाटा को लेकर एक लेख लिखा, जिसमें उन्होंने अपने व्यक्तिगत संबंध और रतन टाटा के नेशन फर्स्ट भावना के साथ काम करने के तरीकों की तारीफ की और युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनाया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्योगपति रतन टाटा को याद करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'रतन टाटा को अंतिम विदाई दिए हुए करीब एक महीना बीत चुका है। भारतीय उद्योग जगत में उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा और यह सभी देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। **उनके असाधारण जीवन और अतुलनीय योगदान को समर्पित मेरा यह आलेख :** रतन टाटा को लेकर लिखे लेख में पीएम मोदी ने अपने व्यक्तिगत संबंध के बारे में बताया। उन्होंने लिखा, 'व्यक्तिगत तौर पर, मुझे पिछले कुछ दशकों में उन्हें बेहद करीब से जानने का सौभाग्य मिला। हमने गुजरात में साथ मिलकर काम किया। वहां उनकी कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर निवेश किया गया। इनमें कई ऐसी परियोजनाएं भी शामिल थीं, जिसे लेकर वे बेहद भावुक थे। जब मैं केन्द्र सरकार में आया, तो हमारी घनिष्ठ बातचीत जारी रही और वो हमारे राष्ट्र-निर्माण के प्रयासों में एक प्रतिबद्ध भागीदार बने रहे।

## कनाडा ने दिया भारत समेत 14 देशों के छात्रों को झटका

- ट्रूडो सरकार ने बंद किया लोकप्रिय स्टूडेंट वीजा प्रोग्राम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कनाडा ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम (एसडीएस) वीजा प्रोग्राम को बंद कर दिया। इमिग्रेशन, रिफ्यूजी, और सिटिजनशिप कनाडा (आईआरसीसी) ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए स्टडी परमिट आवेदनों में तेजी लाने के लिए 2018 में यह वीजा कार्यक्रम लागू किया था। इस क्रार्यक्रम को ब्राजील, चीन, कोलंबिया, कोस्टा रिका, भारत, मोरक्को, पाकिस्तान, पेरू, फिलीपींस और वियतनाम सहित 14 देशों के छात्रों के लिए लागू किया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक कनाडा सरकार ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि इस पहल को 'सभी छात्रों को आवेदन प्रक्रिया में समान और निष्पक्ष पहुंच प्रदान करने' के लिए बंद किया जा रहा है। इस स्कीम के तहत 8 नवंबर को दोपहर 2 बजे तक प्राप्त आवेदनों पर ही कार्रवाई की जाएगी, जबकि इसके बाद सभी आवेदनों पर रेगुलर स्टडी परमिट स्ट्रीम के तहत कार्रवाई की जाएगी। एसडीएस में अप्रूवल रेट अधिक थी और प्रोसेसिंग टाइम भी तेज था। इस प्रोग्राम के बंद होने से भारत और 13 अन्य देशों के छात्रों को अधिक लंबी वीजा प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा। कनाडा कई वर्षों में पहली बार देश में आने वाले आप्रवासियों की संख्या में भारी कमी करने पर विचार कर रहा है।

## कतर ने हमास को देश से बाहर निकल जाने का थमाया नोटिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के अनुरोध पर कतर ने हमास को अपने देश से बाहर निकालने की तैयारी कर ली है। इजरायल-हमास युद्ध को रोकने की कोशिशों के बाद अमेरिकी अधिकारियों ने कतरी समकक्षों को लगभग दो सप्ताह पहले सूचित किया कि उन्हें अपनी राजधानी में हमास को शरण देना बंद करना चाहिए, कतर ने सहमति व्यक्त की और लगभग एक सप्ताह पहले हमास को नोटिस थमा दिया।

# एजुकेशन/करियर

**नामांकन प्रक्रिया :** शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश योग्यता के आधार पर किया जाएगा। सीवी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी ऑल इंडिया एंट्रेंस टेस्ट , जेईई मैंन,ओजेईई ,सीएटी,एमएटी,एक्सएटी , और एटीएमए के माध्यम से तकनीकी या व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए छात्रों को प्रवेश देगा।



### ये प्रोगाम चलाये जाते
- कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
- इलेक्ट्रॉनिक और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग
- केमिकल इंजीनियरिंग
- मैकेनिकल इंजीनियरिंग
- मरीन इंजीनियरिंग

### डिप्लोमा
- सिविल इंजीनियरिंग
- कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग
- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
- इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग
- मैकेनिकल इंजीनियरिंग
- मेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग

### होटल मैनेजमेंट
- बीएससी हॉस्पिटैलिटी और होटल एडमिनिस्ट्रेशन में
- पीजी आवास संचालन और प्रबंधन में डिप्लोमा
- खाद्य-उत्पादन में डिप्लोमा
- खाद्य और पेय सेवा में डिप्लोमा
- डिप्लोमा इन फ्रंट - ऑफिस ऑपरेशन
- हाउस कीपिंग में डिप्लोमा
- हुनर से रोजगार तक

## सीवी रमण ग्लोबल यूनिवर्सिटी में चलते है कई अलग-अलग प्रोग्राम

सीवी रमण ग्लोबल यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर बिहार-झारखण्ड ओड़िसा , बंगाल और देश के विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों के लिए एक पसंदीदा शैक्षणिक संस्थान है। सीवी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर, ओडिशा, भारत में स्थित एक इंजीनियरिंग और प्रबंधन संस्थान है। इसकी स्थापना 1997 में सीवी के रूप में हुई थी। संजीब कुमार राउत द्वारा रमन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग सीवी रमन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस संस्थान नेशनल बोर्ड ऑफ़ एक्रेडिशन (एनबीए) द्वारा मान्यता प्राप्त है और आईएसओ 9001: 2000 गुणवत्ता के लिए प्रमाणित है। संस्थान को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिशन कॉउन्सिल द्वारा "ए" दर्जा दिया गया है और यह बीजू पटनायक प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से संबद्ध है। 29 फरवरी 2020 को, कॉलेज को विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया और इसका नाम बदलकर सीवी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी कर दिया गया। कॉलेज में चार वर्षीय बी.टेक डिग्री प्रोग्राम और दो वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री एम.टेक कार्यक्रम प्रदान करता है। यह ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) द्वारा मान्यता प्राप्त है और लेटरल एंट्री स्कीम के तहत डिप्लोमा धारकों के लिए मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन में तीन साल का डिग्री प्रोग्राम, एमबीए में दो साल की मास्टर डिग्री और तीन साल की बीटेक डिग्री भी प्रदान करता है। और बीजू पटनायक प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तहत संबद्ध। यह उड़ीसा स्टेट काउंसिल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड वोकेशनल ट्रेनिंग के तहत विभिन्न विषयों में इंजीनियरिंग में तीन साल का डिप्लोमा भी प्रदान करता है।

### कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में बहुत सारे स्पेशलाइज्ड प्रोग्राम उपलब्ध

- बीटेक इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग
- बीटेक इन कंप्यूटर इंजीनियरिंग
- बीटेक इन कंप्यूटर साइंस एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी
- बीटेक इन कंप्यूटर साइंस- सिस्टम इंजीनियरिंग /क्लाउड कंप्यूटिंग
- बीटेक इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग - डाटा साइंस एंड वेब टेक्नोलॉजी
- बीटेक इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग - इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स
- बीटेक इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग - आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग
- ब टेक इन कंप्यूटर साइंस- सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग एंड साइबर सिक्योरिटी इन्क्लूडिंग ब्लॉक चैन टेक्नोलॉजी / रोबोटिक्स एंड आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस
- बीटेक इन आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साइंस
- एमटेक प्रोगाम के लिए एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया
- 60% के साथ स्नातक की डिग्री + गेट स्कोर
- यहा निम्न एमएससी प्रोगाम चलाये जाते हैं
- रसायन विज्ञान
- भौतिक विज्ञान
- एप्लाइड मैथमेटिक्स और कम्प्यूटिंग एमएससी
- रसायन विज्ञान
- भौतिक विज्ञान
- एप्लाइड मैथमेटिक्स और कम्प्यूटिंग
- एमएससी प्रोगाम के लिए एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया

60% के साथ स्नातक की डिग्री +सीजीईटी स्कोर